नई दिल्ली
शनिवार, 13 जनवरी 2024
पौष मास शुक्ल पक्ष, द्वितीया वर्ष : 27, अंक : 279
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 26
न्यून. 13

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

लोहड़ी की शुभकामनाएं



## सीएम डॉ. यादव ने की घोषणा

# बाबा महाकाल की नगरी से अयोध्या भेजे जाएंगे 5 लाख लड्डू

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में मप्र सरकार महाकाल मंदिर में मिलने वाले शुद्ध घी के पांच लाख लड्डू अयोध्या भेजने जा रहा है।


शुक्रवार को इसकी घोषणा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने की। उन्होंने मीडिया से कहा कि अयोध्या में भगवान राम मंदिर के गर्भ गृह में प्राण-प्रतिष्ठा का अवसर गर्व का विषय है। मप्र इस क्षण को कैसे भूल सकता है। बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन से 5 लाख लड्डू अयोध्या भेजे जाएंगे। उन्होंने जनप्रतिनिधियों व आम लोगों से आग्रह किया कि 22 जनवरी के पश्चात अयोध्या जाएं। ⏩ शेष पेज 5 पर

**सीएम ने कहा-** प्रधानमंत्री के 22 जनवरी के बाद अयोध्या जाने के निर्देश का करेंगे पालन

**इंदौर** के सातवीं बार देश का स्वच्छतम नगर चुने जाने की उपलब्धि के लिए बधाई दी

### मुख्यमंत्री आज शहडोल में आयोजित कार्यक्रम में होंगे शामिल

डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में 10 से 15 जनवरी तक मकर संक्रांति पर्व घोषित किया गया है। इस क्रम में महिला सशक्तिकरण गतिविधियों के साथ विभिन्न कार्यक्रम होंगे। इसी तरह 13 जनवरी को शहडोल में जनजाति वर्ग के भाई-बहनों के साथ कार्यक्रम और 14 एवं 15 जनवरी को विभिन्न भारतीय खेलों और पतंगबाजी के कार्यक्रम प्रदेश में होंगे।




सीएम स्वामी विवेकानंद जयंती पर राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में सुभाष शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शिवाजी नगर भोपाल में सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में शामिल हुए

## भारत सारे विश्व में अपनी गरिमा बढ़ाने में सफल रहा

योग दिवस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत पूरे विश्व में अपनी गरिमा बढ़ाने में सफल रहा है। प्रधानमंत्री का जीवन देशवासियों को प्रेरित कर रहा है। वे अपने निर्णयों से रोमांचित करते हैं। युवा हो या बुजुर्ग सभी वर्गों से आसानी से जुड़ जाते हैं। उनके नेतृत्व में भारत रक्षा के क्षेत्र में, खेल के क्षेत्र में और अन्य क्षेत्रों में निरंतर आगे बढ़ रहा है। भारत सर्वाधिक युवाओं वाले देशों में से एक है। स्वामी विवेकानंद ने भारतीय संस्कृति और सनातन के महत्व को विश्व में स्थापित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव स्वामी विवेकानंद जयंती पर राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में सुभाष शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शिवाजी नगर भोपाल में सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने विश्व के समक्ष भारत की विशेषताओं को उजागर किया। सामूहिक सूर्य नमस्कार के अवसर पर मप्र गान प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा श्रीमती रश्मि अरुण शमी और आयुक्त श्रीमती अनुभा श्रीवास्तव भी उपस्थित थीं।



सूर्य नमस्कार करते सीएम डॉ. यादव







### भारतीय तट रक्षक बल ने 12 मछुआरों को बचाया

**कोच्चि।** भारतीय तटरक्षक बल ने यहां कोच्चि की एक नौका को डूबने से बचाया जिसमें 12 मछुआरे सवार थे। नौका का निचला हिस्सा पानी के भीतर क्षतिग्रस्त हो गया था और इसके भीतर बेतहाशा पानी भर गया था। कहा गया है कि 11 जनवरी को कोच्चि के पास मुनंबम बंदरगाह से रवाना हुई नौका 'संजू' में पानी घुस गया था, जिसके बाद वे सहायता की गुहार लगा रहे थे। बचाव के लिए संकटकालीन कॉल की गई। तटरक्षक बल ने नाव को पोन्नानी तट से लगभग 22 मील दूर से सफलतापूर्वक बचा लिया। टीम ने डीजल चालित और पानी के भीतर डूबने वाले पंपों की मदद से नौका में घुसे पानी को निकालने का प्रयास शुरू किया। 12 घंटे अथक परिश्रम के बाद सुरक्षित निकाला।



**युवाओं से किया आव्हान :** श्री राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा से पहले विभिन्न मंदिरों में सफाई करें

# नासिक धाम से पीएम मोदी ने शुरू किया 11 दिन का विशेष अनुष्ठान, झाड़ू-पोंछा लेकर की मंदिर में सफाई

पीएम मोदी ने देश को अपने साथ जुड़ने के लिए कहा और लोगों का आशीर्वाद मांगा तथा उनसे अपने भाव उनके साथ साझा करने को कहा

एजेंसी ⏭ नासिक

शुक्रवार को नासिक धाम पंचवटी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 22 जनवरी को अयोध्या में बन रहे राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए 11 दिवसीय विशेष अनुष्ठान की शुरुआत की। इससे पहले पीएम मोदी ने नासिक में गोदावरी के गोदावरी के तट पर श्री कला राम मंदिर के दर्शन किए और पूजा अर्चना की। श्री कला राम मंदिर पंचवटी क्षेत्र में स्थित है।

रामायण से जुड़े स्थानों में पंचवटी एक विशेष स्थान है और यहां रामायण की कई महत्वपूर्ण घटनाएं भी घटित हुई हैं। पीएम मोदी जब नासिक के कालाराम मंदिर गए तो वो भगवान के दर्शन करने के बाद वे बाल्टी और पोछा लेकर निकल पड़े। पीएम खुद मंदिर में पोंछा लगाते दिखे। पीएम राष्ट्रीय युवा महोत्सव का उद्घाटन करने के बाद लोगों से अपील की कि वे राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से पहले विभिन्न मंदिरों में सफाई करें। बताया जाता है कि इस मंदिर के लिए बाबा साहेब आंबेडकर ने आंदोलन किया था।

पीएम ने कहा कि जब ईश्वर रूपी जनता शब्दों में अपनी भावनाएं प्रकट करती है, आशीर्वाद देती है, तो मुझमें भी नई ऊर्जा का संचार होता है। आज, मुझे आपके आशीर्वाद की आवश्यकता है।

### भगवान राम ने यहां की थी अपनी कुटिया स्थापित

कालाराम मंदिर नासिक शहर के गोदावरी के तट पर पंचवटी क्षेत्र में स्थित है। ऐसा माना जाता है कि यह मंदिर उस स्थान पर स्थित है जहां भगवान राम अज्ञातवास के दौरान रहे थे। इसे 1782 में सरदार रंगराव ओढेकर ने एक पुराने लकड़ी के मंदिर के स्थान पर बनवाया था। ऐसा कहा जाता है कि यह कार्य बारह वर्षों तक चला, जिसमें प्रतिदिन 2000 व्यक्तियों को रोजगार मिलता था। मंदिर में भगवान राम, सीता, लक्ष्मण की खड़ी प्रतिमाएं ⏩ शेष पेज 5 पर

### ◆ मकर संक्रांति से शुरु होगा देश के सभी मंदिरों में स्वच्छता का 'बड़ा अभियान'

पूजा 1



साफ-सफाई 2



उद्घाटन 3



पीएम मोदी ने 'एक्स' पर कहा

### प्रभु ने मुझे प्राण-प्रतिष्ठा में सभी भारतवासियों का प्रतिनिधित्व करने का निमित्त बनाया

पीएम मोदी ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर एक वीडियो संदेश में कहा कि अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में केवल 11 दिन ही बचे हैं। मेरा सौभाग्य है कि मैं भी इस पुण्य अवसर का साक्षी बनूंगा। प्रभु ने मुझे प्राण-प्रतिष्ठा के दौरान, सभी भारतवासियों का प्रतिनिधित्व करने का निमित्त बनाया है। इसे ध्यान में रखते हुए मैं शुक्रवार से 11 दिन का विशेष अनुष्ठान आरंभ कर रहा हूं। मैं आप सभी जनता-जनार्दन से आशीर्वाद का आकांक्षी हूं। इस समय, अपनी भावनाओं को शब्दों में कह पाना बहुत मुश्किल है, लेकिन मैंने अपनी तरफ से एक प्रयास किया है। पीएम मोदी ने देश को अपने साथ जुड़ने के लिए कहा और लोगों का आशीर्वाद मांगा तथा उनसे अपने भाव उनके साथ साझा करने को कहा। उन्होंने कहा कि हम सब इस सत्य को जानते हैं कि ईश्वर निराकार है। लेकिन ईश्वर, साकार रूप में भी हमारी आध्यात्मिक यात्रा को बल देते ⏩ शेष पेज 5 पर

भारत को मिला सबसे लंबा समुद्री पुल, पीएम मोदी ने किया उद्घाटन

### मुंबई से नवी मुंबई बस 20 मिनट की दूरी पर

प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को महाराष्ट्र में 30,500 करोड़ रुपए से अधिक की विकास परियोजनाओं की शुरुआत करते हुए मुंबई ट्रांस-हार्बर लिंक (एमटीएचएल) का उद्घाटन किया, जिसे अब 'अटल बिहारी वाजपेयी सेवरी-न्हावा शेवा अटल सेतु' नाम दिया गया है। 17,840 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से इसका निर्माण किया गया है। दुनिया का 12वां सबसे लंबा पुल है। यह ⏩ शेष पेज 5 पर

**पुंछ में सुरक्षाबलों का सर्च ऑपरेशन जारी**

### कैंप जा रहे जवानों के काफिले पर आतंकियों ने की फायरिंग



एजेंसी ⏭ जम्मू

जम्मू-कश्मीर के पुंछ सेक्टर के कृष्णाघाटी इलाके में शुक्रवार को आतंकियों ने सुरक्षाबलों के काफिले पर फायरिंग की। इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। सुरक्षाबलों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पूरे जंगल को घेर लिया है और सावधानी से सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस की ओर से संयुक्त तलाशी अभियान जारी है। ⏩ शेष पेज 5 पर

**सरकार ने उठाया सख्त कदम**

### तहरीक-ए-हुर्रियत और मुस्लिम लीग की संपत्ति जब्त करने का निर्देश

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर प्रशासन को पाकिस्तान परस्त अलगाववादी संगठन तहरीक-ए-हुर्रियत और मुस्लिम लीग (जम्मू-कश्मीर) की सभी संपत्तियों को जब्त करने का निर्देश दिया है। साथ ही उनके बैंक खाते और वित्तीय लेनदेन को भी फ्रीज किया जाएगा। सरकार ने हाल में दोनों संगठनों को प्रतिबंधित किया था। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने दो अधिसूचनाएं जारी कर मुस्लिम लीग (मसरत आलम गुट) ⏩ शेष पेज 5 पर



**विहिप की पहल : देश भर के इन लोगों के लिए अयोध्या मंदिर का एक निर्देशित दौरा होगा आयोजित**

### राम मंदिर निर्माण में योगदान देने वालों को 44 विशेष ट्रेनों से 27 जनवरी से 22 फरवरी तक श्री रामलला के करवाए जाएंगे दर्शन



तीर्थयात्रियों के आने पर उनके आवास, भोजन और दर्शन की व्यवस्था विहिप ही कराएगी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

जिन लोगों ने राम मंदिर निर्माण के लिए विभिन्न तरीके से योगदान दिया है, विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने देश भर के इन लोगों के लिए अयोध्या मंदिर का एक निर्देशित दौरा आयोजित करने के लिए योजना तैयार की है। विहिप यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है कि राम मंदिर के उद्घाटन के बाद भी 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) के एक लाख से अधिक लोग राम मंदिर के दर्शन के लिए 27 जनवरी से 22 फरवरी के बीच उत्तर प्रदेश के अयोध्या पहुंचने के लिए 44 विशेष ट्रेनों में सवार हों। एक लाख तीर्थयात्रियों में वे लोग शामिल होंगे जिन्होंने सालों से विभिन्न तरीकों से मंदिर निर्माण में योगदान दिया है, जिसमें अयोध्या राम जन्मभूमि अभियान में भाग लेने से लेकर मंदिर के लिए वित्तीय दान देना शामिल है। ⏩ शेष पेज 5 पर




### विहिप की यह जिम्मेदारी है

विहिप अध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि विहिप की यह जिम्मेदारी उन लोगों और उनके परिवारों के प्रति है जिन्होंने मंदिर निर्माण में बलिदान दिया है या कोई योगदान दिया है। इनमें कारसेवक शामिल हैं, जो रथयात्रा का हिस्सा थे, वे लोग जिन्होंने देश के विभिन्न हिस्सों में आंदोलन के समर्थन में समारोह आयोजित किए। साथ ही वो लोग जिन्होंने राम मंदिर निधि में महत्वपूर्ण वित्तीय योगदान दिया।



# मोहन गार्डन: फायरिंग में वांटेड एम जी सरकार गैंग का बदमाश गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

मोहन गार्डन फायरिंग केस में वांटेड 'एम.जी. सरकार' गिरोह का बदमाश क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। इसके पास से दो पिस्टल, पांच कारतूस और एक स्कूटी बरामद हुई। जांच में पता चला कि बदमाश मुस्ताक उर्फ साहिल पूर्व में आधा दर्जन आपराधिक मामलों में संलिप्त रहा है।

स्पेशल सीपी रविंद्र सिंह यादव के अनुसार बदमाश शिव विहार, विकास नगर, रनहौला का रहने वाला है। इसके खिलाफ आईपीसी की धारा 323/341/506/336/34 और 25/27 आर्म्स एक्ट के तहत मोहन गार्डन थाने में केस दर्ज था। यादव ने बताया कि 23-24 दिसंबर 2023 की मध्य रात्रि गांधी चौक के पास फायरिंग की घटना को अंजाम दिया गया था। आरोपी मुस्ताक ने शिकायतकर्ता पर कई राउंड फायर किए व मोहन गार्डन इलाके में कई लोगों के साथ मारपीट भी की थी। जांच के दौरान तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया था लेकिन मुस्ताक फरार चल रहा था। सहायक उप-निरीक्षक राम किशन को मुस्ताक के स्कूटी पर आर.के.पुरम इलाके में आने की सूचना मिली थी। फायरिंग के अलावा, उसने खुलासा किया कि उसकी प्रेमिका द्वारका में इवेंट मैनेजमेंट का बिजनेस करती है। 23 दिसंबर की शाम वह गांधी चौक के पास एक पार्टी में गई थी, जहां प्रतिद्वंद्वी नीरज माखन-नीरज टक्कर गिरोह के सदस्य भी मौजूद थे। पार्टी के दौरान उन्होंने मुस्ताक की प्रेमिका के साथ छेड़छाड़ की थी। पार्टी में मौजूद किसी व्यक्ति ने मुस्ताक को इस घटना की जानकारी दी थी जिसके बाद वह अपने साथियों अनिल उर्फ भाला, युवराज और दीपक के साथ मौके पर पहुंचा और प्रतिद्वंद्वियों पर कई राउंड फायर किए व उनके साथ मारपीट की थी। पुलिस का कहना है कि एम.जी. सरकार (मोनीश गैंग सरकार) गिरोह विकास नगर, मोहन गार्डन, विकास पुरी, उत्तम नगर, रनहौला के इलाकों में सक्रिय है व सट्टा संचालकों, शराब तस्करों और अवैध ड्रग सप्लायरों से प्रोटेक्शन मनी वसूलता है। वर्तमान में मुस्ताक और मोनीश मुख्य सदस्य के रूप में गिरोह का संचालन कर रहे हैं। मोनीश थाना रनहौला का हिस्ट्रीशीटर है और दिल्ली के अलग-अलग थानों के कई आपराधिक मामलों में संलिप्त रहा है। इस गिरोह की नीरज उर्फ माखन-विक्की टक्कर गिरोह से दुश्मनी है। वर्तमान में नीरज माखन और विक्की टक्कर तिहाड़ जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं और पंकज उर्फ पकिया जेल से उनके निर्देश पर गिरोह का संचालन कर रहा है। यह गिरोह नीरज बवानिया गिरोह की छत्रछाया में संचालित किया जा रहा है व उभरते अपराधियों को भर्ती कर क्षेत्र में आतंक पैदा करता है। एम.जी. सरकार गिरोह का यूट्यूब चैनल भी बताया जाता है।




# संगम विहार : डेटिंग के बहाने लूटपाट करने वाले नाबालिग समेत तीन धरे




हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

संगम विहार पुलिस न डेटिंग के बहाने बुलाकर लूटपाट करने वाले एक नाबालिग समेत तीन आरोपियों को पकड़ लिया है। इनके नाम अभिषेक भड़ाना और अमन सिंह है। डीसीपी अंकित चौहान के अनुसार 8 जनवरी को संगम विहार थाने पर एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई। उसमें कॉलर को उसके दोस्त (पीड़ित) का फोन आया कि उसे कुछ लड़के पीट रहे हैं। इसके बाद उसने फोन काट दिया है।

उसके बाद से उसका मोबाइल फोन लगातार बंद आ रहा है। पीड़ित से किसी तरह संपर्क किया गया तो उसने बताया कि वह पेशे से हेयर ड्रेसर है। वह डेटिंग के लिए बने सोशल मीडिया ऐप पर एक लड़के के संपर्क में आया था। उसने उसे सुबह लगभग 11 बजे रतिया मार्ग, संगम विहार पर मिलने के लिए कहा। वह दोपहर करीब 12.30 बजे वहां पहुंचा। युवक उसे संगम विहार में अपने दोस्त के घर ले गया जब दोनों लड़के अंतरंग हो गए अचानक दो लोग वहां आए और उनकी वीडियो रिकॉर्डिंग शुरू कर दी। डेटिंग एप पर मिले युवक समेत सभी ने उसे पीटना शुरू कर दिया। उन्होंने उसका मोबाइल फोन भी छीन लिया और उसे फोन का पासवर्ड बताने के लिए मजबूर किया। बाद में पीड़ित के खाते से 75 हजार रुपये किसी अन्य खाते में ट्रांसफर कर दिए। पुलिस ने मामले के सभी उपलब्ध पहलुओं पर काम किया और तीनों आरोपी लोगों की पहचान कर ली गई। छापेमारी के बाद तीनों को पकड़ लिया गया। पुलिस की आम लोगों को सलाह है कि सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अपने संपर्क उन लोगों तक ही सीमित रखें जिन्हें आप वास्तव में जानते हैं। एक अज्ञात मित्र शत्रु हो सकता है, जैसे भेड़ के भेष में भेड़िया।

## मयूर विहारः गर्भवती युवती घायल मिली, अस्पताल में जिंदगी के लिए लड़ रही है जंग

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पूर्वी दिल्ली के मयूर विहार इलाके में गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिली 19 वर्षीय गर्भवती युवती एक अस्पताल में जिंदगी के लिए जंग लड़ रही है। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस घटना के संबंध में कम से कम एक दर्जन लोगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस के एक अधिकारी के अनुसार, युवती के शरीर पर कई चोटें हैं। उसे यहां लोक नायक जय प्रकाश (एलएनजेपी) अस्पताल की गहन देखभाल इकाई (आईसीयू) में भर्ती कराया गया है और उसकी सर्जरी की जा सकती है। एक चिकित्सक ने पहचान उजागर न करने की शर्त पर बताया कि विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ चिकित्सकों का दल महिला का इलाज कर रहा है और उसकी हालत स्थिर है। गर्भ में मौजूद बच्चे की स्थिति जानने के लिए जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि महिला पूर्वी दिल्ली में अपने माता-पिता और बहन के साथ रहती थी। वह एक आयुर्वेद केंद्र में काम करती थी और बुधवार रात घर लौट रही थी। इसी दौरान अज्ञात लोगों ने उसपर कथित तौर पर हमला कर दिया। अधिकारी ने बताया कि महिला गुरुवार सुबह चिल्ला गांव में दमकल विभाग के कार्यालय के करीब खून से लथपथ पड़ी हुई मिली। घटनास्थल के करीब उसका टूटा हुआ मोबाइल फोन भी मिला। पुलिस ने घटना के संबंध में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 307 (हत्या का प्रयास) के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इसने बताया कि इलाके से कम से कम एक दर्जन लोगों को हिरासत में लिया गया है और उन्हें संदेह है कि महिला पर उसके किसी परिचित ने हमला किया है।

### स्पेशल सेल ने की 12 सेमी-ऑटोमैटिक पिस्टल बरामद

# पूर्व स्टेट लेवल एथलीट समेत तीन हथियार सप्लायर दबोचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

स्पेशल सेल ने तीन हथियार सप्लायरों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक दर्जन सेमी ऑटोमेटिक पिस्टल बरामद हुये हैं। गिरफ्तार लोगों के नाम पुष्पेंद्र सिंह निवासी अलीगढ़, नईम निवासी हापुड़, और मनीष भाटी निवासी जोधपुर, राजस्थान हैं। इनमें एक पूर्व स्टेट लेवल एथलीट है। आरोपी गत तीन सालों में दिल्ली एनसीआर में 150 से अधिक पिस्टल सप्लाई कर चुके हैं।



स्पेशल सीपी एच.जी.एस. धालीवाल के अनुसार आगामी गणतंत्र दिवस समारोह के मद्देनजर, सेंधवा, खरगोन, धार और एमपी के अन्य जिलों से हथियार खरीदकर दिल्ली एनसीआर में आपूर्ति करने वाले तस्करों के खिलाफ स्पेशल सेल द्वारा एक विशेष अभियान शुरू किया गया है। इन सिंडिकेट के सदस्यों की पहचान के लिए ठोस प्रयास किये जा रहे हैं। तीन महीने से अधिक समय तक लगातार प्रयास करने के बाद हाल ही में एक लीड प्राप्त हुई कि एमपी स्थित हथियार सिंडिकेट का सदस्य पुष्पेंद्र सिंह 7 जनवरी को दोपहर के आसपास कालिंदी कुंज रोड, ओखला में डिलीवरी के लिए आएगा। तुरंत एक टीम का गठन किया गया और घटनास्थल पर जाल बिछाया गया। सुबह करीब 11:50 बजे पुष्पेंद्र सिंह कंधे पर बैग लटकाए घटनास्थल की ओर आते दिखा। लगभग पांच मिनट के बाद नईम और मनीष भाटी वहां आए। पुष्पेंद्र सिंह ने अपने बैग से दो छोटे बैग निकाले और उन्हें एक-एक बैग दे दिया। टीम ने तुरंत उन्हें घेर लिया और आत्मसमर्पण करने को कहा। लेकिन उन्होंने मौके से भागने की कोशिश की। आख़िरकार तीनों लोगों को पकड़ लिया गया। तलाशी लेने पर पुष्पेंद्र सिंह के कब्जे से छह पिस्टल बरामद हुई, जबकि नईम के पास से चार पिस्टल बरामद हुई। मनीष भाटी के बैग से दो पिस्टल बरामद हुई।

### तीन सालों से कर रहे हथियारों की तस्करी

पूछताछ के दौरान पुष्पेंद्र सिंह ने खुलासा किया कि बरामद हथियारों की खेप उसे एमपी के एक कुख्यात हथियार निर्माता से मिली थी। उसने आगे खुलासा किया कि वह पिछले तीन वर्षों से दिल्ली/एनसीआर और पश्चिमी यूपी में हथियारों की आपूर्ति में लिप्त है। इस अवधि में वह 150 से अधिक पिस्टल सप्लाई कर चुका है। उसे पहले भी भलस्वा डेयरी थाने की पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया जा चुका है।

### नौ हजार का पिस्टल 20 और 12 वाला 30 हजार में बेचते थे

पूछताछ में यह पता चला है कि वे एक सेमी-ऑटोमैटिक पिस्टल एमपी से खरीदते थे। नौ हजार वाला पिस्टल आगे 20 और 12 हजार वाला 30 हजार में बेचा जाता था। पुष्पेंद्र ने खुलासा किया कि उसे बगल के गांव के एक व्यक्ति ने हथियार तस्करी सिंडिकेट में शामिल होने का लालच दिया था। यह भी पता चला है कि पुष्पेंद्र सिंह राज्य स्तर का एथलीट था और उसने 2014-15 में जूनियर स्तर पर 800 मीटर स्पर्धा में भाग लिया था। नईम और मनीष ने खुलासा किया कि वे जल्दी पैसा कमाने के लिए हाल ही में इस हथियार तस्करी रैकेट में शामिल हुए थे। उन्होंने आगे खुलासा किया कि अवैध हथियारों की यह खेप को हापुड़ और शाहीन बाग में पहुंचाई जानी थी।


**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क.वि., डी.आर.एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदाये आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | भाग–एः (ए) नंबर प्लेट और बांड प्रदान करके (बी) बंदर–रोधी चढ़ाई उपकरण का प्रावधान करके ट्रैक्शन वितरण परिसंपत्तियों में सुधार/संवर्द्धन। |
| 2 | अनुमानित लागत | Rs. 1,28,28,535.50/- |
| 3 | बयाना राशि | Rs. 2,14,200/- |
| 4 | ई–निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि | 24.01.2024 (00.00 बजे) से 07.02.2024 (15.00 बजे तक) |
| 5 | ई–निविदा समापन की अंतिम तथा ई–निविदा खुलने की तारीख और समय | 07.02.2024 (15.00 बजे) |
| 6 | निविदा छपाई की लागत | RRSK (29366203) |
| 7 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

निविदा संख्या : 35A-क.वि.-नई दिल्ली-2023-24 दिनांक : 11.01.2024 151/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# पुलिस महकमें में बड़ा फेरबदल, दो दर्जन से ज्यादा अफसर बदले

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस के 27 अफसरों को इधर से उधर किया गया है। इनमें डीसीपी से लेकर स्पेशल सीपी रैंक के अफसर शामिल है। लॉ एंड ऑर्डर जोन 1 और 2 के सीपी भी बदले गये हैं। 1990 बैच के आईपीएस दीपेंद्र पाठक को स्पेशल सीपी सिक्युरिटी की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं, राजेंद्र पाल उपाध्याय को स्पेशल सीपी स्पेशल सेल बनाया गया है। विरेंद्र सिंह को स्पेशल सीपी लाइसेंसिंग के अलावा लीगल डिवीजन का अतिरिक्त चार्ज भी दिया गया है। रविंद्र सिंह यादव स्पेशल सीपी लॉ एंड ऑर्डर जोन 1 और मधूप कुमार तिवारी जोन 2 की जिम्मेदारी संभालेंगे। 1996 बैच की आईपीएस शालिनी सिंह स्पेशल सीपी क्राइम, सागर प्रीत हुड्डा स्पेशल सीपी ऑपरेशन और मीडिया सेल डिवीजन का भी कार्य देखेंगे। एचजीएस धालीवाल को स्पेशल सीपी ट्रैफिक जोन 2 व के जगदीशन को जोन 1 की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सुरेंद्र सिंह यादव स्पेशल सीपी ईओडब्ल्यू, छाया शर्मा स्पेशल सीपी ट्रेनिंग, उषा रंगनानी डीसीपी आईजीआई एयरपोर्ट, इंगित प्रताप सिंह डीसीपी विजीलेंस, प्रणव तायल स्पेशल ब्रांच, संजय कुमार सेन क्राइम ब्रांच, मनोज सी स्पेशल सेल, अमृथा गूगूलोथ डीसीपी ईओडब्ल्यू, देतोश कुमार सुरेंद्र सिंह डीसीपी हेडक्वार्टर, एम हर्षवर्धन सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट, रोहित मीना साउथ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट, राकेश पावरिया डीसीपी क्राइम और अपूर्वा गुप्ता डीसीपी ईस्ट का कार्यभार संभालेंगी। सुरेंद्र चौधरी डीसीपी शाहदरा, अंकित कुमार सिंह डीसीपी द्वारका, कमलपाल सिंह डीसीपी रेलवे और पटेल अलाप मनसुख का डीसीपी सिक्युरिटी के पद पर ट्रांसफर किया गया हैं।


**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | पाड़ा मौहल्ला, रोहतक में पटवार खाना के निकट करण खन्ना के मकान से नीलम रानी के मकान तक राम जानकी मंदिर से दर्शन कुमार माणिक के मकान तक सीसी गली का निर्माण। | 10.01.2024 23.01.2024 | 8.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813082444 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद विज्ञा. सं.–13/2024/40/24158/I/88/7 दि. 12.01.24


## 3.91 करोड़ का कर बकाया, पार्श्वनाथ डेवलपर्स की संपत्ति 'ला ट्रॉपिकाना' सील



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम ने संपत्ति कर का भुगतान न करने पर खैबर पास, सिविल लाइंस स्थित पार्श्वनाथ डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड की संपत्ति 'ला ट्रॉपिकाना' को सील कर दिया है। दिल्ली नगर निगम प्रशासन ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि पार्श्वनाथ डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड की संपत्ति 'ला ट्रॉपिकाना' पर करीब 3.91 करोड़ रुपये का संपत्ति कर बकाया था। एमसीडी द्वारा बकाया राशि का भुगतान करने के लिए पर्याप्त अवसर दिए जाने के बावजूद, संपत्ति मालिक बकाया संपत्ति कर का भुगतान करने में विफल रहे। एमसीडी ने बताया कि पार्श्वनाथ डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड की 'ला ट्रॉपिकाना' नामक संपत्ति के संबंध में बकाया संपत्ति कर का भुगतान न करने पर धारा 123 डी के तहत नोटिस जारी किया था। डीएमसी अधिनियम के तहत पर्याप्त अवसर दिए जाने के बावजूद, करदाता संपत्ति कर जमा करने में विफल रहा। लगभग 3.91 करोड़ रुपये का संपत्ति कर अदा ना किए जाने पर संपत्ति को सील किया गया है।

### न्यूनतम पारा 3 डिग्री तक गिरा

# दिल्ली में शुक्रवार को सीजन की सबसे ठंडी सुबह दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली कई पहाड़ी क्षेत्रों को भी सर्दी के मामले में मात दे रही है। शुक्रवार को दिल्ली सुबह इस सीजन की सबसे ठंडी सुबह के रूप में दर्ज हुई। राजधानी की सुबह न्यूनतम तापमान नीचे लुढ़ककर 3.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से 3 डिग्री कम है। जबकि दिल्ली के जाफरपुर में न्यूनतम तापमान सबसे कम 3.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जबकि लोधी रोड में 3.6 डिग्री रहा।

मौसम विभाग के अनुसार जहां दिल्ली में न्यूनतम तापमान 3.9 डिग्री रहा वहीं शिमला का न्यूनतम तापमान 9 डिग्री और मसूरी का न्यूनतम तापमान 8.6 डिग्री सेल्सियस, नैनीताल 8.2 डिग्री, धर्मशाला 5.2 डिग्री दर्ज हुआ। यानी दिल्ली, शिमला, मसूरी सहित कई पहाड़ी क्षेत्रों से कहीं ज्यादा ठंडी दर्ज हो रही है। वहीं दिन का अधिकतम तापमान सामान्य से 1 19.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। सुबह कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के बाद दिन के समय मौसम ने दिल्ली वालों पर रहम किया जिसके बाद कई घंटों तक दिल्ली वालों को गुनगुनी धूप की सौगात मिली। कड़ाके की ठंड से बेहाल लोगों ने धूप निकलने का भरपूर आनंद लिया। दिल्ली के पार्कों, घरों की छतों सहित अन्य जगहों पर धूप सेंकने का आनंद लिया। प्रादेशिक मौसम विभाग केंद्र दिल्ली (आईएमडी) के आंकड़ों के अनुसार अब से पहले 16 जनवरी 1935 को दिल्ली -0.6 तक तापमान दर्ज कर चुकी है। जबकि हाल ही में 1 जनवरी 2021 को दिल्ली का न्यूनतम तापमान 1 .1 तक लुढ़क गया था। निजी मौसम विज्ञान कंपनी स्काईमेट वेदर के महेश कुमार पलावत के अनुसार दिल्ली में कड़ाके की ठंड के अलावा घने कोहरे ने भी परेशान किया। उन्होंने बताया कि उत्तर रेलवे से मिले डेटा को माने तो सड़के से लेकर हवाई मार्ग तक यात्राएं प्रभावित हुई। जानकारी अनुसार दिल्ली एयरपोर्ट पर विजिबिलिटी शून्य दर्ज हुई, जिससे करीब 103 फ्लाइट में देरी हुई, जिनमें 30 फ्लाइट इंटरनेशनल है। कोहरे के चलते सुबह 8:30 बजे आपा नगर में विजिबिलिटी 50 मीटर, सफदरजंग में 200 मीटर और रिज एरिया में 500 मीटर रही।



### बिजली की मांग 5,701 मेगावाट पहुंची

दिल्ली में एक बार फिर बिजली की खपत का नया आंकड़ा दर्ज हुआ है। शुक्रवार को दिल्ली में सर्दियों के सीजन में अब तक की सबसे ज्यादा मांग 5,701 मेगावाट दर्ज हुई। दिल्ली के स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर के रियल टाइम डेटा के आंकड़ों के अनुसार अपराह्न 10.49 बजे दिल्ली में बिजली की अधिकतम मांग 5,701 मेगावाट तक पहुंच गई थी। इस दिशा में निजी बिजली वितरण कंपनियों बीएसईएस और टाटा पावर डीडीएल ने अभी बिजली की मांग बढ़कर 5,760 मेगावाट तक पहुंचने की संभावना जताई है। जबकि इससे पहले 10 जनवरी 2024 बुधवार को 5,611 मेगावाट खपत दर्ज हुई थी। इस रिकॉर्ड मांग को लेकर बिजली कंपनियों का दावा है कि अभूतपूर्व मांग के बावजूद निर्बाध आपूर्ति करने में कोई बाधा नहीं आने दी गई। कंपनियों का कहना है कि कड़ाके की ठंड में लोगों द्वारा अपने घर, कार्यालय, प्रतिष्ठान आदि में गर्म रखने वाले उपकरणों का प्रयोग ज्यादा करने से मांग बढ़ती है। शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 3.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जोकि गत पांच साल में इस दिन का न्यूनतम तापमान है।


**हरियाणा सरकार** **शुद्धिपत्र**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ / एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | यूएचबीवीएन | निविदा सूचना 63/CCR/2023-24 | 33 केवी सब स्टेशन काहनौर, रोहतक में टाइप-II 2 अदद और टाइप-III 2 अदद आवासीय क्वार्टरों का विखण्डन। समय निम्नानुसार बढ़ाया गया बंद होना : 18.01.2024, खुलना : 19.01.2024 अप. 1.00 बजे तक। | https://etenders.hry.nic.in | 9991480086 xencivluhbvnrohtak@gmail.com |
| 2 | यूएचबीवीएन | निविदा सूचना 61/CCR/2023-24 | 33 केवी सब स्टेशन सांपला, रोहतक में क्वार्टर्स श्रेणी-III 7 अदद और श्रेणी-I 3 अदद का विखण्डन। समय निम्नानुसार बढ़ाया गया बंद होना : 18.01.2024, खुलना : 19.01.2024 अप. 1.00 बजे तक। | https://etenders.hry.nic.in | 9991480086 xencivluhbvnrohtak@gmail.com |
| 3 | यूएचबीवीएन | निविदा सूचना 55/CCR/2023-24 | निविदा सूचना सं. 55/सीसीआर/2023-24, 33 केवी सब स्टेशन एचएनजी बहादुरगढ़ में पेवर ब्लॉक रोड को बिछाना, 7' ऊंची चारदिवारी का निर्माण। | https://etenders.hry.nic.in | 9991480086 xencivluhbvnrohtak@gmail.com |
| 4 | यूएचबीवीएन | निविदा सूचना 69/CCR/2023-24 | 33 केवी सब स्टेशन बाबेपुर (झज्जर) में क्वार्टर्स श्रेणी-III 8 अदद का विखण्डन। समय निम्नानुसार बढ़ाया गया बंद होना : 18.01.2024, खुलना : 19.01.2024 अप. 1.00 बजे तक। | https://etenders.hry.nic.in | 9991480086 xencivluhbvnrohtak@gmail.com |
| 5 | यूएचबीवीएन | निविदा सूचना 68/CCR/2023-24 | 33 केवी सब स्टेशन सासरौली (झज्जर) में क्वार्टर्स श्रेणी-III 8 अदद का विखण्डन। समय निम्नानुसार बढ़ाया गया बंद होना : 18.01.2024, खुलना : 19.01.2024 अप. 1.00 बजे तक। | https://etenders.hry.nic.in | 9991480086 xencivluhbvnrohtak@gmail.com |
| 6 | यूएचबीवीएन | निविदा सूचना 70/CCR/2023-24 | 33 केवी सब स्टेशन बुपनियां (बहादुरगढ़) में क्वार्टर्स श्रेणी-III 4 अदद का विखण्डन। समय निम्नानुसार बढ़ाया गया बंद होना : 18.01.2024, खुलना : 19.01.2024 अप. 1.00 बजे तक। | https://etenders.hry.nic.in | 9991480086 xencivluhbvnrohtak@gmail.com |
| 7 | यूएचबीवीएन | निविदा सूचना 76/CCR/2023-24 | 33 केवी सब स्टेशन नौलथा, पानीपत में क्वार्टर्स श्रेणी-III 8 अदद का विखण्डन। समय निम्नानुसार बढ़ाया गया बंद होना : 18.01.2024, खुलना : 19.01.2024 अप. 1.00 बजे तक। | https://etenders.hry.nic.in | 9991480086 xencivluhbvnrohtak@gmail.com |
| 8 | यूएचबीवीएन | निविदा सूचना 81/CCR/2023-24 | 33 केवी सब स्टेशन बेग्गा, गन्नौर में 2 अदद श्रेणी-III और 2 अदद श्रेणी-II आवासीय क्वार्टरों का विखण्डन। समय निम्नानुसार बढ़ाया गया बंद होना : 18.01.2024, खुलना : 19.01.2024 अप. 1.00 बजे तक। | https://etenders.hry.nic.in | 9991480086 xencivluhbvnrohtak@gmail.com |
| 9 | यूएचबीवीएन | निविदा सूचना 80/CCR/2023-24 | 33 केवी सब स्टेशन बेहोली, पानीपत में क्वार्टर्स श्रेणी-II 3 अदद, श्रेणी-III 3 अदद का विखण्डन। समय निम्नानुसार बढ़ाया गया बंद होना : 18.01.2024, खुलना : 19.01.2024 अप. 1.00 बजे तक। | https://etenders.hry.nic.in | 9991480086 xencivluhbvnrohtak@gmail.com |
| 10 | यूएचबीवीएन | निविदा सूचना 79/CCR/2023-24 | 33 केवी सब स्टेशन डिकाडला, पानीपत में क्वार्टर्स श्रेणी-II 4 अदद, श्रेणी-III 4 अदद का विखण्डन। समय निम्नानुसार बढ़ाया गया बंद होना : 18.01.2024, खुलना : 19.01.2024 अप. 1.00 बजे तक। | https://etenders.hry.nic.in | 9991480086 xencivluhbvnrohtak@gmail.com |
| 11 | यूएचबीवीएन | निविदा सूचना 78/CCR/2023-24 | 33 केवी सब स्टेशन काबरी, पानीपत में क्वार्टर्स श्रेणी-II 4 अदद, श्रेणी-III 4 अदद का विखण्डन। समय निम्नानुसार बढ़ाया गया बंद होना : 18.01.2024, खुलना : 19.01.2024 अप. 1.00 बजे तक। | https://etenders.hry.nic.in | 9991480086 xencivluhbvnrohtak@gmail.com |
| 12 | यूएचबीवीएन | निविदा सूचना 77/CCR/2023-24 | 33 केवी सब स्टेशन उरलाना, पानीपत में क्वार्टर्स श्रेणी-III 8 अदद का विखण्डन। समय निम्नानुसार बढ़ाया गया बंद होना : 18.01.2024, खुलना : 19.01.2024 अप. 1.00 बजे तक। | https://etenders.hry.nic.in | 9991480086 xencivluhbvnrohtak@gmail.com |
| 13 | यूएचबीवीएन | एनआईटी सं. 04/NGH/2023-24 | एसडीओ ओपी एस/डिवीजन, यूएचबीवीएन शाहजादपुर हेतु वाहन को किराये पर लेने के लिए निविदा एनआईटी सं. 04/एनजीएच/2023-24 के तहत निविदा की प्राप्ति/खुलने की तिथि, जो 17.01.2024 को अप. 3.00 बजे खोली जानी थी, अब 17.01.2023 को अवकाश पड़ने की वजह से आगे बढ़ा दी गई है। आईबीआईडी निविदा के खुलने का नया कार्यक्रम निम्नानुसार है :- 1. निविदा प्रपत्र की बिक्री की अन्तिम तिथि : 24.01.2024 अप. 1.00 बजे तक, 2. निविदा जमा करवाने की अन्तिम तिथि : 24.01.2024 अप. 3.00 बजे तक, 3. निविदा के खुलने की तिथि : 24.01.2024 अप. 3.30 बजे तक। | https://www.uhbvn.org.in | 9354726356 xenopnaraingarh@uhbvn.org.in |
| 14 | यूएचबीवीएन | मैमो सं. CH02/ एनआईटी-05/2023-24 दिनांक 19.12.2023 | एसडीओ 'ओपी' एस/डिवी. यूएचबीवीएन, निसिंग के तहत शिकायत केन्द्र के लिये एक वाहन (हॉफ बॉडी पिकअप बोलेरो) को किराये पर लेना। | https://www.uhbvn.org.in | 7988661392 xenopassandh@uhbvn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/280/24163/I/88/7 दि. 12.01.24

# केंद्र सरकार ने दिल्ली से झुग्गियों का सफाया करने का दिया फरमान : आतिशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को झुग्गियों और उनमें रहने वाले लोगों को देखकर शर्म आती है और वो उनसे परेशान हैं। इसलिए केंद्र सरकार ने दिल्ली से झुग्गियों का पूरी तरह से सफाया करने का फरमान दिया है। आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता एवं कैबिनेट मंत्री आतिशी ने सौरभ भारद्वाज के साथ शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में संयुक्त प्रेसवार्ता के दौरान केंद्र सरकार पर उक्त आरोप लगाते हुए यह बातें कही। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के सलाहकार तरुण कपूर ने एमसीडी, रेलवे, डीडीए के साथ बैठक कर अफसरों को आदेश दिया है कि दिल्ली से झुग्गियों का पूरी तरह सफाया करना है। जबकि आम आदमी पार्टी ने केंद्र सरकार ने इस आदेश का सख्त विरोध किया है। वरिष्ठ नेता आतिशी ने बताया कि भाजपा हर चुनाव में जहां झुग्गी-वहीं मकान देने का वादा करती है और चुनाव बाद झुग्गियों को तोड़ देती है। लेकिन, जब तक आम




- प्रेसवार्ता में मंत्री आतिशी व भारद्वाज ने केंद्र सरकार पर साधा निशाना

आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल हैं, तब तक हम किसी झुग्गी को तोड़ने नहीं देंगे। झुग्गीवालों के अधिकारों के लिए "आप" सड़क, कोर्ट और संसद तक लड़ाई लड़ेगी, ताकि ऐसी ठंड में भाजपा झुग्गी में रहने वालों को बेघर न कर पाए।

### अधिकतर झुग्गियां बनी हुई हैं केंद्र सरकार की जमीन पर

आतिशी ने बताया कि कुछ महीने से झुग्गियां तोड़ी जा रही हैं, नवंबर में ग्रेप के दौरान केंद्र की एजेंसी ने सुंदर नगर की झुग्गियां तोड़ दी थी। उन्होंने कहा कि विदेश से जब पीएम के दोस्त दिल्ली आते हैं, तब उन्हें झुग्गियों से शर्म आती है, जी-20 में मेहमानों से छिपाने के लिए झुग्गियों को ढक दिया गया था। मंत्री सौरभ भारद्वाज ने बताया कि डेढ़-दो सालों से जिन झुग्गियों को तोड़ा जा रहा है, उनमें से अधिकतर झुग्गियां केंद्र सरकार की जमीन पर बनी हुई हैं।

केंद्र सरकार गरीबों को उजाड़ने को तत्पर है, देश के कानून के खिलाफ जाकर ये लोग झुग्गीवासियों को बेघर करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि मीटिया रिपोर्ट्स के अनुसार, तुगलकाबाद में केंद्र के ऑर्कियोलॉजी विभाग ने करीब ढाई लाख लोगों को उजाड़ दिया है। रेलवे ने सफदरजंग के पास झुग्गियों को उजाड़ने की कोशिश की, सीएम अरविंद केजरीवाल की पहल के बाद वहां तोड़फोड़ का कार्य रुक पाया।

### चुनाव से पहले पीएम मोदी ने कालकाजी के झुग्गी वालों को दिए थे 500 मकान

कैबिनेट मंत्री आतिशी और सौरभ भारद्वाज ने दिल्ली की झुग्गियों में रह रहे लोगों को केंद्र सरकार द्वारा बेघर करने करने की रची जा रही साजिश का खुलासा किया। इस दौरान आतिशी ने कहा कि भाजपा दिल्ली में हर चुनाव से पहले विज्ञापन निकालती है और झुग्गी वालों से फॉर्म भरवा कर कहती है कि उनको इन झुग्गियों की जगह मकान देंगे। एमसीडी चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कालकाजी के झुग्गी वालों को 500 मकान दिए थे और अखबारों में फुल पेज का एक विज्ञापन निकालकर वादा किया कि हर किसी को उनकी झुग्गियों के बदले 5 किलोमीटर के दायरे में पक्का मकान देंगे। लेकिन जैसे ही चुनाव खत्म हुआ झुग्गियों को तोड़ने का नोटिस पिछले साल जनवरी से आने लगे। यहां लगभग 15 हजार लोग रहते हैं। भाजपा चुनाव से पहले जहां झुग्गी, वहां मकान देने का वादा करती है और चुनाव के बाद कहती है कि हमें झुग्गीवाले पसंद नहीं हैं। हम झुग्गी तोड़ डालेंगे और उनको फूटपाथ पर ले आएंगे।

### एनडीएमसी ने 'स्वच्छ वार्ड अभिनंदन समारोह' का किया आयोजन

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के अध्यक्ष अमित यादव ने एनडीएमसी के उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय, परिषद सदस्य विशाखा शैलानी, एनडीएमसी के ब्रांड एंबेसडर नावेद, सचिव-एनडीएमसी कृष्ण मोहन उप्पू, स्वास्थ्य चिकित्सा अधिकारी दीपक मित्तल, सीएमओ शकुंतला श्रीवास्तव, विभागाध्यक्ष और अन्य वरिष्ठ अधिकारी की उपस्थिति में मार्केट ट्रेडर्स एसोसिएशन (एमटीए), रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए), स्कूल, होटल, कार्यालय, अस्पताल, एनडीएमसी विभाग और एनडीएमसी क्षेत्र के स्वच्छता कर्मियों को शुक्रवार को जय सिंह रोड स्थित एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में आयोजित एक समारोह में सम्मानित किया। एनडीएमसी ने अपने क्षेत्र में विभिन्न श्रेणियों में "स्वच्छता वार्ड" के 46 विजेताओं को अभिनंदन प्रमाण पत्र सौंपा।

सभा को संबोधित करते हुए एनडीएमसी अध्यक्ष यादव ने कहा कि एनडीएमसी हमेशा नई दिल्ली क्षेत्र को स्वच्छ और हरा-भरा बनाने के लिए सभी हितधारकों के साथ काम करने का इरादा रखती है। उन्होंने स्वच्छ सर्वेक्षण में प्रत्येक व्यक्ति के योगदान पर जोर दिया।

### चुनाव के लिए किसी भी अन्य पार्टी ने नहीं उतारे थे अपने उम्मीदवार

# राज्यसभा चुनाव : आम आदमी पार्टी के संजय सिंह, एन डी गुप्ता, मालीवाल निर्विरोध निर्वाचित

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

राज्यसभा के लिए दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) की ओर से नामित आम आदमी पार्टी (आप) के संजय सिंह, एन डी गुप्ता और स्वाति मालीवाल निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इन चुनावों के लिए किसी भी अन्य पार्टी ने उम्मीदवार नहीं उतारे थे।

दिल्ली मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) कार्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पत्रकारों से कहा कि राज्यसभा के लिए नामित किये गए सभी तीनों उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित हो गए हैं और आज प्रमाणपत्र भी जारी किये गये हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पार्टी के नव निर्वाचित राज्यसभा सदस्यों को बधाई दी। आप के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि राज्यसभा के लिए निर्वाचित आम आदमी पार्टी के तीनों नेताओं को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं। मुझे विश्वास है कि आप आम आदमी के मुद्दों को संसद में मज़बूती से उठाएंगे और दिल्ली की जनता के अधिकारों के लिए लड़ेंगे। नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख नौ जनवरी थी जबकि नामांकन पत्रों की जांच 10 जनवरी को की गयी। नामांकन वापस लेने की आखिरी तारीख 12 जनवरी थी। सिंह, गुप्ता और दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष




मालीवाल ने 19 जनवरी के राज्यसभा चुनावों के लिए अपना-अपना नामांकन यहां आठ जनवरी को दाखिल किया था। यहां सिविल लाइंस स्थित दिल्ली परिवहन विभाग के कार्यालय के बाहर, गुप्ता, मालीवाल और संजय सिंह की पत्नी अनीता सिंह को बधाई देने के लिए बड़ी तादाद में आप समर्थक जुटे।

मालीवाल ने प्रमाणपत्र प्राप्त करने की 'एक्स' पर एक तस्वीर साझा की और पोस्ट किया, 'आज से एक नई जिम्मेदारी शुरू हो रही है। उत्साह बढ़ाने के लिए आज हजारों महिलाएं आई हैं। मैं दिल्ली के सभी लोगों को आश्वस्त करती हूं कि मैं सच्चे समर्पण और ईमानदारी से आपकी सेवा करूंगी। माननीय मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का धन्यवाद।' आप ने मालीवाल को अपना राज्यसभा उम्मीदवार नामित किया था, और सिंह तथा गुप्ता को संसद के उच्च सदन में दूसरे कार्यकाल के लिए फिर से नामित किया था। आप सांसद संजय सिंह, एन डी गुप्ता और सुशील कुमार गुप्ता का छह साल का कार्यकाल 27 जनवरी को समाप्त हो रहा था। पार्टी ने सुशील गुप्ता की जगह मालीवाल को नामित किया।

सिंह, दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले के सिलसिले में अभी जेल में हैं। वह कड़ी सुरक्षा के बीच, नामांकन दाखिल करने परिवहन विभाग कार्यालय पहुंचे थे। वहीं, दिल्ली कारागार विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि सिंह को उनका प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिए परिवहन विभाग कार्यालय ले जाया गया था। शुक्रवार को, उनकी पत्नी अनीता सिंह ने संवाददाताओं से कहा कि उनके पति और मजबूत होकर उभरेंगे।

आप समर्थकों द्वारा 'संजय भैया शेर हैं' के नारे लगाये जाने के बीच अनीता ने कहा, 'शेर बाहर आ गया है..., और फिर से बाहर आएगा।

### दिल्ली भाजपा किसान मोर्चा ने शुरु की 'चलो गांव की ओर' योजना

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा किसान मोर्चा ने 'चलो गांव की ओर' योजना की शुरुआत की। इस योजना के बारे में जानकारी देते हुए मोर्चा अध्यक्ष विनोद सहरावत ने कहा कि दिल्ली के सभी गांव में किसान मोर्चे के पदाधिकारी जाएंगे और उस गांव में गौ पूजा या कृषि यंत्रों की पूजा करेंगे फिर उसके बाद किसान मजदूर चौपाल करेंगे और केंद्र सरकार की योजनाएं के बारे में बताएंगे। विनोद सहरावत ने कहा कि दिल्ली की केजरीवाल सरकार से परेशान दिल्ली के किसानों की समस्याओं को किसान मोर्चा पदाधिकारी सुनेंगे और उसका समाधान करने का प्रयास करेंगे।

### लवली ने कार्यकर्ताओं से किया लोकसभा चुनाव जीतने की तैयारी करने का आह्वान

**नई दिल्ली।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से लोकसभा चुनाव जीतने के लिए बूथ स्तर की समितियों को मजबूत करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में भाजपा के सातो सांसदों के दस साल की नाकामयाबी पर अब जनता के बीच कांग्रेस कार्यकर्ता उनका चेहरा बेनक़ाब करे। लवली ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनावों के मद्देनजर पोलिंग बूथ को मजबूत करना पहली प्राथमिकता है, क्योंकि बूथ को मजबूत बनाकर हम अपना चुनाव निर्णायक बना सकते है।

### दिल्ली के निजी स्कूलों ने दाखिले के लिए पहली मेरिट सूची की जारी

**एजेंसी. नई दिल्ली।** दिल्ली के लगभग 1,800 निजी स्कूलों ने सामान्य श्रेणी के छात्रों के लिए नर्सरी, केजी और कक्षा-1 में प्रवेश के लिए अपनी पहली मेरिट सूची शुक्रवार को जारी कर दी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। निजी स्कूलों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) और वंचित समूह (डीजी) के छात्रों तथा दिव्यांग बच्चों के लिए 25 प्रतिशत आरक्षण है। उनके लिए अलग से सूची जारी की जाएगी। आईटीएल पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य सुधा आचार्य ने कहा कि उन्हें इस साल प्रवेश स्तर की कक्षाओं में प्रवेश के लिए 1,200 आवेदन प्राप्त हुए और उनके द्वारा शुक्रवार को 61 छात्र-छात्राओं की मेरिट सूची जारी की गई। आचार्य ने पत्रकारों से कहा कि बृहस्पतिवार शाम ड्रॉ निकाला गया और आज 61 छात्रों की सूची जारी की गई। हमें इस साल कुल 1,200 आवेदन प्राप्त हुए और उनमें से ज्यादातर ऑनलाइन थे। लगभग सौ आवेदन प्रत्यक्ष रूप से प्राप्त हुए थे। उन्होंने कहा कि इस साल आईटीएल पब्लिक स्कूल के लिए बड़ी संख्या में आवेदन करने वाले छात्र-छात्रा या तो पूर्व छात्रों के बच्चे हैं या मौजूदा छात्र-छात्राओं के भाई-बहन हैं। आईटीएल पब्लिक स्कूल में प्रवेश स्तर की कक्षाओं के लिए कुल 190 सीट हैं। ड्रॉ निकालने की वीडियोग्राफी की जाती है और इसकी फुटेज स्कूलों द्वारा संभालकर रखी जाएगी। पर्चियों को बॉक्स के अंदर रखने से पहले माता-पिता को दिखाया जाता है। शिक्षा निदेशालय के अनुसार, प्री-स्कूल (नर्सरी), प्री-प्राइमरी (केजी) और कक्षा-1 में प्रवेश के लिए 31 मार्च को न्यूनतम आयु क्रमशः तीन वर्ष, चार वर्ष और पांच वर्ष होनी चाहिए। प्री-स्कूल, प्री-प्राइमरी और कक्षा-1 को प्रवेश स्तर की कक्षाओं के रूप में वर्गीकृत किया गया है तथा प्रवेश के लिए ऊपरी आयु सीमा क्रमशः चार वर्ष से कम, पांच वर्ष से कम और छह वर्ष से कम है। दिल्ली स्टेट पब्लिक स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष आरसी जैन ने कहा कि लगभग 200 स्कूलों ने अपनी अंतिम मेरिट सूची जारी कर दी है और वे दूसरी सूची या प्रतीक्षा सूची जारी नहीं करेंगे। जैन ने कहा कि दिल्ली के अधिकतर शीर्ष स्कूल आमतौर पर दूसरी सूची या प्रतीक्षा सूची जारी नहीं करते हैं। ऐसे लगभग 200 स्कूल हैं जिन्होंने आज अपनी अंतिम मेरिट सूची जारी की है। वे प्रवेश के लिए दूसरी सूची जारी नहीं करेंगे। पहली मेरिट लिस्ट जारी होने के साथ ही स्कूल 13 जनवरी से 22 जनवरी तक अभिभावकों के सवालों का जवाब देंगे।

### केजरीवाल सरकार दिल्ली की जनता के जीवन के साथ कर रही है खिलवाड़ : बिधूड़ी

नई दिल्ली। दिल्ली की केजरीवाल सरकार दिल्ली की जनता के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रही है। जहरीली हवा, गंदा पानी और दूषित पर्यावरण में लोग जी रहे हैं। केजरीवाल सरकार हर मोर्चे पर असफल साबित हो रही है। दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने शुक्रवार को केजरीवाल सरकार पर निशाना साधते हुए उक्त बातें कहीं। उन्होंने कहा है कि केजरीवाल सरकार की लापरवाही, अनदेखी और अकर्मण्यता के कारण दिल्ली की जनता का जीवन खतरे में है। प्रदूषण पर नियंत्रण न होने के कारण दिल्ली की जनता जहरीली हवा में सांस लेने के लिए मजबूर है। जनता को अमोनिया युक्त पानी पिलाकर बेमौत मारा जा रहा है और यमुना की सफाई न होने से पर्यावरण को खतरा है जिससे हर व्यक्ति का जीवन जुड़ा हुआ है। हर मोर्चे पर असफल इस सरकार को अपने पद पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। बिधूड़ी ने कहा कि जब से आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की सत्ता संभाली है, दिल्ली की जनता पर सांसों का संकट छाया हुआ है।




### हमारा मकसद है दिल्ली को दुनिया की सबसे साफ राजधानी बनाना : पाठक

# हम दफ्तर में बैठकर नहीं चला रहे हैं सरकार : महापौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

हम दफ्तर में बैठकर सरकार नहीं चला रहे हैं बल्कि सड़कों पर उतर कर सफ़ाई व्यवस्था दुरुस्त करा रहे हैं। दिल्ली नगर निगम की महापौर डॉ. शैली ओबरॉय ने एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक के साथ शुक्रवार को 'अब दिल्ली होगी साफ' अभियान के तहत मादीपुर व राजौरी गार्डन विधानसभा का मैराथन निरीक्षण के दौरान ये बातें कही। उन्होंने बताया कि मैराथन सफाई निरीक्षण अभियान के तीसरे दिन मादीपुर व राजौरी गार्डन क्षेत्र में 10 किमी की पदयात्रा की और ग्राउंड ज़ीरो पर सफ़ाई व्यवस्था व गार्बेज वल्नरेबल पॉइंट्स का जायज़ा लिया।

इस दौरान महापौर डॉ शैली ओबरॉय ने कहा कि हम अपने विधायकों, पार्षदों व अधिकारियों के साथ ग्राउंड ज़ीरो पर है और हर गली, कूचे में जाकर कूड़े की स्थिति की देख रहे है व सफाई व्यवस्था का जायज़ा ले रहे है। महापौर ने बताया कि दिल्ली में 50 दिन के अभियान के जरिए जीवीपी पॉइंट्स को 100 प्रतिशत खत्म कर दिया जाएगा। वहीं, दुर्गेश पाठक ने बताया कि जनता सफ़ाई व्यवस्था से संतुष्ट है और लोगों का हमें पॉजिटिव फीडबैक बन रहा है।



हमारा मकसद दिल्ली को दुनिया की सबसे साफ राजधानी बनाना है। हम क्षेत्र में सफ़ाई कर्मियों से बात कर रहें हैं। क्षेत्र में आकर पता चला कि जनता सफ़ाई व्यवस्था से संतुष्ट है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जो वादा किया है दिल्ली को साफ़ सुथरा बनाने का उसे मुहिम को लेकर हम आगे जा रहे हैं। आने वाले समय में हम दिल्ली को वर्ल्ड कप क्लास सिटी बनाएंगे। दिल्ली की जनता देखेगी पिछली सरकारों ने क्या किया और हम क्या कार्य कर रहे हैं।

### दिल्ली को सीएम अरविंद केजरीवाल के मार्गदर्शन में मिला 28वां स्थान

**नई दिल्ली।** भाजपा शासनकाल में केंद्र सरकार के हर स्वच्छता सर्वेक्षण में फेल होने वाली दिल्ली को सीएम अरविंद केजरीवाल के मार्गदर्शन में 28वां स्थान मिला है। एमसीडी में भाजपा के 15 सालों के शासनकाल में 10 लाख आबादी से ऊपर वाले 47 शहरों में दिल्ली का स्थान कभी 42, कभी 39, तो कभी 37 आया। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता, राजेंद्र नगर के विधायक एवं एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक ने शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि देश में एक लाख से ऊपर की आबादी वाले 446 शहरों के सर्वे में दिल्ली को 90वां स्थान मिला है, जबकि भाजपा के शासनकाल में दिल्ली 157वें स्थान पर रहता था। दिल्ली ने सिर्फ 8 महीनों में लगभग 67 शहरों को पीछे छोड़ा है जो कि कमाल की बात है। हमने सफाई कर्मियों को समय पर तनख्वाह दी जो कि 13 सालों में पहली बार हुआ। लगभग साढ़े 6 हजार से ज्यादा कर्मियों को पक्का किया, तब जाकर यह परिणाम देखने को मिला है। मुझे विश्वास है कि अगले साल के स्वच्छता सर्वेक्षण में हम और बेहतर करेंगे।

### दिल्ली पेरिस तो नहीं, एक बड़ा कूड़ाघर जरूर बन गई : राजा इकबाल

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी दिल्ली को लंदन एवं पेरिस बनाने का दावा करती आई है किंतु पिछले एक साल के उनके निगम के कार्यकाल में दिल्ली पेरिस तो नहीं किंतु एक बड़ा कूड़ाघर जरूर बन गई है। दिल्ली नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व महापौर राजा इकबाल सिंह ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में आई दिल्ली की लचर रैंकिंग के ऊपर निगम की आप सरकार की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिन्ह लगाते हुए यह बातें कही। उन्होंने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में दिल्ली की रैंकिंग बताती है कि आप पार्टी सिर्फ झूठे वादे करती है एवं धरातल पर कार्य करने की उनकी कोई मंशा नहीं है। राजा इकबाल सिंह ने कहा कि आप पार्टी ने वादा किया था कि हम दिल्ली की तीनों लैंडफिल साइटों पर लगे कूड़े के ढेर को साफ कर देंगे किंतु आज के समय सच्चाई यह है कि तीनों लैंडफिल साइटों पर कूड़े की मात्रा में अप्रत्याशित बढ़ोतरी हुई है। राजा इकबाल सिंह ने कहा कि दिल्ली की दयनीय हालत की जिम्मेदार भ्रष्ट आम आदमी पार्टी एवं उसके नेता हैं। नेता विपक्ष राजा इकबाल ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 की रैंकिंग ने आप पार्टी के झूठे वादों की पोल खोल दी है और दिल्ली की स्वच्छता रैंकिंग 90 शर्मनाक है।

पार्षद तथा अधिकारी संभालेंगे व्यवस्था

# अयोध्या में श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान ननि निकालेगा शहर में यात्रा

14 से 22 जनवरी तक देश के सभी मंदिरों में कथा जैसे धार्मिक कार्यक्रम होंगे। गाजियाबाद नगर निगम ने शहर में ऐसे 40 मंदिरों को चिन्हित किया है, जिनमें धार्मिक कथा के लिए निगम द्वारा समुचित व्यवस्था की जाएगी।

- 14 से 22 जनवरी तक मंदिरों में नगर निगम करेगा समुचित व्यवस्था
- रुट चार्ट बनाकर निगम करेगा तैयारी, भव्य होगा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद



22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा होनी है। इस दिन मंदिर निर्माण के बाद प्रभु श्रीराम विराजमान होंगे। 500 वर्षों का इंतजार खत्म हो रहा है जिसको पूरा देश हर्ष उल्लास से साथ दीपावली उत्सव के रूप में मनाएगा। इसी क्रम में 14 से 22 जनवरी तक गाजियाबाद के सभी मंदिरों में कथा जैसे धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इसी कड़ी में गाजियाबाद नगर निगम ने शहर में 40 मंदिरों को चिन्हित किया है, जिसमें नगर निगम की ओर से समस्त समुचित व्यवस्था की जाएगी। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि भगवान श्रीराम की यात्रा के लिए रूठ चार्ट बनाकर नगर निगम तैयारी कर रहा है।

## स्वयं सेवक के घर खुद पहुंचा संघ परिवार, दिया अयोध्या मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण

**फरीदाबाद।** अयोध्या मंदिर आंदोलन में मुख्य भूमिका निभाने वाले स्वयंसेवक दिवंगत राजेंद्र के परिवार को निमंत्रण देने पहुंचा संघ परिवार। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संपर्क प्रमुख गंगा शंकर मिश्र, विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष रमेश गुप्ता, वनवासी रक्षा परिवार फाउंडेशन के राष्ट्रीय मंत्री एवं दक्षिणी संभाग प्रमुख राम अग्रवाल एवं अधिवक्ता राजकुमार शर्मा ने स्व. राजेंद्र की धर्मपत्नी रणजीत कौर और बेटे इंद्रजीत को उनके घर पहुंच कर अयोध्या पूजित अक्षत एवं प्रपत्र निमंत्रण स्वरूप भेंट किए।



राज्यपाल ने जेसी बोस विवि में विद्यार्थियों से किया संवाद, कहा

# स्वामी विवेकानंद के जीवन आदर्शों से सीख सकते हैं युवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

युवा स्वामी विवेकानंद के जीवन आदर्शों को आगे बढ़ाने में अपना योगदान देने में सक्षम बनेंगे। यही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने राष्ट्रीय युवा दिवस पर युवाओं से आह्वान किया कि वे अपना जीवन समाज के प्रति समर्पित करें और वंचित लोगों के उत्थान के लिए कार्य करें। इस तरह युवा स्वामी विवेकानंद के जीवन आदर्शों को आगे बढ़ाने में अपना योगदान देने में सक्षम बनेंगे। यही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय स्वामी विवेकानंद जयंती पर राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा आयोजित युवा संवाद-2024 कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे थे।

कार्यक्रम में हरियाणा के उच्च शिक्षा मंत्री मूलचंद शर्मा विशिष्ट अतिथि थे। वहीं विधायक नरेंद्र गुप्ता, कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर, कुलसचिव डॉ. मेहा शर्मा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. मुनीश वशिष्ठ, विश्वविद्यालय की एलुमनाई एसोसिएशन वाईएमसीए मॉब के सुखदेव सिंह भी उपस्थित थे।

**खास बातें**

- मेहनत, समर्पण व आध्यात्मिक शक्ति से भारत के भाग्य को बदला जा सकता है
- युवा का पूरा ध्यान बुद्धि कौशल पर है, जिससे वह शारीरिक रूप कमजोर हो रहा है।



## छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के जरिए प्रतिभा का प्रदर्शन किया

कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया तथा स्वामी विवेकानंद के जीवन आदर्शों पर अपने विचार प्रस्तुत किए, जिसकी राज्यपाल ने खुले दिल से सराहना की। राज्यपाल दत्तात्रेय ने कहा कि स्वामी विवेकानंद एक सच्चे कर्मयोगी थे और उन्हें इस देश के युवाओं पर पूरा भरोसा था। उनका दृढ़ विश्वास था कि युवा अपनी कड़ी मेहनत, समर्पण और आध्यात्मिक शक्ति के माध्यम से भारत के भाग्य को बदल सकते हैं। युवाओं के लिए स्वामी विवेकानंद के संदेश का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद देश के लिए ऐसे युवा चालते थे जो जिसके पास लोहे के समान कठोर मांसपेशियां और स्टील के समान फौलादी नसें हों। उसका हृदय विशाल हो। इस तरह उन्होंने युवाओं में बुनियादी मूल्यों को स्थापित करने की कोशिश की। राज्यपाल ने कहा कि युवा का पूरा ध्यान बुद्धि कौशल पर है, जिससे वह शारीरिक रूप कमजोर होता जा रहा है। उन्होंने प्रदेश के समस्त विश्वविद्यालयों से आह्वान किया कि पढ़ाई के साथ-साथ छात्र एक घंटा मैदान पर अवश्य बिताएं और फिटनेस गतिविधियों से जुड़े। इसी उद्देश्य से सरकार द्वारा फिट इंडिया कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। राज्यपाल ने जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि, वाईएमसीए की नई वेबसाइट का शुभारंभ किया।

## चोरी करने वाले दो आरोपियों को किया काबू

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर 17 प्रभारी अशोक कुमार की टीम ने चोरी के मुकदमे में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में हेमंत तथा अनित उर्फ ओपो का नाम शामिल है। आरोपी हेमंत फरीदाबाद के करनेरा तथा अनित संजय कॉलोनी का रहने वाला है। दिनांक 9-10 जनवरी की रात आरोपियों ने फरीदाबाद सेक्टर-23 में स्थित एक किराने की दुकान का शटर उखाड़कर उसमें से 7500 रुपए चोरी कर लिए थे।



दिव्या पाहुजा हत्याकांड का एक आरोपी

# एलओसी जारी होने के 24 घंटे बाद बलराज गिल पश्चिम बंगाल एयरपोर्ट पर पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

गैंगस्टर की महिला मित्र एवं मॉडल दिव्या पाहुजा की हत्या के बाद शव को ठिकाने लगाने वाला बलराज गिल लुक आउट सर्कुलर जारी होने के 24 घंटे बाद पश्चिम बंगाल एयरपोर्ट पर पकड़ा गया । जबकि आरोपी रवि बांगा का अभी तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। बलराज गिल के पकड़े जाने की पुष्टि एसीपी क्राइम वरुण दहिया ने की है।

उन्होंने बताया कि पुलिस पश्चिम बंगाल से बलराज गिल को गिरफ्तार कर गुरुग्राम लेकर आएगी। वहीं बलराज गिल की गिरफ्तारी से दिव्या की शव को कहां ठिकाने लगाई गई , इसका पर्दाफाश हो सकेगा।



गैंगस्टर की महिला मित्र दिव्या पाहुजा की हत्या 2 जनवरी को गुरुग्राम के सिटी प्वाइंट होटल में गोली मारकर की गई थी। इसके बाद आरोपी बलराज गिल व रवि बांगा उसकी शव को लेकर ठिकाने लगाने गए थे। लेकिन अभी तक गुरुग्राम पुलिस शव को नहीं ढूंढ पाई है और न ही दोनों आरोपियों तक पहुंच पाई थी। लेकिन लुक आउट सर्कुलर जारी होने पर बलराज गिल को पश्चिम बंगाल के एयरपोर्ट से दबोच लिया है। पुलिस ने आरोपियों की सूचना देने पर 50-50 हजार का इनाम देने की घोषणा की थी।

## रुपए दोगुने करने का लालच देकर ठगी करने वाले गिरोह के 5 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

नंदग्राम पुलिस ने ऐसे ग्रुप का पर्दाफाश किया है। जो रुपए डबल करने का लालच देकर लोगों को नकली नोट देकर ठगी कर रहा था। पुलिस ने इस मामले में पांच को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से धोखाधड़ी कर हड़पे दो लाख पैंतीस हजार रुपए, नकली नोटों की गड्डी, 3 नकली आधार कार्ड, घटना में प्रयुक्त वाहन, 11 मोबाइल फोन, 3 जोड़ी फर्जी नंबर प्लेट, 2 सिम बरामद किये गए हैं।



एसीपी नंद ग्राम सूर्यबली मौर्य ने बताया कि एफआईआर के बाद तत्काल संज्ञान लेते हुए घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों व सर्विलांस व लोकल इनपुट की मदद से चेकिंग के दौरान पांच ठगों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार ठगों में लोकेश, सचिन, देवराज बंसल, गौरव व एक महिला शामिल हैं।

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **सोनू @ पोधी, पुत्रः सीता राम पासवान, पताः ए–750, बुद्ध मार्ग, मंडावली, दिल्ली** ने **FIR No. 261/2017, U/s 356/379/34 IPC, पुलिस थाना आई.पी. एस्टेट, नई दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सोनू @ पोधी** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सोनू @ पोधी** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 261/2017, U/s 356/379/34 IPC, पुलिस थाना आई.पी. एस्टेट, नई दिल्ली** के अभियुक्त **सोनू @ पोधी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.02.2024** या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री विनोद कुमार**
**महानगर दंडाधिकारी–03**
**केंद्रीय जिला, कमरा नं. 150**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/450/CD/2024**

## चोरी की बाइक व मोबाइल बरामद

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर सेंट्रल प्रभारी दीपक लोहान की टीम ने चोरी के मुकदमें में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम अमन है । उसने 3 जनवरी आदर्श नगर के ठेके के पास से लड़के की जेब से मोटरसाइकिल की चाबी और मोबाइल फोन चोरी किया था।



## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद टोहाना | धर्मपाल सिंह वाली गली, वार्ड नं. 3, एम.सी. टोहाना में गली का निर्माण + 9 कार्य। | 09.01.2024 19.01.2024 | 95.62 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467820947 eo-tohana@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in


संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/40/24144/I/88/7 दि. 12.01.24

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 02 दिनांक 04.01.2024 धारा 346 IPC थाना आई.एम.टी. रोहतक।**

**गुमशुदा की पहचान**

नाम - **जगदीश।**
पिता/पति का नाम - **पुत्र बालकिशन।**
पता- गांव रूडकी जिला-रोहतक।
उम्र - 50 वर्ष
कद - 5 फुट 8 ईंच
**हुलिया:-** रंग सांवला, लम्बुतरा चेहरा, दुबला-पतला शरीर, सिर के बाल उड़े हुए, लंबी नाक, काले बाल, काली आंखे
**पहनावा:-** ग्रे रंग का कुर्ता पजामा, चोकलेटी रंग का शाल ओढे।



दिनांक 04.01.2024 को जगदीश पुत्र बालकिशन वासी गांव रूड़की जिला रोहतक हरियाणा थाना आई.एम.टी, जिला रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नंबरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।


1. प्रबन्धक थाना आई.एम.टी रोहतक :-7082999124
2. पुलिस कन्ट्रोल रूम रोहतक :- 01262-247200,9996464100
3. अनुसंधानकर्ता आई.एम.टी रोहतक :- 9466676425

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 06 दिनांक 09.01.2024 धारा 346 IPC थाना बहु अकबरपुर जिला रोहतक।**

**गुमशुदा की पहचान**

नाम - **अरूण मण्डल।**
पिता/पति का नाम - **पुत्र भुटाय मण्डल।**
पता- गांव पीठोरा वार्ड नं.11 जिला अरहरीया बिहार हाल बहु अकबरपुर जिला रोहतक।
उम्र - 40 वर्ष
कद - 5 फुट 6 ईंच
**हुलिया:-** रंग सांवला, लम्बुतरा चेहरा, मजबुत शरीर, काली आंखे, काले बाल, सिर के आगे के बाल उडे हुए।
**पहनावा:-** नहीं पता।



दिनांक 09.01.2024 को अरूण मण्डल पुत्र श्री भुटाय मण्डल निवासी गांव पीठोरा वार्ड नं.11 जिला अरहरीया बिहार हाल बहु अकबरपुर जिला रोहतक थाना बहु अकबरपुर जिला रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नंबरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना बहु अकबरपुर रोहतक:-7082999223
2. पुलिस कन्ट्रोल रूम रोहतक :- 01262-247200,9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना बहु अकबरपुर रोहतक :- 8708527775

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 11 दिनांक 04.01.2024 धारा 346 IPC थाना शहर जिला रोहतक।**

**गुमशुदा की पहचान**

नाम - **माया।**
पिता/पति का नाम - पुत्री प्रेम
पता- शास्त्री कालोनी रोहतक जिला रोहतक।
उम्र - 15 वर्ष
कद - 4 फुट 8 ईंच
**हुलिया:-** रंग गोरा, लम्बूतरा चेहरा, पतला फुर्तिला शरीर,
**पहनावा:-** नीले रंग की जींस, नीले रंग की जाकेट व पैरो में हवाई चप्पल पहने हुए।



दिनांक 04.01.2024 को माया पुत्री श्री प्रेम निवासी शास्त्री कालोनी रोहतक थाना शहर जिला रोहतक से बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नंबरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना शहर रोहतक :-7082999115
2. पुलिस कन्ट्रोल रूम रोहतक :- 01262-247200,9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना शहर रोहतक :- 8950197943

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 04 दिनांक 09.01.2024 धारा 346 IPC थाना पी.जी.आई.एम.एस जिला रोहतक।**

**गुमशुदा की पहचान**

नाम - **गोबिन्द।**
पिता/पति का नाम - **पुत्र वेदपाल।**
पता- गांव जांगीरपुर जिला झज्जर हाल चिनोट कालोनी जिला रोहतक।
उम्र - 26 वर्ष
कद - 5 फुट 8 ईंच
**हुलिया:-** रंग गोरा, गोल चेहरा, पतना फुर्तीला शरीर काली आंखे, काले बाल, बाजु पर टैटु का निशान।
**पहनावा:-** नहीं पता।



दिनांक 09.01.2024 को गोबिन्द पुत्र वेदपाल निवासी गांव जांगीरपुर जिला झज्जर हाल चिनोट कालोनी जिला रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नंबरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना बहु अकबरपुर रोहतक:-7082999223
2. पुलिस कन्ट्रोल रूम रोहतक :- 01262-247200,9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना बहु अकबरपुर रोहतक :- 9416427302

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 06 दिनांक 07.01.2024 धारा 346 IPC थाना महम जिला रोहतक।**

**गुमशुदा की पहचान**

नाम - **सोनिया।**
पिता/पति का नाम - **पुत्री श्री सतबीर।**
पता- वार्ड नं. 5 महम जिला रोहतक।
उम्र - 17 वर्ष
कद - 5 फुट 4 ईंच
**हुलिया:-** रंग गेहुआ, लम्बुतरा चेहरा, हष्ट-पुष्ट शरीर, लम्बी नाक, काले बाल, काली आंखे।
**पहनावा:-** सलवार सुट व पैरो में जुती पहने हुए।



दिनांक 07.01.2024 को सोनिया पुत्री श्री सतबीर निवासी वार्ड नं. 5, महम थाना महम जिला रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नंबरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना महम रोहतक :-7082999127
2. पुलिस कन्ट्रोल रूम रोहतक :- 01262-247200,9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना महम रोहतक :- 9466234706

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 10 दिनांक 10.01.2024 धारा 346 IPC थाना पुरानी सब्जी मण्डी जिला रोहतक।**

**गुमशुदा की पहचान**

नाम - **कविता।**
पिता/पति का नाम - **पत्नी जगबीर।**
पता- किराएदार राजीव नगर, कच्चा चमारिया रोड जिला रोहतक।
उम्र - 41 वर्ष
कद - 5 फुट 2 ईंच
**हुलिया:-** रंग गोरा, गोल चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर काली आंखे, काले बाल।
**पहनावा:-** पीले रग का सूट सलवार व पैरो में सैण्डल पहने हुए।



दिनांक 10.01.2024 को कविता पत्नी जगबीर निवासी किराएदार राजीव नगर, कच्चा चमारिया रोड जिला रोहतक थाना पुरानी सब्जी मण्डी रोहतक से बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नंबरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना पुरानी सब्जी मंडी रोहतक:-7082999116
2. पुलिस कन्ट्रोल रूम रोहतक :- 01262-247200,9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना पुरानी सब्जी मण्डी रोहतक :- 8708200727

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 18 दिनांक 08.01.2024 धारा 346 IPC थाना शहर जिला रोहतक।**

**गुमशुदा की पहचान**

नाम - **सुनीता।**
पिता/पति का नाम - **पत्नी पदम।**
पता- कच्ची गढी मौहल्ला रोहतक जिला रोहतक।
उम्र - 40 वर्ष
कद - 5 फुट 3 ईंच
**हुलिया:-** रंग साफ, गोल चेहरा, मोटा शरीर,
**पहनावा:-** नीले रंग का सुट, काले रंग की जाकेट व पैरो में काले रंग के जुते पहने हुए।



दिनांक 08.01.2024 को सुनीता पत्नी पदम निवासी कच्ची गढी मौहल्ला रोहतक थाना शहर जिला रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नंबरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना शहर रोहतक :-7082999115
2. पुलिस कन्ट्रोल रूम रोहतक :- 01262-247200,9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना शहर रोहतक :- 9813833022

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 23 दिनांक 10.01.24 धारा 346 IPC थाना थाना शिवाजी कालोनी जिला रोहतक।**

**गुमशुदा की पहचान**

नाम - **संगीता।**
पिता/पति का नाम - **पत्नी हरिपाल।**
पता- गली नंबर 04 शीतल नगर, जिला रोहतक।
उम्र - 24 वर्ष
कद - 5 फुट 2 ईंच
**हुलिया:-** रंग गोरा, गोल चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर काली आंखे, काले बाल
**पहनावा:-** नहीं पता



दिनांक 10.01.2024 को संगीता पत्नी हरिपाल निवासी गली नंबर 04 शीतल नगर, जिला रोहतक थाना शिवाजी कालोनी, रोहतक से बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नंबरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना शिवाजी कालोनी रोहतक:-7082999119
2. पुलिस कन्ट्रोल रूम रोहतक :- 01262-247200,9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना शिवाजी कालोनी रोहतक :- 87082274941

पीआरडीएच-1084/11/2058/2024/24142/88/7 दि. 12.01.24

# श्री रामलला के दर्शन करने आ रहे श्रद्धालुओं के लिए

# अयोध्या में प्रतिदिन 30 हजार लोगों के रुकने का इंतजाम किया योगी सरकार ने, होटल के दामों पर होगा नियंत्रण

एजेंसी ▶▶| अयोध्या

22 जनवरी को श्रीरामलला अपने नव्य, भव्य और दिव्य मंदिर में विराजमान होंगे। कई महीनों में अनेक राज्यों का दौरा कर चुके यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ मेजबान के रूप में 22 जनवरी के बाद लोगों को आमंत्रित भी कर चुके हैं। लिहाजा उनके रहने-खाने, रुकने, साफ सफाई की मुकम्मल व्यवस्था हो, इसके लिए सीएम योगी ने खुद खाका तैयार कर अफसरों को टास्क दे दिया है। योगी सरकार के निर्देश पर शासन-प्रशासन स्तर पर फिलहाल प्रतिदिन 30 हजार लोगों के रुकने की व्यवस्था की जा रही है। श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए इसमें और इजाफा भी किया जाएगा। विगत दिनों रामनगरी आए योगी आदित्यनाथ ने निरीक्षण व समीक्षा बैठकों में साफ-सफाई, आतिथ्य स्वागत व अच्छा व्यवहार हर हाल में सुनिश्चित करने को कहा था।



## 45 एकड़ में बनी 'टेंट सिटी', रह सकते हैं 12 हजार लोग

अयोध्या। 4000 संतों और उनके शिष्यों के लिए अयोध्या में राम जन्मभूमि स्थल से सिर्फ एक किलोमीटर की दूरी पर तीर्थ क्षेत्रपुरम यानी पुराना बाग बिजेसी में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की तरफ से एक मिनी टेंट सिटी तैयार की जा रही है। ये टेंट सिटी 45 एकड़ एरिया में फैली हुई है। इसमें करीब 12000 लोगों के रहने का इंतजाम किया जा रहा है। टेंट सिटी को छह नगरों में बांटा गया है। इन नगरों के नाम मंदिर आंदोलन में जीवन खपाने वाले महापुरुषों के नाम पर रखे गए हैं। विश्व हिन्दू परिषद के केंद्रीय पदाधिकारी और तीर्थ क्षेत्र पुरम के प्रभारी कोटेश्वर ने बताया कि परमहंस रामचंद्र दास, गोरक्ष पीठाधीश्वर महंत अवैद्यनाथ, बाबा राम अभिलाष दास, वामदेव जी महाराज सहित वरिष्ठ पदाधिकारी रहे मोरोपंत पिंगले और ओंकार भावे के नाम पर नगरों के नाम हैं। प्रशासनिक भवन क्षेत्र को अशोक सिंघल परिसर नाम दिया गया है।

## टेंट सिटी में मिलेंगी ये सुविधाएं

- संतों के लिए 1450 कमरे तैयार किए गए हैं। हर कमरे में 3 संतों को ठहराया जाएगा।
- करीब 300 गाड़ियों की पार्किंग के साथ ही चालकों को ठहराने का अलग इंतजाम है।
- अलग-अलग सर्विस प्रोवाइडर्स के लिए मोबाइल टावर्स भी लगाए गए हैं।
- हर नगर में पानी की सप्लाई के लिए दो नलकूप के अलावा 3-3 हजार लीटर का वॉटर टैंक लगाया है।
- प्रत्येक नगर के लिए 12 हजार लीटर पानी का इंतजाम किया गया है।
- पूरे परिसर तक आवाज पहुंचाने के लिए साउंड सिस्टम का इंतजाम है।
- सेंट्रल ट्रांसमिशन के अलावा हर नगर का अपना सूचना प्रसारण केंद्र होगा।
- सूचना प्रसारण केंद्र के जरिए खाने-पीने के लिए साधु-संतों और राम भक्तों को बुलाया जाएगा।
- हर नगर में एक बड़ा भोजनालय होगा। सभी भोजनालय को एक संस्था चलाएगी।
- 6 भोजनालयों में 10000 से 12000 लोगों के खाने-पीने का इंतजाम होगा।
- एक डॉरमेट्री भी बनाई गई है, जिसमें करीब 5000 लोग रह सकेंगे।
- किताबों का एक स्टॉल भी लगाया जाएगा। यहां रामचरितमानस और आध्यात्मिक किताबें रखी जाएंगी।

## होम स्टे-पेइंग गेस्ट में 570 संपत्तियां हुईं ऑन बोर्ड

होम स्टे-पेइंग गेस्ट योजना के तहत भी अयोध्या में काफी कार्य हो चुका है। फिलवक्त यहां 570 संपत्तियां ऑन बोर्ड हो चुकी हैं। प्रति होम स्टे में चार कमरे और दो पीपीआर (पर्सन पर रेशियो) के हिसाब से प्रतिदिन 4400 लोगों के रुकने की व्यवस्था कराई जा रही है। फिलहाल सरकारी स्तर पर 200-200 लोगों की व्यवस्था वाली दो टेंट सिटी तथा तीन आश्रय स्थलों में 5100 व्यक्ति यानी कुल 5400 लोगों के रुकने की व्यवस्था कराई जा रही है। वहीं डॉरमेट्री की व्यवस्था के अनुरूप तीन व्यावसायिक संकुल में प्रस्तावित डॉरमेट्री में 700 बेड्स की व्यवस्था सुचारू रूप से की हो रही है।

## होटल, धर्मशाला, होम स्टे, टेंट सिटी में की जा रहीं व्यवस्थाएं

सीएम योगी के निर्देश पर स्थानीय प्रशासन श्रद्धालुओं व पर्यटकों के रुकने की चाक-चौबंद तैयारी कर रहा है। इसके लिए होटल, धर्मशाला-गेस्ट हाउस, होम स्टे-पेइंग गेस्ट, टेंट सिटी- आश्रय स्थल, डॉरमेट्री आदि में व्यवस्था की जा रही है। फिलहाल तैयारी के अनुसार वर्तमान में 60 होटलों में 40 कमरों के हिसाब से 7200 पीपीडी (पर्सन पर डे) को रोका जाएगा। 171 धर्मशाला-गेस्ट हाउस में 17 हॉल व 2742 कमरों की अनुमानित व्यवस्था है। 2742 कमरों में चार लोगों तथा 17 हॉल में पांच लोगों के ठहरने की व्यवस्था के अनुरूप माना जा रहा है कि 11818 पीपीडी रामनगरी में रुककर दर्शन-पूजन कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### कीटनाशक की गंध से बेहोश होकर गिरे बच्चे



**मुंगेर।** मुंगेर के नॉट्रेडम एकेडमी में पेस्टीसाइड्स की गंध से दर्जनों बच्चे स्कूल परिसर में ही बेहोश हो गए। आननफानन में सभी बच्चों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। बच्चों को ऑक्सीजन देकर उन्हें सांस लेने में राहत देने का प्रयास किया जा रहा है। चिकित्सकों द्वारा विशेषज्ञों की सलाह भी ली जा रही है।

### राजद के मुस्लिम नेता ने पढ़ी हनुमान चालीसा

**बेतिया।** बिहार के बेतिया में राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम के दौरान राजद अल्पंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सादिक खान ने मंच पर हनुमान चालीसा का पाठ शुरू कर दिया। राजद नेता ने कहा कि चंद नफरती लोग देश में भाई को भाई से लड़वाकर नफरत फैलाना चाहते हैं। वहीं, सादिक खान का मंच पर हनुमान चालीसा का पाठ किए जाने का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।



### सीएम योगी ने 'राष्ट्रीय युवा दिवस' के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को किया संबोधित

# जब सही मंजिल और मार्ग का चुनाव करके आगे बढ़ेंगे तो निश्चित ही सफलता मिलेगी

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

सीएम योगी ने शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद जी की जयंती 'राष्ट्रीय युवा दिवस' के अवसर पर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया।

इस दौरान उन्होंने राज्यस्तरीय विवेकानंद यूथ अवॉर्ड एवं उत्तर प्रदेश स्टार्टअप नीति के अंतर्गत स्टार्टअप/ इनक्यूबेटर्स को प्रोत्साहन राशि तथा स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत स्मार्ट फोन/ टैबलेट का वितरण किया। साथ ही सीएम योगी ने 'माय भारत' पोर्टल के माध्यम से स्वच्छता अभियान संबंधी गतिविधियों का शुभारंभ भी किया। इसके अलाव 14 जनवरी से प्रारंभ हो रहे विशेष स्वच्छता अभियान से उन्होंने युवाओं से और प्रदेश के समस्त नागरिकों को जोड़ने का आह्वान किया।

**खास बातें**

- 2 करोड़ युवाओं को जोड़ रही सरकार
- युवाओं को प्रोत्साहन राशि दी जा रही है
- स्मार्ट फोन और टैबलेट वितरित किए
- भारत दुनिया की बड़ी ताकत बनेगा
- जाति, मजहब और क्षेत्र से ऊपर उठें

> सीएम योगी ने 'राष्ट्रीय युवा दिवस' के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि हर राह की एक मंजिल होती है, जब हम अपनी सही मंजिल और मार्ग का चुनाव करके आगे बढ़ेंगे तो निश्चित ही हमें सफलता मिलेगी।



### युवाओं के सपनों को उड़ान देने के लिए संसाधन उपलब्ध

*सीएम योगी ने कहा कि आज यूपी रेवेन्यू सरप्लस राज्य है। अब यूपी के पास युवाओं के सपनों को नई उड़ान देने के लिए सारे संसाधन उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने के लिए पंच प्रण- गुलामी की मानसिकता से मुक्ति, विकसित भारत, विरासत पर गर्व, नागरिक कर्तव्य और एकता एवं एकजुटता का संकल्प दिया है। इन्हीं संकल्पों के साथ यदि हम पूरी ईमानदारी के साथ अपना कार्य करेंगे तो भारत को दुनिया की एक बड़ी ताकत बनने से कोई नहीं रोक पाएगा।*

### युवा हुए सम्मानित



कार्यक्रम में सीएम ने 500 छात्र छात्राओं को टैबलेट वितरित किया। उन्होंने स्टार्टअप श्रेणी में दो और इनक्यूबेटर्स श्रेणी में पांच लोगों को संयुक्त रूप से पौने तीन करोड़ रुपए की सहायता वितरित की। इसके अलावा उन्होंने विवेकानंद यूथ अवॉर्ड के तहत व्यक्तिगत श्रेणी में 10 युवक और युवतियों को प्रशस्ति पत्र और 50-50 हजार रुपए की धनराशि देकर सम्मानित किया। वहीं विवेकानंद यूथ अवॉर्ड के अंतर्गत युवक और महिला मंगल दल के प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले दलों को सीएम योगी ने क्रमशः एक लाख, पचास हजार और 25 हजार रुपए की धनराशि एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया।

### अयोध्या न आने के फैसले पर भड़के कृष्णम

# कांग्रेस पार्टी में कुछ बेताल जो गलत फैसला कराते हैं



एजेंसी ▶▶| अयोध्या

कांग्रेस ने अयोध्या में आगामी 22 जनवरी को राम मंदिर के उद्घाटन और राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के आयोजन में आने से मना कर दिया है। अब इस पर उसे अपने ही नेताओं की नाराजगी झेलनी पड़ रही है। कांग्रेस की यूपी इकाई के नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने राम मंदिर का न्योता ठुकराने की सलाह देने वालों को बेताल और राक्षस तक कह दिया है। अयोध्या पहुंचे कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा, 'कांग्रेस में कुछ बेताल हैं जो कंधे पर बैठकर ग़लत फ़ैसले करा देते हैं। अयोध्या का न्योता ठुकराना दुर्भाग्यपूर्ण। विपक्ष पुनर्विचार करे।

**मैं सबसे कहता हूं स्वीकार करें निमंत्रण**

राम मंदिर के अधूरे होने के दावों और मुहूर्त संबंधी आरोपों पर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा था कि तमाम ज्योतिषाचार्य एक तरफ और भगवान राम एक तरफ। भगवान राम का स्वागत करो। इस निमंत्रण को स्वीकार करो। मंदिर के निमंत्रण को ठुकराना दुर्भाग्य का विषय है। मैं सभी राजनीतिक दलों से कहना चाहता हूं कि निमंत्रण को स्वीकार करो। उन्होंने कहा कि राम किसी एक पार्टी के नहीं है। राम हमारी आस्था के आधार हैं। राम को किसी एक पार्टी तक सीमित नहीं करो। राम को एक पार्टी को सौंपेंगे तो अयोध्या भी एक पार्टी को सौंपना पड़ेगा। जो लोग इस निमंत्रण को अस्वीकार कर रहे हैं उन्हें पुर्नविचार करना चाहिए।

### मुझे नहीं मिला प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण

सपा अध्यक्ष और यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने कहा कि मुझे पता चला है कि मेरे लिए 22 जनवरी का निमंत्रण कूरियर के माध्यम से भेजा गया, लेकिन यह कूरियर मुझे आज तक प्राप्त नहीं हुआ है। मुझे भेजे गए कूरियर की रसीद उपलब्ध करवा दें। जिस तरह से निमंत्रण की खबर चलाई जा रही है, उससे मुझे अपमानित किया जा रहा है ठीक उसी तरह से जैसे सीएम आवास को गंगाजल से धोकर अपमानित किया गया था। भगवान श्री राम के नाम पर हम अपमानित न करें।



## पेज एक का शेष

### बाबा महाकाल...

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को सुभाष एक्सीलेंस स्कूल में योग दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन आदर्श था। उन्होंने भारत की विशेषताओं को संसार के समक्ष प्रस्तुत किया। इस योग दिवस पर विद्यार्थियों के साथ जन-प्रतिनिधियों ने भी भागीदारी की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्वच्छता के क्षेत्र में समस्त प्रदेशवासी इंदौर के सातवीं बार देश का स्वच्छतम नगर चुने जाने की उपलब्धि के लिए बधाई के पात्र हैं। इंदौर के महापौर, संबंधित विभाग, नागरिकगण और सभी जनप्रतिनिधियों को शुभकामनाएं देते हुए डॉ. यादव ने कहा माता अहिल्या की नगरी की यह उपलब्धि स्वच्छता का ताज है। एक बार ताज धारण करना सरल है, लेकिन लगातार ऊंचाई पर बने रहना कठिन होता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2016 से संचालित स्वच्छता अभियान से पूरे विश्व में भारत का मान सम्मान बढ़ाने का कार्य किया है। मप्र इस अभियान में अच्छी रैंकिंग लाता है। देश में मप्र दूसरे स्थान पर रहा है। मप्र के भोपाल, महू और अन्य नगर भी विभिन्न श्रेणियों में स्वच्छता के लिए पुरस्कृत हुए हैं।

### भगवान राम ने...

काले पत्थर की हैं और लगभग 2 फीट ऊंची हैं। ये मंदिर प्रभु श्री राम के सबसे सुंदर मंदिरों में से एक है। विदित हों कि भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण जी ने पंचवटी क्षेत्र में स्थित दंडकारण्य वन में कुछ वर्ष बिताए थे। पंचवटी नाम का अर्थ है 5 बरगद के पेड़ों की भूमि। इस बारे में किंवदंती है कि भगवान राम ने यहां अपनी कुटिया स्थापित की थी क्योंकि 5 बरगद के पेड़ों की उपस्थिति ने इस क्षेत्र को शुभ बना दिया था।

### प्रभु ने मुझे प्राण...

हैं। जनता-जनार्दन में ईश्वर का रूप होता है, ये मैंने साक्षात देखा है, महसूस किया है। लेकिन, जब ईश्वर रूपी वही जनता शब्दों में अपनी भावनाएं प्रकट करती है, आशीर्वाद देती है, तो मुझमें भी नई ऊर्जा का संचार होता है। आज, मुझे आपके आशीर्वाद की आवश्यकता है।

### मुंबई से नवी...

पेरिस के एफिल टॉवर से 17 गुना ज्यादा मजबूत है। इसे 10 देशों के एक्सपर्ट और 15 हजार स्किल्ड वर्कर्स ने मिलकर तैयार किया है। यह पुल लगभग 21.8 किमी लंबा छह लेन वाला पुल है, जिसकी लंबाई समुद्र के ऊपर लगभग 16.5 किमी और जमीन पर लगभग 5.5 किमी है। यह मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को सीधा संपर्क प्रदान करेगा और मुंबई से पुणे, गोवा और दक्षिण भारत की यात्रा के समय को भी कम करेगा। इस पुल से मुंबई बंदरगाह और जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह के बीच संपर्क में भी सुधार होगा।

### कैंप जा रहे जवानों...

वाहन से वापस कैंप जा रहे थे जवानः अधिकारियों ने बताया कि जिन वाहनों पर हमला हुआ, वे सुरक्षाकर्मियों को वापस कैंप में ले जा रहे थे। सेना के काफिले पर यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी समेत हाई रैंकिंग ऑफिसर रणनीति बनाने के लिए पुंछ में हैं।

### तहरीक-ए-हुर्रियत...

को गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम-1967 (यूएपीए) के तहत 27 दिसंबर और तहरीक-ए-हुर्रियत को इसी कानून के तहत 31 दिसंबर 2023 को प्रतिबंधित किया था। यूएपीए के तहत जब्त की जाएगी संपत्तिः गुरुवार को जारी अधिसूचना के अनुसार यूएपीए की धाराओं में संपत्ति जब्त करने का कार्य राज्य सरकार करेगी। यूएपीए की धारा 7 गैरकानूनी संगठन द्वारा धन के इस्तेमाल को प्रतिबंधित करने और धारा 8 गैरकानूनी संगठन द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले स्थानों को अधिसूचित करने से संबंधित है।

**जेल में है मसरत आलम भटः** गृह मंत्रालय ने जम्मू-कश्मीर में भारत विरोधी दुष्प्रचार करने के लिए तहरीक-ए-हुर्रियत को पांच साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया था। संगठन की स्थापना गिलानी ने की थी और मसरत आलम भट उसका उत्तराधिकारी बना। भट भारत विरोधी रुख और पाक परस्ती के लिए भी जाना जाता है और मौजूदा समय में जेल में है।

### राम मंदिर निर्माण...

**देश को 45 जोन में बांटा गयाः** इसके लिए विहिप ने पहले ही देशभर में अपने कार्यकर्ताओं को तैनात कर दिया है, जिन्हें ऐसे आमंत्रित लोगों की पहचान करने और उनकी अयोध्या यात्रा की व्यवस्था करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। विहिप अध्यक्ष ने बताया कि पूरे देश को 45 क्षेत्रों में विभाजित किया गया है और प्रत्येक क्षेत्र में लगभग 1,500 से 2,500 तीर्थयात्रियों का कोटा है जो यात्रा करेंगे। रेल मंत्रालय से 27 जनवरी से 22 फरवरी के बीच इस उद्देश्य के लिए 44 विशेष ट्रेनें चलाने का अनुरोध किया गया है। तीर्थयात्रियों के आने पर, उनके आवास, भोजन और दर्शन की व्यवस्था हमारी ओर से की जाएगी।

### एसटीएफ ने किया खुलासा

# आईएसआई हैंडलर भारत विरोधी गतिविधियों को दे रहे अंजाम

एजेंसी ▶▶| शामली



आईएसआई एजेंट तहसीम उर्फ मोटा की गिरफ्तारी के बाद यह खुलासा हो गया है कि कैराना में पूर्व में मजदूरी, कपड़े की बिक्री करने वाले इकबाल काना, दिलशाद मिर्जा, हमीदा और शाहिद आईएसआई हैंडलरों के संपर्क में रहकर भारत के खिलाफ देश विरोधी गतिविधियां न सिर्फ संचालित कर रहे हैं बल्कि अधिक से अधिक लोगों को भी अपने साथ जोड़ने का कार्य किया जा रहा है।तहसीम ने एसटीएफ की पूछताछ में खुलासा किया कि पाकिस्तान में जाने के दौरान वह कैराना की महिला आईएसआई एजेंट हमीदा के संपर्क में आ गया था। हमीदा ने ही कैराना के शाहिद, दिलशाद मिर्जा, इकबाल काना से उनकी मुलाकात कराई और देश विरोधी गतिविधियों के भारत में

### इलाहबाद हाइकोर्ट का निर्णय

# सरकारी टीचर्स को मनचाहे जिले में ट्रांसफर पाने का अधिकार नहीं

एजेंसी ▶▶| प्रयागराज

यूपी के बेसिक स्कूलों में टीचर्स के एक से दूसरे जिले में ट्रांसफर को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट का महत्वपूर्ण फैसला आया है। हाईकोर्ट ने कहा, टीचर्स को मनचाहे जिले में ट्रांसफर पाने का कोई संवैधानिक अधिकार नहीं है। अदालत ने कहा कि ट्रांसफर नीति प्रशासनिक फैसला होती है। यह कोई वैधानिक प्रावधान नहीं है।

अदालत ने कहा कि ट्रांसफर



प्रक्रिया के मूल अधिकार में शामिल नहीं होने की वजह से कोर्ट इस मामले में सीधे तौर पर दखल नहीं दे सकती। हाईकोर्ट ने कहा, जब तक किसी मामले में मनमानी न हो, तब तक सीधे तौर पर दखल देना उचित नहीं है।

**62 साल में सेवानिवृत्त होंगे केवीके वैज्ञानिक**

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि कृषि विश्वविद्यालयों से संबद्ध कृषि विज्ञान केंद्रों में कार्यरत वैज्ञानिक भी विवि के सहायक प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर व प्रोफेसर जैसी मिल रहीं सुविधाओं के हकदार हैं। इसलिए ये भी 62 वर्ष की आयु में सेवानिवृत्त होंगे। कोर्ट ने इन्हें 60 साल में सेवानिवृत्त करने के आदेश को रद्द कर दिया। साथ ही कहा है कि बकाया वेतन सहित 62 वर्ष की आयु तक कार्य करने के हकदार हैं। यह आदेश न्यायमूर्ति अजित कुमार ने दिया।

### युवा दिवस पर कुरुक्षेत्र में सीएम मनोहर का ऐलान

# 1.80 लाख तक आय वाले परिवारों के 60,000 युवाओं को मिलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शुक्रवार को मिशन 60,000 की घोषणा करते हुए कहा कि 1.80 लाख रुपये से कम वार्षिक आय वाले परिवारों के 60,000 युवाओं को रोजगार दिए जाएंगे। इसके अलावा, 60,000 ग्रुप सी और डी पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया कुछ माह में पूरी होगी। सीएम ने कहा कि 15 दिनों के अंदर 13,000 से अधिक सरकारी नौकरियां बिना इंटरव्यू के मिलेंगी।






**कुरुक्षेत्र।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित राज्य स्तरीय विवेकानंद युवा महासम्मेलन में संबोधित करते हुए।

### कहां कितने पद भरे जाएंगे

सीएम मनोहर लाल ने कहा कि मिशन 60,000 के तहत, सरकार 1.80 लाख से कम वार्षिक आय वाले परिवारों के 7,500 युवाओं को वन मित्र बनाएगी। 15,000 अनुबंधित कर्मचारी, 10,000 ट्रेंड वर्कर फैक्ट्री में, 15,000 सिविल इंजीनियरिंग के ठेकेदार और 7,500 अटल सेवा केंद्र के ऑपरेटर भर्ती किए जाएंगे।

**5000 को विदेश में रोजगार :** विदेशी सहयोग विभाग के माध्यम से 5,000 युवाओं को विदेश में रोजगार की सुविधा प्रदान की जाएगी। सिविल इंजीनियरिंग क्षेत्र में ट्रेनिंग देकर युवाओं को नए ठेकेदार बनाया जाएगा। एक साल तक तीन लाख रुपये तक का बिना गारंटी का लोन मुहैया कराया जाएगा। अगर यह युवा अपने गांव और क्षेत्र में 25 लाख तक का कार्य करते हैं तो कोई गारंटी नहीं ली जाएगी। सीएम ने बताया कि 1,10,000 नौकरी अभी तक मौजूदा सरकार में दी गई हैं।



# अनुपम खेर ने पूरी की 'छोटा भीम' की शूटिंग

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अनुपम खेर इन दिनों अपनी फिल्म 'छोटा भीम' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। अब उन्होंने लाइव-एक्शन फिल्म 'छोटा भीम' की शूटिंग पूरी कर ली है, जिसकी जानकारी अभिनेता ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा करते हुए दी। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शूटिंग सेट से कुछ तस्वीरें साझा कीं और बताया कि फिल्म की शूटिंग खत्म हो चुकी है। तस्वीरें साझा करते हुए उन्होंने लिखा, 'और यह छोटा भीम फिल्म के लिए रैप है। क्या खूबसूरत अनुभव है। फिल्म में बच्चों का अभिनय सनसनीखेज है। अभिनय और सहजता के बारे में उनसे बहुत कुछ सीखने को मिला।

लाइफ Style

# जाह्नवी

## सारा पर आया गुस्सा, उठा लिया ये कदम

एजेंसी ▶▶ मुंबई

जाह्नवी कपूर काफी समय से शिखर पहारिया को डेट कर रही हैं। कई बार दोनों को साथ में स्पॉट किया गया है। इतना ही नहीं कई बार जाह्नवी, शिखर के साथ मंदिर में भगवान का आशीर्वाद लेने भी जाती हैं। हालांकि कुछ दिनों पहले शिखर को सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा के साथ स्पॉट किया गया।

इसके बाद अब खबर आ रही है कि जाह्नवी ने सारा को सोशल मीडिया पर अनफॉलो कर दिया है। वैसे तो जाह्नवी की फॉलोइंग लिस्ट में सारा का नाम नहीं है। लेकिन इस बात को लेकर हम दावा नहीं करते कि पहले वह अन्हें फॉलो करती थीं या नहीं। बता दें कि कुछ दिनों पहले सारा और शिखर साथ में पार्टी करके गाड़ी में जाते हुए दिखे। सारा जहां पीछे बैठी थीं। वहीं शिखर आगे बैठे थे। दोनों को साथ में देखकर कई सवाल खड़े हो रहे थे कि कहीं जाह्नवी और शिखर अब साथ तो नहीं, लेकिन फैंस का कहना है कि हो सकता है दोनों अच्छे दोस्त और बस पार्टी कर रहे हों। वैसे बता दें कि जाह्नवी कुछ समय पहले करण जौहर के शो कॉफी विद करण में पहुंचीं। इस दौरान जाह्नवी ने अपनी पर्सनल लाइफ स्पेशयली डेटिंग लाइफ के बारे में बात की। जाह्नवी ने बताया कि कैसे पहले वह शिखर के साथ रिलेशनशिप में थीं फिर इनका ब्रेकअप हो गया और बाद में दोनों साथ आए। जाह्नवी ने शिखर का खुशी और बोनी के साथ बॉन्ड के बारे में भी बताया था। उन्होंने कहा था, ना सिर्फ मेरे लिए बल्कि खुशी और पापा यहां तक की परिवार में सबके लिए शिखर साथ रहा है। जब दोस्त रहे तब भी। वह बिना अपने बारे में सोचे बस सबके लिए आगे रहता है।



हॉलीवुड मसाला



# तस्वीर ने मचाई सनसनी

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड की फेमस सिंगर सेलेना गोमेज अपने गानों पर लाखों-करोड़ों लोगों को थिरकने पर मजबूर कर देती हैं। फैंस उनकी आवाज के कायल हैं। प्रोफेशनल लाइफ के साथ-साथ उनकी पर्सनल लाइफ भी खूब चर्चा में रहती है। सेलेना इन दिनों बेनी ब्लैंको को डेट कर रही हैं। अब उन्होंने खुद ये बात दुनिया को बता दी है, क्योंकि हाल ही में गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड मिलने के बाद सेलेना ने खुशी से झूमते हुए अपने नए बॉयफ्रेंड को लिप किस कर लिया। उनकी तस्वीर ने सोशल मीडिया पर सनसनी मचा दी है।



# घर में मृत पाई गईं पोर्न स्टार थैना फील्ड्स

**लॉस एंजिलिस।** पेरू की रहने वाली पोर्न स्टार थैना फील्ड्स की मौत हो गई है। वह अपने घर में मृत पाई गईं। थैना फील्ड्स की मौत ने हर किसी को चौंका दिया है क्योंकि कुछ समय पहले ही उन्होंने अडल्ट फिल्म इंडस्ट्री में अपने साथ हुए शोषण और दुर्व्यवहार को लेकर खुलासा किया था। उन्होंने इंडस्ट्री के कई बड़े लोगों पर आरोप लगाए थे। इन आरोपों के कुछ ही महीनों बाद वह मृत पाई गईं। थैना फील्ड्स पेरू के पॉपुलर पोर्न स्टार्स में से एक थीं। उनके आरोपों ने पूरी इंडस्ट्री में सनसनी मचा दी थी। थैना फील्ड्स के एक साथी और अडल्ट कंटेंट क्रिएटर अलेजेन्ड्रा स्वीट ने एक इंटरव्यू में फील्ड्स की मौत की पुष्टि की और कहा कि वह इस बारे में और अधिक नहीं बता सकते। वह थैना फील्ड्स की मौत से बहुत दुखी हैं और सदमे में हैं। अल्जेंड्रा स्वीट ने अपने इंस्टाग्राम



# 90 की क्वीन बन छाने को है तैयार

**मुंबई।** रवीना टंडन ने वेब सीरीज 'अरण्यक' से ओटीटी पर दमदार डेब्यू किया था। पहली सीरीज की जबरदस्त सफलता के बाद अब ये एक्ट्रेस एक और थ्रिलर-सस्पेंस सीरीज के साथ ओटीटी पर वापसी करने जा रही हैं। रवीना टंडन की मच अवेटेड वेब सीरीज 'कर्मा कॉलिंग' का शुक्रवार को ट्रेलर रिलीज हो गया है। इस अपकमिंग सीरीज के ट्रेलर में रवीना टंडन का बेहद ग्लैमरस और दमदार अवतार देखने को मिला है। वेब सीरीज 'कर्मा कॉलिंग' में रवीना अरबों की मालकिन इंद्राणी कोठारी के किरदार में नजर आने वाली हैं। इंद्राणी कोठारी 90 के दशक की बॉलीवुड क्वीन रहती हैं जिन्होंने एक बेहद अमीर इंसान से शादी की है। बॉलीवुड से दूर इंद्राणी कोठारी अब अलीबाग में एक आलीशान महल में अपने परिवार के साथ शान-ओ-शौकत



# 'रामायण' की शूटिंग शुरू करेंगे रणबीर!

**मुंबई।** 'एनिमल' की ब्लॉकबस्टर सफलता के बाद रणबीर कपूर, साई पल्लवी के साथ महाकाव्य 'रामायण' पर काम शुरू करने वाले हैं। फिल्म का निर्देशन नितेश तिवारी करेंगे। यह एक हाई बजट फिल्म है, जिसके निर्माण में निर्माता हर एक छोटी सी छोटी चीज पर खासा ध्यान दे रहे हैं। फिल्म के एलान के बाद से ही फैंस इसके फ्लोर पर आने का इंतजार कर रहे हैं। अब यह इंतजार खत्म होता नजर आ रहे है। ताजा रिपोर्ट के अनुसार, रणबीर कपूर 2 मार्च से 'रामायण' की शूटिंग शुरू करेंगे। साथ ही दो अन्य शेड्यूल पर भी बड़ा अपडेट सामने आया है। रिपोर्ट्स की मानें तो, रणबीर कपूर 2 मार्च से मुंबई में 'रामायण' की शूटिंग शुरू करेंगे। इसके बाद अप्रैल और मई में भी दो शेड्यूल की योजना है। रिपोर्ट के सामने आते ही इस सिनेमाई तमाशे को लेकर प्रत्याशा बढ़ गई है।

टीवी मसाला

# मालदीव को भूल थाईलैंड ट्रिप पर निकली सवी



**मुंबई।** फेमस टीवी एक्ट्रेस भाविका शर्मा 'गुम है किसी के प्यार में' में अपनी एक्टिंग से दर्शकों का दिल जीत रही हैं। अपने टैलेंट और अच्छे लुक्स के लिए जानी जाने वाली भाविका का सोशल मीडिया गेम भी टॉप पर रहता है। अपने फॉलोअर्स के साथ फनी रील्स वीडियो शेयर करने से लेकर ग्लैमरस तस्वीरों के साथ लोगों का एंटरटेनमेंट करने तक, एक्ट्रेस अक्सर अपने फैंस को अपडेटेड रखती हैं। उनकी हालिया तस्वीरें थाईलैंड ट्रिप की हैं, जो इंटरनेट पर आग लगा रही हैं। भाविका ने थाईलैंड में अपनी हालिया छुट्टियों की फोटोज शेयर कीं। सड़क पर खड़े होकर शहर की हलचल को निहारते हुए, भाविका अपने स्टाइलिश आउटफिट में बेहद खूबसूरत लग रही थीं।


# मुनव्वर की बहन और जीजा ने किया आयशा के दावों पर पलटवार

**मुंबई।** मुनव्वर फारूकी के बारे में आयशा खान ने तमाम बातें बोली हैं। 'बिग बॉस 17' में जबसे वह वाइल्डकार्ड के तौर पर आई हैं। तब से वह स्टैंडअप कॉमेडियन के बारे में चौंकाने वाले दावे कर रही रही हैं। हाल ही के एपिसोड में उन्होंने ये भी कहा था कि मुनव्वर ने किसी फेमस सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर को शादी का रिश्ता भी भेजा है। इतना ही नहीं, उनके कैरेक्टर की भी धज्जियां उड़ाई थी। अब 'लॉक अप' विनर की फुफेरी बहन और बहनोई ने रिएक्ट किया है। नॉमिनेशन टास्क के बाद आयशा खान बुरी तरह फट पड़ीं। जैसे ही मुनव्वर ने उनको नॉमिनेट किया, तो वह आग बबूला हो गईं। इसके बाद वह घरवालों से मुनव्वर के चिथड़े उड़ाने की बात कहने लगीं। साथ ही उनकी हर चीज का मजाक बनाने के अलावा कई चौंकाने वाले दावे भी करने लगीं। चैट पर हुई बातें बताईं। साथ ही ये भी खुलासा किया कि उनके और नाजिला के कितने अच्छे संबंध हैं। वह दोनों ही मुनव्वर की इंग्लिश का मजाक उड़ाती हैं।



# इमरान ने खरीदी साढ़े 12 करोड़ की गाड़ी





**मुंबई।** इमरान हाशमी नए साल में नई लग्जरी कार घर लेकर आए हैं। उन्होंने गुरुवार को एक शानदार रोल्स-रॉयस घोस्ट ब्लैक बैज खरीदा। इमरान को मुंबई में कई जगहों पर क्लिक किया गया। उन्हें अपनी नई कार में जाते हुए स्पॉट किया गया। 12.25 करोड़ रुपए की एक्स-शोरूम कीमत के साथ, यह भारत की सबसे महंगी कारों में से एक है। इमरान हाशमी ने इस गाड़ी को खरीदकर कई सुपरस्टार्स को पीछे छोड़ दिया है। अपनी नई फिल्म 'टाइगर 3' की सफलता के बाद इमरान गुरुवार को एक नई रोल्स-रॉयस घर खरीदी। एक्टर की कार में सवारी करते हुए वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं।

## सम्राट पृथ्वीराज के फ्लॉप होने पर रोए थे अक्षय कुमार



**मुंबई।** अक्षय कुमार की फिल्म सम्राट पृथ्वीराज दर्शकों को पसंद नहीं आई। यह सिर्फ फ्लॉप ही नहीं हुई बल्कि अक्षय को जमकर ट्रोल भी किया गया था। फिल्म में कई गलतियां थीं, जिनका मजाक उड़ा। अक्की को इस बात का अहसास है और वह शर्मिंदा भी हुए। फिल्म के डायरेक्टर चंद्रप्रकाश द्विवेदी ने अब फिल्म से जुड़ी कुछ बातें बताई हैं। उन्होंने एक इंटरव्यू के दौरान बताया कि जब सम्राट पृथ्वीराज फेल हुई तो अक्षय रोए थे। उन्हें उम्मीद थी कि फिल्म बहुत चलेगी। अक्षय कुमार की मूवी मिशन रानीगंज को दर्शकों का खास रिस्पॉन्स नहीं मिला। हालांकि ओएमजी 2 ने ठीक-ठाक कमाई।

# 'कल्कि 2898 एडी' 9 मई को होगी रिलीज



**मुंबई।** प्रभास और अमिताभ बच्चन स्टारर फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' को लेकर फैन्स काफी एक्साइटेड हैं। इस फिल्म की रिलीज का सभी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। जहां पहले इस फिल्म का नाम बदला गया था। वहीं, इसको पोस्टपोन करने की भी खबरें सामने आ रही थीं। मगर अब इसकी ऑफिशियल रिलीज डेट आ गई है, जो कि 9 मई को सिनेमाघरों में उतारी जाएगी। ये फिल्म हिंदी के अलावा तेलुगू में आएगी। 600 करोड़ रुपए के बजट में बनी कल्कि 2898 एडी का नाम पहले 'प्रोजेक्ट के' था। इसकी एक झलक कुछ समय पहले दिखाई गई थी, जो कि बहुत चर्चा का विषय बना था। प्रभास की जहां 'आदिपुरुष' फ्लॉप साबित हुई। वहीं, 'सालार' ने उन्हें तिनके का सहारा दिया। अब इस मूवी से भी उनके करियर को नई उड़ान मिलेगी या नहीं, रिलीज के बाद ही मालूम होगा। पहले बताया गया था कि ये साइंस फिक्शन फिल्म 12 जनवरी को आने वाली थी। फिर खबर आई कि शायद मार्च या फिर अप्रैल, 2024 में रिलीज हो सकती है।

## दर्शकों की रुचि को ध्यान में रखकर अलग-अलग जॉनर की फिल्मों का निर्माण

# अटल से इंदिरा तक... साल 2024 में होगी बायोपिक की धूम

मुंबई। भारतीय सिनेमा का स्तर दिन-ब-दिन व्यापक होता जा रहा है। दर्शकों की रुचि को ध्यान में रखकर अलग-अलग जॉनर की फिल्मों का निर्माण किया जा रहा है। आज कॉमेडी, एक्शन से लेकर थ्रिलर समेत कई जॉनर की फिल्में और वेब सीरीज दर्शकों का मनोरंजन कर रही हैं। इसी कड़ी में बीते कुछ सालों से बायोपिक का चलन भी काफी बढ़ा है। साल 2024 भी बायोपिक से गुलजार होने वाला है। इस साल कई बहुप्रतीक्षित बायोपिक पर्दे पर धमाल मचाने आएंगी। आइए इनकी सूची पर गौर फरमा लेते हैं-

### 'मैं अटल हूं'

पंकज त्रिपाठी, पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की बायोपिक का नेतृत्व करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। 'मैं अटल हूं' का उद्देश्य राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेता पंकज त्रिपाठी के चित्रण के माध्यम से अटल बिहारी वाजपेयी की विरासत को जीवंत करना और उनके प्रभावशाली कार्यकाल को प्रतिबिंबित करना है। बहुप्रतीक्षित फिल्म 19 जनवरी, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।




### अजय ने सजाई 'मैदान'

अजय देवगन की फिल्म 'मैदान' की रिलीज डेट कई दफा बदली जा चुकी है। इसे साल 2020 से लेकर अब तक टाला जा रहा है। 'मैदान' में अजय देवगन के अलावा प्रियामणि और गजराज राव जैसे सितारे भी मुख्य भूमिका में हैं। अमित शर्मा के डायरेक्शन में बनी यह मूवी वर्ष 1952 और 1962 के बीच भारतीय फुटबॉल के स्वर्ण युग पर आधारित है।

### 'चकदा एक्सप्रेस' की धूम

*बॉलीवुड अभिनेत्री अनुष्का शर्मा अपनी अपकमिंग फिल्म 'चकदा एक्सप्रेस' को लेकर सुर्खियों में हैं, जो भारतीय महिला क्रिकेटर झूलन गोस्वामी की बायोपिक है। इस फिल्म में अनुष्का धमाकेदार क्रिकेट खेलती नजर आएंगी, जिसके लिए अभिनेत्री ने कड़ी ट्रेनिंग ली है।*

### कार्तिक की 'चंदू चैंपियन'

कार्तिक आर्यन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'चंदू चैंपियन' को लेकर चर्चा में हैं। कार्तिक के फैंस उन्हें इस स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म में देखने के लिए बेकरार हैं।

### 'इमरजेंसी' की चर्चा

कंगना रणौत अपनी अपकमिंग फिल्म 'इमरजेंसी' को लेकर चर्चा में हैं, जिसमें कंगना दिवंगत प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका निभाती नजर आएंगी। 'इमरजेंसी' में कंगना न सिर्फ पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका में नजर आएंगी, बल्कि उन्होंने इसके निर्देशन की कमान भी संभाली है। इस फिल्म मे अनुपम खेर, श्रेयस तलपड़े, महिमा चौधरी और सतीश कौशिक भी हैं। फिल्म इस साल रिलीज होगी। हालांकि, इसकी रिलीज डेट से पर्दा उठना अभी भी बाकी है।






### 'छावा: द ग्रेट वॉरियर'

विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना अभिनीत बहुप्रतीक्षित ऐतिहासिक ड्रामा 'छावा: द ग्रेट वॉरियर' अपने ऐलान के बाद से ही लाइमलाइट में है। फिल्म की कहानी महान मराठा राजा छत्रपति शिवाजी महाराज के पुत्र छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित है। 'छावा: द ग्रेट वॉरियर' का निर्माण दिनेश विजन और जियो स्टूडियोज द्वारा किया गया है। फिल्म 6 दिसंबर, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

यादव वोट बैंक को भाजपा की तरफ मोड़ेंगे

# सीएम डॉ. यादव को पीएम मोदी ने दी बड़ी जिम्मेदारी, 18 को बिहार के दौरे पर रहेंगे

**भाजपा बिहार और यूपी में सीएम मोहन यादव को स्टार प्रचारक के रूप में भेज सकती है**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीएम डॉ. मोहन यादव को एक और बड़ी जिम्मेदारी दी है। पीएम मोदी सीएम मोहन को लेकर प्रोग्रेसिव तरीके से सोच रहे हैं। 18 जनवरी को सीएम मोहन यादव बिहार जाएंगे। बिहार में यादव जाति का बड़ा वोट बैंक है। ये आमतौर पर जेडीयू और आरजेडी जैसी क्षेत्रीय दलों को ही ज्यादा संख्या में वोट करता आ रहा है, लेकिन बिहार के यादव जाति के वोटर्स को



भाजपा की तरफ मोड़ने की जिम्मेदारी सीएम मोहन को दी गई है। बिहार में आज भी यादवों के बड़े नेता लालू यादव ही हैं। बिहार में आरजेडी और यूपी में समाजवादी पार्टी को यादवों की पार्टी ही माना जाता है। भाजपा आगामी लोकसभा चुनाव में यूपी और बिहार में इस मिथक को तोड़ना चाहती है कि यादवों की हितैषी पार्टियां सिर्फ सपा और आरजेडी हैं। भाजपा यादवों की हितैषी पार्टी है और मप्र में एक यादव को मुख्यमंत्री बनाया है। भाजपा यादवों के साथ ओबीसी वर्ग को भी यह संदेश देना चाहती है कि वो उनकी असली हितैषी पार्टी है। भाजपा लगातार ओबीसी वर्ग से सीएम बना रही है।

# राहुल गांधी की न्याय यात्रा मध्यप्रदेश में 7 दिन में 9 जिलों से होकर तय करेगी 698 किलोमीटर का सफर :सपरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। मध्य प्रदेश कांग्रेस लोकसभा चुनाव मीडिया प्रभारी चरण सिंह सपरा ने गुरुवार को कांग्रेस कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि 14 जनवरी से राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू होने जा रही है। यात्रा एमपी में 7 दिन रहकर 9 जिलों से होकर 698 किलोमीटर की सफर तय करेगी। सपरा ने कहा कि यात्रा के दौरान एमपी में बेरोजगारी, मंहगाई, किसानों के मुद्दे, दलित और आदिवासियों पर बढ़ते



अत्याचार पर फोकस रहेगा। मध्य प्रदेश में बढ़ते महिला अपराध पर भी बात की जाएगी। सपरा ने कहा कि दलित पर अपराध में 46.11% और आदिवासियों पर 48.15 % की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की यात्रा में देश की सुरक्षा पर भी जनता से बात बात होगी।

**भाजपा पर जड़े आरोप**

भाजपा किस तरीके से सत्ता और पैसों का दुरुपयोग करती है, उसके विरुद्ध भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाली जा रही है। यात्रा में केवल कांग्रेस ही नहीं बल्कि इंडिया गठबंधन के सभी नेताओं को भी आमंत्रित किया गया है। उन्होंने इस बीच प्रदेश सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि एमपी में भी सरकार दिल्ली के रिमोट कंट्रोल से चल रही है।

## जल संसाधन मंत्री सिलावट ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री शेखावत से मुलाकात में कहा

# केन-बेतवा परियोजना से ग्वालियर-चंबल क्षेत्र में सिंचाई के लिए अतिरिक्त पानी उपलब्ध होगा

**मध्य प्रदेश 41 लाख और उत्तर प्रदेश 21 लाख आबादी को पेयजल की सुविधा मिलेगी, ई.आर.सी.पी. परियोजना**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने प्रदेश में चल रही विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं मुख्यतः केन बेतवा राष्ट्रीय परियोजना, ईआरसीपी परियोजना के संबंध जानकारी दी। केन्द्र सरकार से इन योजनाओं की समय अवधि में पूर्ण होने के संबंध में चर्चा की। शेखावत ने प्रदेश में चल रही समस्त सिंचाई परियोजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया।

मंत्री सिलावट ने केंद्रीय मंत्री को परियोजना का संशोधित एमओयू भी प्रस्तुत किया और केन बेतवा परियोजना से संबंधित क्षेत्र की अन्य नदियों के संबंध में परियोजना की कार्य योजना भी प्रस्तुत की। सिलावट ने बताया कि केन-बेतवा परियोजना के द्वितीय चरण और उससे संबंधित परियोजना के लिये संशोधित कार्ययोजना बनाई जाकर प्रस्तुत की गई है। इससे ग्वालियर-चंबल क्षेत्र में सिंचाई के लिये अतिरिक्त पानी उपलब्ध होगा और उद्योग धंधे लगने से रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। केंद्रीय मंत्री ने कार्ययोजना का विस्तार करने और इसे जल्दी ही मंजूरी दिलाने का आश्वासन दिया।

पतने सिंचाई परियोजना के निर्माण होने पर पन्ना टाइगर रिजर्व क्षेत्र में प्रस्तावित टनल निर्माण की आवश्यकता



**कुम्भराज- 1 एवं कुम्भराज-2 बांध में होगा बदलाव**

मंत्री सिलावट ने बताया कि मध्य प्रदेश द्वारा पार्वती उपकछार के वॉटर बजट में 182 मिघमी पानी का उपयोग कुम्भराज कॉम्पलेक्स में किए जाने से एक बांध के स्थान पर कुम्भराज कॉम्पलेक्स अंतर्गत दो बांध (कुम्भराज- 1 एवं कुम्भराज-2) को संशोधित एमओयू में रखा जाना प्रस्तावित है। दोनों राज्यों के मध्य पूर्व में जल बंटवारे के अनुबंध को प्रभावित किए बिना जल का विनिमय कालीसिंध एवं अपर चंबल उप कछार में किया जाना प्रस्तावित है।

**केन-बेतवा लिंक एक राष्ट्रीय परियोजना**

केन-बेतवा लिंक परियोजना को वर्ष 2009 में नदी जोड़ो परियोजना अंतर्गत एक राष्ट्रीय परियोजना घोषित किया गया। परियोजना के लिये 44 हजार 605 करोड़ की राशि प्रदान की गई है। केन-बेतवा लिंक राष्ट्रीय परियोजना प्रथम चरण के अंतर्गत परियोजना को एक राष्ट्रीय परियोजना के रूप में केन्द्र सरकार द्वारा 90 प्रतिशत एवं राज्य सरकार द्वारा 10 प्रतिशत (राज्यों) के अनुपात में व्यय का निर्धारण किया गया है। इस परियोजना से बुन्देलखण्ड क्षेत्र अंतर्गत मध्यप्रदेश केन बेसिन में कुल 6.06 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में वार्षिक सिंचाई तथा उत्तर प्रदेश के 2.51 लाख हेक्टेयर कुल 8.56 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में वार्षिक सिंचाई सुविधा मिलेगी तथा 62 लाख (मध्य प्रदेश 41 लाख और उत्तर प्रदेश 21 लाख) आबादी को पेयजल की सुविधा प्राप्त होगी। परियोजना से केन नदी कछार में मध्य प्रदेश के छतरपुर, पन्ना, टीकमगढ़, निवाड़ी एवं दमोह जिले लाभांवित होंगे। केन से बेतवा नदी को जोड़ने के लिये दौधन बांध एवं लिंक केनाल का निर्माण किया जायेगा। साथ ही दो टनल एवं दो पावर हाउस भी इसमें शामिल हैं।

**पन्ना में कृषि भूमि सिंचाई के लिये अतिरिक्त लाभ मिलेगा**

*जल संसाधन मंत्री सिलावट ने बताया कि पन्ना जिले को सिंचाई सुविधा का अतिरिक्त लाभ प्रदाय किया जा रहा है। इसके लिये विभाग की प्रस्तावित पतने सिंचाई परियोजना लागत रू. 3062 करोड़, सिंचाई क्षेत्र 1 लाख 20 हजार हैक्टेयर को केन-बेतवा परियोजना में शामिल किया जाना प्रस्तावित है। पतने सिंचाई परियोजना के निर्माण होने पर पन्ना टाइगर रिजर्व क्षेत्र में प्रस्तावित टनल निर्माण की आवश्यकता नहीं होगी। पन्ना जिले का 70 हजार हेक्टर कमाण्ड क्षेत्र पतने सिंचाई परियोजना में शामिल है।*

**ई-नगर पालिका हैक मामले पर नेता प्रतिपक्ष का बड़ा आरोप**

# तीन हफ्ते बीत जाने के बाद भी अब तक व्यवस्थाएं सुचारू रूप से चालू नहीं हो पाईं

हरिभूमि न्यूजः भोपाल

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार ने ई-नगर पालिका सॉफ्टवेयर के हैक मामले में प्रदेश की भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि 21 दिसंबर को कथित सायबर अपराधियों ने मध्यप्रदेश में ई-नगरपालिका पोर्टल के डाटा को हैक कर लिया था और लगभग तीन हफ्ते बीत जाने के बाद भी अब तक व्यवस्थाएं सुचारू रूप से चालू नहीं हो पाई हैं।



इस सायबर अटैक से पूरे प्रदेश की 412 नगर पालिकाओं के डाटा को नुकसान पहुंचा है, सिर्फ ऑफलाइन और बैकअप डाटा ही अभी तथाकथित रूप से बचाया गया है। नेता प्रतिपक्ष ने आगे लिखा कि प्रॉपर्टी, सीवरेज, जल कर, मैरिज सर्टिफिकेट, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जैसे तमाम अतिमहत्वपूर्ण काम अभी पूरी तरह से पटरी पर नहीं आ पाए हैं।

**मप्र को बदनाम करने के प्रयासों के लिए माफी मांगें सिंघारः अग्रवाल**

भोपाल। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के ई-नगरपालिका पोर्टल पर सोशल मीडिया पर दिए गए बयान को लेकर भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने पलटवार किया है। प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट के माध्मय से उमंग सिंघार के आरोप को नकारते हुए कहा कि लगता है सारे झूठ बोलने और भ्रम फैलाने की गठरी कांग्रेस ने आपके सिर पर रख दी है। पहले लाड़ली बहना योजना को लेकर आपके झूठ का पर्दाफाश हो गया था और अब ई-नगरपालिका पोर्टल के बारे में भ्रम फैलाने पर। जिस तरह 10 जनपथ के राजकुमार राहुल गांधी विदेशों में जाकर देश को बदनाम करने की कोशिश करते हैं, पूर्व सीएम कमलनाथ मध्यप्रदेश को बदनाम करते हैं, लगता है उन्हीं से प्रेरणा लेकर आप भी उनके मिशन को आगे बढ़ा रहे हैं। अग्रवाल ने कहा कि मनगढ़ंत भ्रामक बातें कर प्रदेश की बदनामी के आपके प्रयास निंदनीय हैं। आग्रह है कि कृपया नेताप्रतिपक्ष की गरिमा के अनुरूप तथ्यों पर अपनी बात रखें। आपका ट्वीट पुनः भ्रामक रहा, और मध्यप्रदेश को बदनाम करने के कुत्सित प्रयासों के लिए आपको माफी मांगनी चाहिए।

वूमन प्रेस क्लब ने रवीन्द्र भवन में कराया संवाद

# महिला आरक्षण बिल में भाजपा हमेशा से महिला समानता की पक्षधर रहीः बागरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

**भाजपा ने महिला आरक्षण के लिए किए सार्थक प्रयासःतोमर**

वूमन प्रेस क्लब द्वारा बुधवार को रवीन्द्र भवन के गौरांजनी सभागार में वैचारिक संवाद श्रृंखला पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। क्लब द्वारा आयोजन की यह प्रथम कड़ी थी, जिसमें महिला आरक्षण बिल, आधी आबादी का पूरा अधिकार, विषय पर परिचर्चा हुई। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, कैबिनेट मंत्री प्रतिमा बागरी, राज्यमंत्री कृष्णा गौर और बीना से कांग्रेस विधायक निर्मला सप्रे सहित राजधानी की महिला पत्रकार मौजूद रहीं।

विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि कोई भी परिवर्तन समय और समाज सापेक्ष होता है। हर अधिकार के साथ कर्तव्य आता है। अधिकार और कर्तव्य मिलकर किसी मनुष्य, समाज या देश का निर्माण करते हैं। उन्होंने कहा कि हमें वैचारिक पक्षधरता से बचना चाहिए और समग्ररूप से स्त्री-पुरूष को साथ मिलकर आगे बढ़ना चाहिए।

विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने कहा कि एक समय था जब राजनीति में महिलाओं की तादात बहुत कम थी। भाजपा ने इस दिशा में सार्थक प्रयास किए और सबसे पहले अपने संगठनात्मक स्तर पर इसमें परिवर्तन किए और इस विधेयक को भी पारित कर दिया है। उम्मीद है इसके साथ हम राजनैतिक चेतना और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे।




**भाजपा हमेशा से महिला समानता की पक्षधर रही**

*केबिनेट मंत्री प्रतिमा बागरी ने कहा कि भाजपा हमेशा से महिला समानता की पक्षधर रही है और ये बिल इसी का प्रतीक है। आगे चलकर ये विधेयक लागू होगा तो महिलाओं की तादाद राजनीति में बढ़ेगी। मंत्री कृष्णा गौर ने कहा कि महिला आरक्षण विधेयक के पारित होने पर भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। महिलाओं को प्रतिनिधित्व ज्यादा मिलेगा तो समाज की संरचना में भी परिवर्तन होगा और समाज को सही दिशा मिलेगी। सागर के बीना से कांग्रेस विधायक निर्मला सप्रे ने कहा कि महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण मिलना चाहिए। उन्होंने अपने अनुभव साझा किए साथ ही उन्होंने बताया कि किस प्रकार से ग्राम्य जीवन की परिस्थितियों को बदलने के लिए उन्होंने राजनीति में आने का निर्णय लिया। इस अवसर पर वूमेंस प्रेस क्लब के अध्यक्ष दीप्ति चौरसिया, सचिव शेफाली पांडे सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहीं। आभार प्रदर्शन चिन्मयी शर्मा ने किया।*

**बिना दिशा तय किए दशा में बदलाव सम्भव नहीं : अनिल गुप्ता**

# दिल्ली विवि में विकसित भारत 2047 अभियान का आगाज




**नई दिल्ली।** 'राष्ट्रीय युवा दिवस' 2023 के उपलक्ष्य में दिल्ली विश्वविद्यालय की मूल्य संवर्धन पाठ्यक्रम समिति द्वारा दिल्ली विश्वविद्यालय में 'राष्ट्र निर्माण और युवाः विकसित भारत @2047' विषयक एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। 'विकसित भारत @2047' अभियान के अंतर्गत विश्वविद्यालय में यह प्रथम कार्यक्रम था। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह प्रांत कार्यवाह श्री अनिल गुप्ता इस आयोजन में मुख्य वक्ता रहे। विषय प्रवर्तन करते हुए मूल्य संवर्धन पाठ्यक्रम समिति के अध्यक्ष प्रो. निरंजन कुमार ने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय का युवा विकसित भारत@2047 अभियान को लेकर अत्यंत सजग है। आपने प्रसिद्ध ब्रिटिश अर्थशास्त्री आंगस मेडिसन का उद्धरण देते हुए कहा कि भारत पूर्व में विकास के चरम पर रहा है। आपने माननीय प्रधामनंत्री नरेंद्र मोदी जी के विज़न विकसित भारत और उसके प्रमुख स्तंभों शिक्षा, स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था में हो रहे बड़े स्तर के बदलावों पर चर्चा करते हुए कहा कि विकसित भारत@2047 का संकल्प पत्र आर्थिक, सांस्कृतिक, सामाजिक और मानसिक परिवर्तन की बात करता है। आपने इस संकल्प पत्र पर विस्तार से बात की और कहा कि भारत गुलामी की मानसिकता से तेजी से बाहर आ रहा है।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे दिल्ली विश्वविद्यालय के डीन ऑफ कॉलेजेस प्रो. बलराम पाणी ने युवा की परिभाषा बताते हुए कि युवा वह होता है जो भविष्य को सामने रखकर चलता है।

**गुमशुदा/अपहृत की तलाश**



सिया

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक महिला (फोटो में दर्शायी गई) जिसका नाम **सिया पुत्री सनैका निवासी बी–7, प्रथम तल, विशाल एन्क्लेव, दिल्ली** जो अपने घर से **दिनांक 03.01.2024 सायं 5.00 बजे** से लापता/अपहृत है। इस संदर्भ में एक डीडी नं. **4ए, दिनांक 04.01.2024, थाना राजौरी गार्डन, पश्चिम ज़िला, दिल्ली,** में रिपोर्ट दर्ज है। स्थानीय पुलिस ने इस महिला का पता लगाने के लिए गंभीर प्रयास किए लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं मिला है। जिसका हुलिया नीचे दिया गया हैः–

**लिंगः** महिला, **आयुः** 26 वर्ष, **कदः** 5' फीट, **रंगः** सॉंवला, **चेहराः** गोल, **शरीरः** पतला, **पहनावाः** नीले रंग का टॉप और नीले रंग की जींस और पैरों में जूती पहनी हुई है।

अगर किसी को इस गुमशुदा/अपहृत महिला के बारे में कोई जानकारी मिले तो निम्नलिखित पते पर सूचित करेंः–

**वेबसाइटः http://cbi.nic.in**
**ई–मेलः cic@cbi.gov.in**
**acp-aks-dl@delhipolice.gov.in**
**टेली. नं.: 011-24368638/24368641**
**फैक्स नं.: 011-24368639**

**थाना प्रभारी**
**थाना राजौरी गार्डन, दिल्ली**
**फोन नं.: 011-25453990**
**मो. नं..: 8750871127**
**DP/328/WD/2024**

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 Cr. P.C देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त व्यक्ति **रवि शंकर उर्फ चिंटू उर्फ राजेश** पुत्र राज कुमार निवासी जी 173ए, जी–133, लाल कुआं, पुल प्रहलाद पुर, नई दिल्ली और जे–1/131, गुप्ता कॉलोनी, संगम विहार, नई दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 210/16 धारा 25/54/59A शस्त्र अधिनियम तथा 411 भा.द.स.** थाना पुल प्रहलाद पुर, नई दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **रवि शंकर उर्फ चिंटू उर्फ राजेश** मिल नहीं रहा है और समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **रवि शंकर उर्फ चिंटू उर्फ राजेश** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा करते हुए अभियुक्त **रवि शंकर उर्फ चिंटू उर्फ राजेश** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष या (मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 20.03.2024** को या उसके पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री हिमांशु तंवर**
**मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट–10,**
**जिला दक्षिणी–पूर्व, कमरा नं. 307, तृतीय तल**
**साकेत कोर्ट, नई दिल्ली**

**DP/26/SE/2024**
**(Court Notice)**

**अवैध संबंध के शक में पत्नी की हत्या**

# पति घर लौटा तो फोन पर कर रही थी बात, चाकू से रेता गला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खमतराई इलाके में पति ने अवैध संबंध के शक में पत्नी की हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी खुद थाने पहुंचकर सरेंडर कर दिया। उसने पुलिस को बताया कि गुरुवार रात करीब 9 बजे जब वो काम से लौटा तो पत्नी किसी से फोन पर बात कर रही थी। गुस्से में आकर उसने चाकू से काजल के गले और पेट पर कई वार कर दिया। जिससे वो लहूलुहान हो गई और मौके पर ही दम तोड़ दिया।

पुलिस के मुताबिक पेशे से क्रेन ऑपरेटर राधेश्याम वर्मा का पत्नी काजल वर्मा से हमेशा विवाद होता था। घटना के दौरान दंपती की एक डेढ़ साल की बच्ची भी वहां मौजूद थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।



**थाने पहुंचकर कहा गलती हो गई**

घटना के बाद थाने पहुंचा आरोपी ने पुलिस को बताया कि उससे गलती हो गई है। उसने पत्नी की हत्या कर दी है। आरोपी की बातें सुन थाने में मौजूद पुलिसकर्मी चौंक गए। उन्होंने फौरन घटनास्थल पर पहुंचकर देखा तो पत्नी की लाश जमीन में पड़ी थी। फर्श पर खून फैला हुआ था। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि पहले भी उसने पत्नी को फोन पर बात करने से मना किया था।

**डिप्टी सीएम ने नक्सलवाद को बताया बस्तर की 'काली छाया'**

# नारायणपुर में विजय शर्मा बोले- अपने लिए जिए तो क्या जिए, जिए जमाने के लिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने नक्सलवाद को बस्तर के लिए काली छाया बताया है। उन्होंने कहा है कि, इस काली छाया को बस्तर के युवा ही बदल सकते हैं। स्वामी विवेकानंद के मार्ग पर चलने युवाओं को प्रेरित किया है। डिप्टी सीएम ने शायराना अंदाज में कहा कि अपने लिए जिए तो क्या जिए, जिए जमाने की लिए। उन्होंने अबूझमाड़ को लेकर कहा कि अब यह इलाका बदल गया है। उन्होंने युवाओं को स्वामी विवेकानंद के मार्ग पर चलने को प्रेरित किया। डिप्टी सीएम ने कहा कि, देश का भविष्य युवाओं के हाथ में होता है। युवा पीढ़ी ही देश की नींव है। हमारी सरकार में नारायणपुर जैसा आश्रम और जहां भी जरूरत होगा बनाएंगे। इस आश्रम में जो भी जरूरतें हों वे पूरी करेंगे।




**अबूझमाड़ बदल रहा है**

कार्यक्रम खत्म होने के बाद डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने मीडिया से भी बातचीत की इस दौरान उन्होंने कहा कि, अबूझमाड़ बदल रहा है यहां के युवा आईआईटी, एनआईटी जैसी संस्थाओं में गए हैं। खेलकूद में भी अबूझमाड़ के बच्चे अव्वल हैं। उन्होंने कहा कि, बस्तर में नक्सलवाद काली छाया है और यदि रामकृष्ण आश्रम जैसी और भी संस्था खुलेगी तो बस्तर से ये काली छाया दूर होगी। पखांजूर में भाजपा नेता की मर्डर पर कहा कि पुलिस पर भरोसा रखें। दरअसल, स्वामी विवेकानंद की जयंती के मौके पर नारायणपुर के रामकृष्ण मिशन आश्रम में नेशनल यूथ डे कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम विजय शर्मा पहुंचे थे। उनके साथ नारायणपुर के विधायक और साय सरकार में कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप भी मौजूद थे।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद बहादुरगढ़ | नगर परिषद बहादुरगढ़ में अतिरिक्त कचरा स्थलों की चारदिवारी और कवर्ड शैड का निर्माण। | बंद होने की तिथि 18.01.2024 | 45.88 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416188946 mcbgarh2016@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.–13/2024/40/24145/I/88/7 दि. 12.01.24

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा चिकित्सा सेवा निगम लिमिटेड | हरियाणा राज्य में एक बारगी खरीद हेतु पूर्णतया ऑटोमेटिक हेमेटोलॉजिकल एनालाइजर की खरीद के लिए आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन के लिए निविदा आमंत्रण निविदा सूचना | बंद होने की तिथि 31.01.2024 | 7.50 लाख | www.hmscl.org.in https://etenders.hry.nic.in | 8929299829 equipmentdgm2020@gmail.com |
| 2 | हरियाणा चिकित्सा सेवा निगम लिमिटेड | हरियाणा राज्य में एक बारगी खरीद हेतु आइस लाइंड रेफ्रिजरेटर (आईएलआरएस) की खरीद के लिए आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन के लिए निविदा आमंत्रण निविदा सूचना | बंद होने की तिथि 31.01.2024 | 54.13 लाख | www.hmscl.org.in https://etenders.hry.nic.in | 8929299829 equipmentdgm2020@gmail.com |
| 3 | हरियाणा चिकित्सा सेवा निगम लिमिटेड | हरियाणा राज्य में दो वर्ष के दर अनुबंध हेतु ऑटोमेटेड एक्सटर्नल डिफाइब्रीलेटर की खरीद के लिए आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन के लिए निविदा आमंत्रण निविदा सूचना। | बंद होने की तिथि 31.01.2024 | 101.30 लाख | www.hmscl.org.in https://etenders.hry.nic.in | 8929299829 equipmentdgm2020@gmail.com |


अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.–13/2024/60/24157/I/88/7 दि. 12.01.24

## चिंतन

# विकासशील से विकसित की ओर बढ़ा एक और कदम

विकासशील से विकसित होने के सफर पर भारत ने एक कदम और बढ़ा दिया है। हालांकि रास्ता बहुत लंबा है, लेकिन विकसित होने की सबसे पहली और जरूरी शर्त है मजबूत और आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित आधारभूत ढांचा, भारत बहुत तेजी से इस पर कदम दर कदम बढ़ा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुक्रवार को देश के सबसे लंबे सी-ब्रिज अटल सेतु का उद्घाटन करना इसी की एक कड़ी है। यह ब्रिज मुंबई से नवी मुंबई को जोड़ेगा। इससे दो घंटे का सफर 20 मिनट में पूरा होगा। पुल की कुल लागत 17 हजार 843 करोड़ रुपये है। 21.8 किलोमीटर लंबे सिक्स लेन वाले ब्रिज को मुंबई ट्रांस हार्बर सी-लिंक भी कहा जाता है। पुल के उपयोग से हर साल एक करोड़ लीटर ईंधन की बचत होने का अनुमान है। सड़कें कामकाज के अभिन्न अंग हैं। इससे लोगों और सामानों की पहुंच आसान हुई है। भारतीय सड़क नेटवर्क में तेजी से विस्तार और बदलाव हो रहा है और भारत दुनिया में सबसे अच्छे मानकों तक पहुंचने के लिए लगातार ट्रैक पर है। आज भी देश में करीब 60 प्रतिशत ढुलाई का कार्य सड़क और राजमार्ग प्रणाली के माध्यम से होता है। राजमार्गों और एक्सप्रेसवे के बढ़ते जाल द्वारा प्रदान की गई बेहतर गतिशीलता से बदलाव की अगुवाई करने और रसद लागत जो कभी 16-18 प्रतिशत थी जो घटकर 10 प्रतिशत के आसपास हो गई है। हालांकि विकसित देशों में यह आठ प्रतिशत के आसपास है। 6 से 8 प्रतिशत की बचत का मतलब है कि हम अंतरराष्ट्रीय बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धा कर सकेंगे। जिससे हम अपने निर्यात को बढ़ाने सकते हैं और साथ ही इस लागत को कम कर सकते हैं। देश में सड़कों के विकास का इससे बड़ा प्रमाण क्या होगा कि देश में प्रतिदिन 60 किलोमीटर सड़क निर्माण हो रहा है। सरकार 2025 तक 2 लाख किलोमीटर लंबे राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क के विकास के लिए काम कर रही है। यह एक बड़ी बात है। सरकार का ध्यान प्रमुख औद्योगिक शहरों को जोड़ने वाली प्रमुख सड़कों के निर्माण तक ही सीमित नहीं रहा है। सरकार का लक्ष्य हर मेट्रो, कस्बे और गांव को एक मजबूत सड़क संपर्क प्रणाली के माध्यम से जोड़ना है, लेकिन केवल इतने से ही हम विकासशील से विकासित नहीं होने वाले। विकास के साथ सामाजिक कल्याण को फोकस में रखना जरूरी है। सबको सम्मानजनक जीवन देना, हर सक्षम को रोजगार देना और हर नवजात को अच्छा भविष्य देना हमारा लक्ष्य होना चाहिए। सरकार को सामाजिक समरसता की नीति के साथ आर्थिक सुधारों पर फोकस करना होगा। श्रम सुधारों का लक्ष्य केवल प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ाना ही नहीं, बल्कि विकास के अवसर पैदा करना भी होना चाहिए। उच्च शिक्षा ऐसी हो, जिससे कौशल विकास हो। इसी तरह वित्तीय समावेशन में लैंगिक समानता दिखनी चाहिए। विकसित होने के लिए शिक्षा, स्वास्थ, तेज अर्थव्यवस्था पर ओर अधिक काम करना होगा और इससे भी जरूरी विरासत पर गर्व करना सबसे अहम है। पिछले कुछ वर्षों में सरकार ने इस पर जोर दिया है। गुलामी की मानसिकता से बाहर आने का प्रण भी विकास के लिए आवश्यक है। हमें पश्चिम का अंधानुकरण नहीं करना चाहिए। भारत को अपनी राह बनानी होगी और हमने इसकी शुरुआत कर दी है। हमें भारतीयों की समृद्धि के लिए किए गए फैसलों पर पश्चिम की मुहर का इंतजार नहीं करना चाहिए।

# अमृतकाल में रामराज्य की संकल्पना



श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा
विष्णुदत्त शर्मा

5 अगस्त 2020 को राममंदिर की आधारशिला रखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'जय सियाराम' के उद्घोष के साथ अपने संबोधन में कहा था कि आप भगवान राम की अदभुत शक्ति देखिए... इमारतें नष्ट हो गईं, अस्तित्व मिटाने का भरसक प्रयास हुआ, लेकिन प्रभु श्रीराम आज भी हमारे मन में बसे हुए हैं। प्रभु श्रीराम हमारी संस्कृति के आधार हैं, भारत के जनमानस के विचार हैं और मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम हैं। प्रधानमंत्री ने अपने संकल्प स्वरूप यह भी कहा था कि 'राम काज किन्हें बिनु, मोहि कहां विश्राम...'

22 जनवरी 2024 को भव्य-दिव्य मंदिर में हमारे रामलला विधि विधान के साथ विराजने जा रहे हैं। सांस्कृतिक सभ्यता से परिपूर्ण हमारा भारत सरयू के किनारे एक स्वर्णिम अध्याय रचने जा रहा है। सोमनाथ से लेकर काशी विश्वनाथ तक अयोध्या धाम इतिहास गढ़ने जा रहा है। आज संपूर्ण भारत राममय होकर आनंदित है। हर मन प्रफुल्लित है और भारतवासी भावुक हैं क्योंकि 5 सदियों का इंतजार ख़त्म होने जा रहा है। प्रधानमंत्री की दृढ़ संकल्प शक्ति और कर्तव्य परायणता से अयोध्या धाम में श्री राम मंदिर निर्माण के साथ ही अनेक विकास परियोजनाओं के सृजन से अद्भुत अलौकिक वातावरण का निर्माण होने जा रहा है।

हमारे रामलला की प्राण प्रतिष्ठा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं है, अपितु यह हमारे सांस्कृतिक अभ्युदय का प्रतीक है। यह प्राण प्रतिष्ठा आस्था, धैर्य और संकल्प के विजय का परिचायक है। यह हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक स्मृतियों एवं आध्यात्मिक मूल्यों का प्रतिबिंब भी है। अयोध्या में बना यह मंदिर देश के लिए सिर्फ पूजा स्थल नहीं बल्कि यह हमारे पूर्वजों के तप, त्याग और संकल्प का स्थायी प्रेरणापुंज है। जिन कारसेवकों के आंदोलन रूपी तपस्या के फलस्वरूप श्री रामलला का मंदिर आकार ले पाया है, वह आंदोलन अर्पण, तर्पण और संकल्प से ओत-प्रोत था। उसका लक्ष्य सिर्फ राम मंदिर नहीं अपितु रामराज्य स्थापित करना भी था। वर्ष 2014 में देश के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने के पश्चात नरेंद्र मोदी ने इसी रामराज्य की संकल्पना को साकार करने के लिए परिश्रम की पराकाष्ठा के साथ कार्य किया है। मोदी सरकार ने एक ओर सदियों से उपेक्षित सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक मान्यताओं को प्रतिस्थापित किया तो दूसरी ओर गरीब कल्याण को प्राथमिकता के रूप में अपनी सरकार का लक्ष्य बनाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने धारा 370 की बेड़ियों से मां भारती को आजाद कराना, तीन तलाक की कुरीति से अल्पसंख्यक बहनों को मुक्ति दिलाना, माताओं-बहनों को रसोई में खतरनाक धुएं से मुक्ति दिलाने के लिए गैस सिलेंडर, नारी शक्ति की गरिमा की रक्षा के लिए शौचालय का निर्माण, आयुष्मान भारत योजना के जरिए स्वास्थ्य सेवा, हर गरीब के सिर पर छत हो उस हेतु प्रधानमंत्री आवास योजना, कोई भूखा न रहे इस हेतु 80 करोड़ देशवासियों के लिए मुफ्त राशन की व्यवस्था, किसानों के लिए किसान सम्मान निधि, पिछले 7 दशकों से देश को लूटने वाले भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कठोर कदम, कोरोना काल में हर भारतीय को मुफ्त वैक्सीन का प्रबंध जैसे अनेकों ऐतिहासिक कार्य किए। मोदी सरकार ने रामराज्य की अवधारणा को साकार करने के लिए हर संभव प्रयास किए हैं। दरअसल, किसी भी लोकतंत्र की गुणवत्ता उसके नेतृत्वकर्ताओं पर निर्भर करती है। नेतृत्वकर्ता यदि त्यागी, तपस्वी और न्याय प्रिय है तो निश्चित ही



लोकतंत्र सफल होगा जैसा प्रभु श्री राम जी के राज में था। वर्षों बाद प्रभु कृपा से ही पुनः भारत को इसी प्रकार त्यागी, तपस्वी और न्याय प्रिय नेतृत्व प्रधानमंत्री मोदी के रूप में प्राप्त हुआ है।

जहां एक ओर देश में राममंदिर के माध्यम से आध्यात्मिक चेतना जागृत हो रही है, उसी समय यह हमारे भारत का अमृतकाल है और 2047 तक भारत को विकसित बनाने के लिए हम भारतीयों को अपने दायित्वों के प्रति कृत संकल्पित रहना है। रामराज्य की संकल्पना भी यही है जहां शासन जन-जन के साथ मिलकर लोकतंत्र को सशक्त बनाने में सहभागिता निभाए। आज भारत ने अपनी सांस्कृतिक विरासतों के गौरव के साथ ही विकास के नए प्रतिमान स्थापित किए हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आज हमारा भारत अपने तीर्थों को भी संवार रहा है और डिजिटल टेक्नोलॉजी की शक्ति से परिपूर्ण विश्व का अग्रणी राष्ट्र भी बन रहा है। आज मोदी जी की सरकार काशी विश्वनाथ धाम के पुनर्निर्माण के साथ ही ग्रामीण विकास हेतु 30 हजार से अधिक पंचायत भवन भी बना रही है। सिर्फ केदारधाम का पुनरुत्थान ही नहीं अपितु 300 से अधिक मेडिकल कॉलेज भी देश में बन रहे हैं। सिर्फ महाकाल के लोक का ही निर्माण नहीं हो रहा, बल्कि स्वच्छ पेयजल के लिए दो लाख से ज्यादा पानी की टंकियों का भी निर्माण हो रहा है और 14 करोड़ घरों तक स्वच्छ पेयजल पहुंच रहा है। आज देश अपनी अतुलनीय वैज्ञानिक क्षमताओं के माध्यम से एक तरफ चंद्रमा और सूरज की दूरी नाप रहा है तो वहीं हमारी पौराणिक मूर्तियों को भारत में वापस लाकर अपनी सांस्कृतिक सभ्यता के सवंर्धन का कार्य भी कर रहा है।

प्रधानमंत्री ने अयोध्या धाम में महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे एवं अयोध्या धाम जंक्शन के लोकार्पण के अवसर पर कहा कि विकसित भारत के निर्माण को गति देने के अभियान को अयोध्या नगरी से नई ऊर्जा मिल रही है। विश्व में कोई भी देश हो अगर उसे विकास की नई ऊंचाई पर पहुंचना है, तो उसे अपनी विरासत को संभालना होगा। हमारी विरासत हमें प्रेरणा देती है। हमें सही मार्ग दिखाती है। आज का भारत पुरातन और नूतन को आत्मसात करते हुए आगे बढ़ रहा है। वास्तव में आज अयोध्या में अध्यात्म और विरासत की भव्यता के साथ विकास की दिव्यता भी दिखती है। विकास और विरासत का यह संयोजन ही भारत को 21 वीं सदी में सबसे आगे ले जाएगा। तुलसीदास जी ने रामचरितमानस में लोकतंत्र, लोकमंगल और आदर्श राज्य व्यवस्था की अभिव्यक्ति की है। चित्रकूट से विदा होते हुए भरत को श्री राम सबसे बड़ा उपदेश देते हुए राजा-प्रजा के संबंधों पर कहते हैं, 'मुखिया मुख सों चाहिए, खान पान को एक।। पालै पोसै सकल अंग, तुलसी सहित विवेक।।' यानी शासन पक्षपाती एवं अन्यायी न हो, शासन में समाज के अंतिम व्यक्ति के अभ्युत्थान की चिंता प्रमुख होनी चाहिए। हम गर्व से कह सकते हैं कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति के उत्थान की संकल्पना निश्चित ही साकार हो रही है। इस बात में कोई संशय नहीं है कि हमारे प्रधानमंत्री भारत की मिट्टी के कण-कण और भारत के जन-जन के पुजारी हैं। विगत साढ़े नौ वर्षों में न केवल हम भारतीय अपितु समूचा विश्व एक 'नए भारत' के निर्माण का प्रत्यक्षदर्शी रहा है। यह नया भारत है जिसकी संस्कृति, सभ्यता और संस्कारों को अपनाने में विश्व का हर देश स्वयं को गौरवान्वित अनुभव करता है। यह नया भारत अपनी आस्था, अस्मिता और अर्थव्यवस्था के प्रति सजग और संवेदनशील भी है और सचमुच में यही तो रामराज्य की संकल्पना है।

(लेखक मप्र भाजपा के अध्यक्ष व सांसद हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।


## सबके राम

प्रो. श्याम सुंदर भाटिया



# श्रीराम के अद्भुत अर्चक फ़ादर कामिल बुल्के

बेल्जियम में जन्मे फ़ादर कामिल बुल्के की जग-विख्यात विशेषता यह है कि वे रामकथा के मर्मज्ञ, हिंदी के विद्वान और विलायत में जन्मे भारतीय थे। उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से 'रामकथा उत्पत्ति और विकास' पर 1950 में पी.एच.डी. की। इस शोध में संस्कृत, पाली, प्राकृत, अपभ्रंश, हिंदी, बंगला, तमिल आदि समस्त प्राचीन और आधुनिक भारतीय भाषाओं में उपलब्ध राम विषयक विपुल साहित्य का ही नहीं, वरन तिब्बती, बर्मी, सिंघल, इंडोनेशियाई, मलय, थाई आदि एशियाई भाषाओं के समस्त राम साहित्य की सामग्री का भी अत्यंत वैज्ञानिक रीति से उपयोग हुआ है। तुलसीदास उन्हें उतने ही प्रिय थे, जितने अपनी मातृभाषा फ्लेमिश के महाकवि गजैले या अंग्रेज़ी के महान ड्रेमेटिस्ट विलियम शेक्सपियर। 'रामकथा-वैश्विक सन्दर्भ में' का लोकार्पण करते प्रसिद्ध साहित्यकार केदारनाथ सिंह ने एक बार कहा था, फादर कामिल बुल्के के शोध ग्रन्थ 'राम कथा' की सर्वत्र चर्चा है। वास्तव में इस ग्रन्थ से हिंदी के संग-संग विदेश में भी रामकथा के तुलनात्मक साहित्य अध्ययन की शुरुआत हुई। उन्होंने अपनी मातृभूमि बेल्जियम में फ्रेंच के विरुद्ध फ्लेमिश भाषा की लड़ाई देखी और लडी थी। एक बार उन्होंने लिखा था, अगर वह हिंदी की सेवा में नहीं लगते तो अपने देश में फ्लेमिश क्रांतिकारी होते। उन्होंने रामकथा उत्पत्ति और विकास' ग्रंथ की रचना में कितना परिश्रम किया होगा, यह पुस्तक के अध्ययन से ही समझ में आ सकता है। रामकथा से संबंध रखने वाली किसी भी सामग्री को उन्होंने छोड़ा नहीं है। प्रथम भाग में 'प्राचीन रामकथा साहित्य' का विवेचन है, जिसके पांच अध्यायों में वैदिक साहित्य और रामकथा, वाल्मीकिकृत रामायण, महाभारत की रामकथा, बौद्ध रामकथा और जैन रामकथा संबंधी सामग्री की पूर्ण समीक्षा की गई है। द्वितीय भाग में रामकथा की उत्पत्ति है तो इसके चार अध्यायों में दशरथ जातक की समस्या, रामकथा के मूल स्रोत के संबंध में विद्वानों के मत, प्रचलित वाल्मीकीय रामायण के मुख्य प्रक्षेपों और रामकथा के प्रारंभिक विकास पर चिंतन किया गया है। ग्रंथ के तृतीय भाग में 'अर्वाचीन रामकथा साहित्य का सिंहावलोकन' है। इसमें भी चार अध्याय हैं। पहले और दूसरे अध्याय में संस्कृत के धार्मिक तथा ललित साहित्य में पाई जाने वाली रामकथा सम्बन्धी सामग्री की परीक्षा है। तीसरे अध्याय में आधुनिक भारतीय भाषाओं के रामकथा संबंधी साहित्य का विवेचन है। चौथे अध्याय में विदेश में पाये जाने वाले रामकथा के रूप में सार दिया गया है, जिसमें तिब्बत, खोतान, हिंदेशिया, हिंदचीन, श्याम, ब्रह्मदेश आदि में उपलब्ध सामग्री का पूर्ण परिचय एक ही स्थान पर मिल जाता है। अंतिम और चतुर्थ भाग में रामकथा संबंधी एक-एक घटना को लेकर उसका पृथक-पृथक विकास दिखलाया गया है। घटनाएं कालक्रम से ली गई हैं। उपसंहार में रामकथा की व्यापकता, विभिन्न रामकथाओं की मौलिक एकता, प्रक्षिप्त सामग्री की सामान्य विशेषताएं, विविध प्रभाव तथा विकास का सिंहावलोकन है। यह ग्रंथ वास्तव में रामकथा संबंधी समस्त सामग्री का विश्वकोष कहा जा सकता है। वास्तव में यह खोजपूर्ण रचना अपने ढंग की पहली ही है और अनूठी भी। हिंदी क्या संभवतः किसी भी यूरोपीय अथवा भारतीय भाषा में इस प्रकार का कोई दूसरा अध्ययन उपलब्ध नहीं है। हिंदी पट्टी में इस लोकप्रिय विषय पर ऐसे वैज्ञानिक अन्वेषण से धर्म और राजनीति के अनेक मिथक खंडित हो जाते हैं और शोधकर्ताओं को एक दिशा भी मिलती है। फ़ादर कामिल बुल्के का जन्म 1 सितम्बर, 1909 को बेल्जियम के पश्चिमी फ्लैंडर्स स्टेट के रम्सकपैले नामक गांव में हुआ। उनके पास सिविल इंजीनियरिंग में बी.एस.सी की डिग्री थी, जो उन्होंने लोवैन विश्वविद्यालय से प्राप्त की। 1934 में उन्होंने भारत का संक्षिप्त दौरा किया और कुछ समय दार्जीलिंग में रुके। उनके मन में हिंदी भाषा सीखने की ललक पैदा हो गई। उन्होंने लिखा है- मैं जब 1935 में भारत आया तो अचंभित और दुःखी हुआ। मैंने महसूस किया कि यहाँ पर बहुत से पढ़े-लिखे लोग भी अपनी सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति जागरूक नहीं हैं। यह भी देखा कि लोग अंग्रेज़ी बोलकर गर्व का अनुभव करते हैं। उन्होंने निश्चय किया कि मैं आम लोगों की इस भाषा में महारत हासिल करूंगा। उन्होंने हिंदी और संस्कृत का ज्ञान प्राप्त किया और वे हर भारतीय के मन पर अमिट छाप छोड़ गए।



(लेखक सीनियर जर्नलिस्ट एवं रिसर्च स्कॉलर हैं। वह एक नामचीन विश्वविद्यालय में मास कम्युनिकेशन कॉलेज के एचओडी रहे हैं।

## अनासक्त हुए बिना करे दूसरों की भलाई




संकलित
**दर्शन**

यह सोचना भूल है कि हमने संसार का भला किया। इस विचार से दुख उत्पन्न होता है। हम किसी की सहायता करने के बाद सोचते हैं कि वह हमें इसके बदले में धन्यवाद दे, पर वह धन्यवाद नहीं देता, तो हमें दुख होता है। हम जो कुछ भी करें, उसके बदले में किसी चीज की आशा क्यों रखें? बल्कि उल्टे हमें उसी के प्रति कृतज्ञ होना चाहिए, जिसकी हम सहायता करते हैं, उसे साक्षात नारायण मानना चाहिए। मनुष्य की सहायता द्वारा ईश्वर की उपासना करना क्या हमारा परम सौभाग्य नहीं है? यदि हम वास्तव में अनासक्त हैं, तो हमें यह प्रत्याशा जनक कष्ट क्यों होना चाहिए? अनासक्त होने पर तो हम प्रसन्नतापूर्वक संसार में भलाई कर सकते हैं। अनासक्त किए हुए कार्य से कभी भी दुख अथवा अशांति नहीं आएगी। यदि हम यह जान लें कि आसक्ति रहित होकर किस तरह कर्म करना चाहिए, तभी हम दुराग्रह और मतांधता से परे हो सकते हैं। जब तुम दुराग्रह और मतांधता से परे हो जाओगे, तभी अच्छी तरह कार्य कर सकोगे। जो ठंडे मस्तिष्क वाला और शांत है, जो उत्तम ढंग से विचार करके कार्य करता है, जिसके स्नायु सहज ही उत्तेजित नहीं होते तथा जो अत्यंत प्रेम और सहानुभूति संपन्न है, केवल वही व्यक्ति संसार में परोपकार कर सकता है और इस तरह वह अपना भी कल्याण कर सकता है। यह संसार चरित्र गठन की एक विशाल व्यायामशाला है।

**-स्वामी विवेकानंद**

## गुरु की सीख से बड़ी से बड़ी मुश्किलें होती है दूर



संकलित
**प्रेरणा**

बृहस्पति देवताओं के गुरु हैं। महाभारत के आदि पर्व के मुताबिक, बृहस्पति महर्षि अंगिरा के पुत्र हैं और अपने ज्ञान से देवताओं का मार्गदर्शन करते हैं। एक कथा है कि एक बार देवराज इंद्र की जगह राजा नहुष को स्वर्ग का राजा बनाया गया था। स्वर्ग का राजा बनते ही राजा नहुष अहंकारी हो गया। वह देवताओं को तरह-तरह से परेशान करता रहता था। सभी देवगण राजा नहुष से त्रस्त हो गए थे। इसी बीच बलशाही होने के कारण राजा नहुष के मन में इंद्र की पत्नी शची के लिए पाप आ गया। वह उसे अपनी पत्नी बनाना चाहता था। इससे डरकर शची देवगुरु बृहस्पति के पास पहुंचीं। बृहस्पति ने शची को एक योजना बताई। बृहस्पति ने शची से कहा कि आप नहुष से कहना कि जब वह सप्त ऋषियों द्वारा उठाई गई पालकी में बैठकर आएगा, तब ही वह उसे अपना स्वामी मानेगी। शची ने यही किया। बृहस्पति की योजना के अनुसार शची ने ये बात नहुष से कह दी। नहुष ने ऐसा ही किया। सप्तऋषि जब पालकी उठाकर चल रहे थे, तभी अहंकारी राजा नहुष ने एक ऋषि को लात मार दी। क्रोधित होकर ऋषि ने उसे उसी समय स्वर्ग से गिरने का शाप दे दिया। शाप के बाद राजा नहुष ने स्वर्ग का राजपाठ खो दिया। इस प्रकार देवगुरु बृहस्पति की सलाह से शची की रक्षा हो गई। गुरु की सीख से बड़ी-बड़ी मुश्किलें दूर हो सकती हैं।

## सटाका




## आज की पाती

### स्वामी विवेकानंद के दिखाए मार्ग पर चलें युवा

बारह जनवरी को स्वामी विवेकानंद का जन्म दिवस राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाएगा। स्वामी विवेकानंद ने युवाओं से कहा था कि उठो, जागो और तब तक डटे रहो जब तक कार्य की सिद्धि नहीं हो जाती। आज युवाओं के समक्ष जिस तरह की चुनौतियां हैं, उनसे निपटने के लिए युवाओं को विवेकानंद जी द्वारा दिखाए मार्ग पर चलना चाहिए। सकारात्मक सोच रखकर ही युवा अपने जीवन को सफल बना सकते हैं। राष्ट्रीय युवा दिवस पर युवाओं को शपथ लेनी चाहिए कि वे नशे से दूर रहेंगे और देश के विकास में अपना पूरा योगदान करेंगे।

**- मनोज मुदलियार**, रायगढ़

## करंट अफेयर

# उ. कोरिया ने रूसी पर्यटकों के लिए अपनी सीमा खोली


कोविड-19 महामारी के चलते 2020 में लॉकडाउन लगाए जाने के बाद पहली बार उत्तर कोरिया रूसी पर्यटकों के लिए अपनी सीमाएं खोलेगा। रूस सरकार संचालित 'तास' समाचार एजेंसी द्वारा बुधवार को प्रसारित खबर रूस और उत्तर कोरिया के बीच बढ़ते सहयोग को उजागर करती है। पिछले साल सितंबर में रूस के सुदूर पूर्व में एक 'कॉस्मोड्रोम' में उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच हुई बैठक के बाद पर्यटकों की यात्रा शुरू होने वाली है। 'तास' की खबर में पर्यटकों की यात्रा के समय के बारे में नहीं बताया गया है लेकिन विश्लेषकों को इससे हैरानी हुई है जिन्होंने उम्मीद जताई की थी कि उत्तर कोरिया महामारी के बाद पहले चीनी पर्यटकों के लिए अपनी सीमाएं खोलेगा। उत्तर कोरिया का सबसे करीबी मददगार और सहयोगी चीन है। 'तास' की खबर के मुताबिक पर्यटक पूर्वी तट पर उत्तर कोरिया के 'मासिक पास' की यात्रा करेंगे, जहां देश का सबसे आधुनिक 'स्की रिसॉर्ट' स्थित है। इसमें कहा गया है कि यह यात्रा रूस के प्राइमरी क्षेत्र के गवर्नर ओलेग कोझेमायाको और उत्तर कोरियाई अधिकारियों के बीच हुए समझौते के तहत आयोजित की गई है।



## ऑफ बीट

# अंतरिक्ष से सौर ऊर्जा का पृथ्वी पर परावर्तन

यदि आपने पांच फरवरी 1993 की सर्द रात में यूरोप में आकाश को देखा होगा, तो संभावना है कि आपने प्रकाश की एक मंद चमक देखी होगी।



वह चमक 'ज्नाम्या-2' नामक रूसी अंतरिक्ष के दर्पण प्रयोग से आई थी। ज्नाम्या-2, एल्युमीनियम फ़ॉइल की तरह एक 20 मीटर की परावर्तक संरचना थी, जिसे उस अंतरिक्ष यान से प्रक्षेपित किया गया था, जिसने रूसी मीर अंतरिक्ष स्टेशन से उड़ान भरी थी। इसका लक्ष्य यह प्रदर्शित करना था कि सौर ऊर्जा को अंतरिक्ष से पृथ्वी तक परावर्तित किया जा सकता है। ज्नाम्या का रूसी भाषा में अर्थ है 'बैनर'। यह पहला और अंतिम अवसर था, जब किसी दर्पण को इस उद्देश्य के लिए अंतरिक्ष में प्रक्षेपित किया गया था। लेकिन, तीन दशक बाद, सहकर्मियों और मेरा मानना है कि इस प्रौद्योगिकी पर फिर से विचार करने का समय आ गया है। अंतरिक्ष में सौर ऊर्जा स्टेशन बनाने और ऊर्जा को पृथ्वी तक संचारित करने के प्रस्तावों के विपरीत, सारा उत्पादन अभी भी यहीं होगा। महत्वपूर्ण रूप से, ये परावर्तक सौर ऊर्जा फार्म को तब भी बिजली उत्पन्न करने में मदद कर सकते हैं, जब सीधी धूप उपलब्ध न हो, खासकर शाम और सुबह के समय। उस वक्त स्वच्छ ऊर्जा की मांग सबसे अधिक होती है।

## ट्रेंड

### सौभाग्य प्राप्त हुआ



अयोध्या जी में 22 जनवरी को राम मंदिर में हम सभी के आराध्य रामलला विराजमान होंगे। इस पुनीत अनुष्ठान का हिस्सा बनने के लिए आज तिलोई विधानसभा के घर-घर जाकर पूजित अक्षत वितरित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

**-स्मृति ईरानी, केंद्रीय मंत्री**


### राजनीतिक दुरुपयोग



युवाओं को विचार करना ही होगा कि क्या होगी हमारे भारत की पहचान? जीवन की गुणवत्ता या सिर्फ भावुकता? उत्तेजक नारे लगाता युवा या रोज़गार प्राप्त युवा? मोहब्बत या नफरत? भावनात्मक मुद्दों का राजनीतिक दुरुपयोग किया जा रहा है।

**-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता**


### इनकार कर दिया



भारत के प्रमुख शंकराचार्यों, उड़ीसा में गोवर्धन मठ के स्वामी निश्चलानंद सरस्वती और उत्तराखंड में ज्योतिष पीठ के स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने अयोध्या में राम मंदिर के प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने से इनकार कर दिया है।

**-सुब्रमण्यम स्वामी, भाजपा नेता**

### ड्रीम गर्ल का बच्चा



आख़िरकार मुझे अपनी ड्रीम गर्ल के नए बच्चे को देखने का समय मिल गया। वह बहुत एथलेटिक और शर्मीला है। उसका नाम वीर सावरकर" के बाद वीर रखा गया। मेरी "आशा" की किरण बड़ी हो गई है और बहुत सफेद और बहुत सुंदर हो गई है।

**-रणदीप हुड्डा, अभिनेता**

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।

# मोदी ने नासिक में निकाला भव्य रोड शो | पूरा इलाका 'जय श्री राम' के नारे से गूंज उठा

एजेंसी ▶▶ नासिक

पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती पर नासिक के तपोवन मैदान में 27वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव का उद्घाटन किया। इस मौके पर डेढ़ किलोमीटर लंबा भव्य रोड शो निकाला गया। इस दौरान पूरा इलाका 'जय श्री राम' के नारों से गूंज उठा। प्रधानमंत्री मोदी के साथ मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस, उपमुख्यमंत्री अजित पवार और केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर भी मौजूद रहे।

**सीएम शिंदे ने कहा**

### मोदी है तो मुमकिन है, दुनिया में भारत का डंका बजा

सीएम शिंदे ने कहा कि शिवसेना प्रमुख बालासाहेब ठाकरे का सपना था कि अयोध्या में राम मंदिर बनाया जाए, जिसे पीएम मोदी ने पूरा किया। मोदी है तो मुमकिन है। किसी की हिम्मत नहीं है कि हमारे देश को बुरी नजर से देख सके। प्रधानमंत्री मोदी की वजह से भारत का डंका दुनिया भर में गूंज रहा है।







नासिक। पीएम मोदी के रोड शो में सभी वर्ग के लोगों में दिखा भारी उत्साह। बच्चे भी उमड़े।

## खबर संक्षेप

### अभिनेता शाहरुख को नोटिस, मुश्किलें बढ़ेंगी



**मुजफ्फरपुर।** अभिनेता शाहरुख खान की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। बिहार के मुजफ्फरपुर जिला उपभोक्ता आयोग ने मामला दर्ज करके नोटिस जारी किया है। अब मामले में अगली सुनवाई 12 अप्रैल को होगी। फुटबॉलर लियोनेल मेसी को भी नोटिस जारी किया गया है। शैक्षणिक संस्थान के भ्रामक एड को लेकर नोटिस जारी हुआ है जिसमें परेशानी बढ़ सकती है।

### रिलायंस करेगी ग्रेजुएट इंजीनियर्स की भर्ती



**नई दिल्ली।** भारत की सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने 'ग्रेजुएट इंजीनियर ट्रेनी' कार्यक्रम शुरू किया है। इसका लक्ष्य पेट्रोरसायन से लेकर नई ऊर्जा तक सभी व्यवसायों में ग्रेजुएट इंजीनियरों को नियुक्त करना है। मकसद व्यावसायिक क्षेत्रों में प्रमुख तकनीकी भूमिकाओं के लिए युवा, उच्च क्षमता वाली इंजीनियरिंग प्रतिभा को नियुक्त करना है।

### जेल में रहकर ही दोबारा सांसद बने संजय



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के तीन राज्यसभा उम्मीदवारों को निर्विरोध जीत मिल गई है। कथित शराब घोटाले में जेल में बंद संजय सिंह लगातार दूसरी बार राज्यसभा सांसद बने हैं तो दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष स्वाति मालीवाल पहली बार उच्च सदन की सदस्य बनी हैं। आम आदमी पार्टी ने एनडी तिवारी को भी दूसरी बार राज्यसभा भेजा है।

### उप-डाकपाल गिरफ्तार, 3.46 करोड़ की संपत्तियां कुर्क



**नई दिल्ली।** ईडी द्वारा पश्चिम बंगाल में एक उप-डाकपाल को गिरफ्तार कर उसके 3.46 करोड़ रुपए कीमत के भूखंड और बैंक जमाराशि को धन शोधन जांच के तहत जब्त किया गया है। निवेशकों के कथित फर्जी हस्ताक्षर करके उनकी जमा राशि हड़पने के आरोप में यह कार्रवाई की गई है। ईडी ने एक बयान में कहा कि वह दूसरों की राशि निकाल लेता था।

### कांग्रेस ने बदला 'यात्रा' की शुरुआत का स्थान



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनावों से ठीक पहले कांग्रेस द्वारा 14 जनवरी से शुरू हो रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा का स्थान बदल दिया गया है। अब यह यात्रा मणिपुर की राजधानी इंफाल के पैलेस ग्राउंड से शुरू नहीं की जाएगी। सीमित संख्या में लोगों की उपस्थिति के बीच यात्रा की अनुमति देने के बाद कांग्रेस ने यह कदम उठाया है। बताया जा रहा है कि पार्टी अब यहां के थौबल जिले के खोंगजोम से न्याय यात्रा शुरू करेगी।

---

पीएम मोदी ने नासिक में 27वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव का किया उद्घाटन

# अमृतकाल देश के युवाओं के लिए 'स्वर्ण युग', इतिहास में अपना नाम दर्ज कराएं

## युवाओं से राजनीति में आने का किया आह्वान



- पीएम ने युवाओं को बढ़ते भारत की शक्ति बताई
- युवा लोकतंत्र में नई ऊर्जा, शक्ति भर सकते हैं
- वंशवादी राजनीति से देश को नुकसान हुआ



एजेंसी ▶▶ नासिक

पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के नासिक में 27वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव का उद्घाटन किया। इस दौरान पीएम मोदी ने आजादी के अमृतकाल को देश के युवाओं के लिए स्वर्ण युग बताते हुए कहा कि आज युवाओं के पास इतिहास में अपना नाम दर्ज कराने का मौका है। पीम ने युवाओं से राजनीति में आने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि भारत आज शीर्ष पांच वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और यह युवा शक्ति से संभव हुआ है। पहली बार मतदान करने वाले युवा हमारे लोकतंत्र में नई ऊर्जा और शक्ति ला सकते हैं। भारत लोकतंत्र की जननी है। लोकतंत्र में युवाओं की भागीदारी जितनी अधिक होगी, देश का भविष्य बेहतर होगा। युवा सक्रिय राजनीति में आएंगे तो वंशवाद की राजनीति कम होगी। वंशवादी राजनीति से देश को बहुत नुकसान हुआ है।

**युवा ऐसा काम करें कि पीढ़ी याद रखे**

पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया आज भारत को एक कुशल कार्यबल वाले देश के रूप में देखती है। उन्होंने कहा कि भारत के युवा योग और आयुर्वेद के ब्रांड एंबेसडर बन रहे हैं। समय हर किसी को अपने जीवनकाल में एक सुनहरा मौका जरूर देता है। भारत के युवाओं के लिए वह सुनहरा मौका अभी अमृतकाल के रूप में है। आज आपके पास मौका है इतिहास बनाने का, इतिहास में अपना नाम दर्ज कराने का। आप ऐसा काम करिए कि अगली शताब्दी में उस वक्त की पीढ़ी आपको याद करे। आप अपने नाम को भारत और पूरी दुनिया के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में लिख सकते हैं।

### युवाओं को खुला आसमां दें, चुनौतियों को दूर करें

पीएम मोदी ने कहा कि इसलिए मैं आपको 21वीं सदी के भारत की सबसे सौभाग्यशाली पीढ़ी मानता हूं। उन्होंने कहा कि मैं जानता हूं कि आप ये कर सकते हैं। भारत के युवा ये लक्ष्य हासिल कर सकते हैं। मेरा सबसे ज्यादा भरोसा आप सभी पर, भारत के युवाओं पर है। पीएम ने कहा कि हमारी सरकार को अब 10 साल हो रहे हैं। इन 10 वर्षों में हमने पूरा प्रयास किया है कि युवाओं को खुला आसमान दें और उनके सामने आने वाली हर रुकावट को दूर करें।

### स्वच्छता अभियान चलाने का किया आग्रह

पीएम ने देशवासियों से अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के उद्घाटन से पहले तमाम मंदिरों और तीर्थस्थलों में स्वच्छता अभियान चलाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि मैंने आह्वान किया था कि 22 जनवरी तक हम सभी देश के तीर्थ स्थानों की, मंदिरों की साफ-सफाई करें, स्वच्छता का अभियान चलाएं। मैं देशवासियों से अपना आग्रह फिर दोहराऊंगा कि राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर के निमित्त देश के सभी मंदिरों, तीर्थ क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाएं। अपना श्रमदान करें।

---

**पश्चिम बंगाल में ईडी की कार्रवाई**





# ममता के मंत्री-विधायक के ठिकानों पर ईडी की दबिश

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार में मंत्री और तृणमूल कांग्रेस के नेता सुजीत बोस पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ी कार्रवाई की। केंद्रीय जांच एजेंसी उनके कोलकाता स्थित ठिकानों पर छापेमारी की कार्रवाई की।

इसके अलावा पार्टी के दो और नेता के यहां भी सुबह-सुबह ईडी ने दबिश दी है। तृणमूल विधायक तपस रॉय और नेता सुबोध चक्रवर्ती के घर भी केंद्रीय एजेंसी ने छापेमारी की। यह कार्रवाई कथित नगर पालिका नौकरी घोटाले के सिलसिले में की जा रही है।

**इन पर कसा शिकंजा**

बताया जा रहा है कि ईडी ने नगर निकायों में भर्तियों में अनियमितता मामले की जांच को लेकर शुक्रवार सुबह पश्चिम बंगाल के अग्निशमन और आपातकालीन सेवा मंत्री सुजीत बोस, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) विधायक तापस रॉय और उत्तरी दमदम नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष सुबोध चक्रवर्ती के आवासों पर कई छापे मारे।

### सुजीत तापस के यहां भी तलाशी ली

मामले से जुड़े लोगों ने बताया कि ईडी के अधिकारियों ने केंद्रीय बलों के साथ शुक्रवार सुबह उत्तर 24 परगना जिले के लेक टाउन इलाके में सुजीत बोस के दो आवासों पर छापे मारे। इसके अलावा तापस रॉय के 'बीबी गांगुली स्ट्रीट' स्थित आवास और बिराती स्थित सुबोध चक्रवर्ती के आवास पर भी तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

### टीएमसी ने इसे बताया राजनीतिक प्रतिशोध

ईडी की छापेमारी पर पश्चिम बंगाल के मंत्री और टीएमसी नेता शशि पांजा ने कहा कि पार्टी के बयान का इंतजार करें, लेकिन यह पानी की तरह साफ है कि इसके पीछे राजनीतिक प्रतिशोध है। ऐसी गतिविधियां हमें परेशान करने के लिए ही की जा रही हैं।

---

**हाईकोर्ट ने महाभारत का जिक्र कर दिया आदेश**

# पिता ही तुम्हारे भगवान, तुम्हें हर हाल में देना होगा गुजारा भत्ता

एजेंसी ▶▶ रांची



झारखंड हाई कोर्ट ने हाल ही में एक फैसले में आदेश दिया है कि बेटे को हर हाल में अपने बुजुर्ग पिता को गुजारे के लिए रकम देनी होगी।

हाई कोर्ट ने परिवार अदालत के उस फैसले पर मुहर लगाई, जिसमें बेटे को आदेश दिया गया था कि उसे अपने पिता को हर महीने 3,000 रुपए बतौर भरण-पोषण देने होंगे। इस फैसले कि खिलाफ मनोज नाम के शख्स ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

**वृद्ध पिता की सेवा करना बेटे का धर्म**

जस्टिस सुभाष चंद ने कहा, पिता के पास कुछ कृषि भूमि है, फिर भी वे उस पर खेती करने में लाचार हैं। वे अपने बड़े बेटे पर भी निर्भर हैं, जिसके साथ वे रहते हैं। पिता ने पूरी संपत्ति में अपने छोटे बेटे मनोज साव को बराबर-बराबर का हिस्सा दे दिया है, लेकिन भरण-पोषण नहीं किया जा रहा है।

**सीईसी-ईसी नियुक्ति मामला**

# नए कानून पर रोक लगाने से किया इंकार, नोटिस जारी



**नई दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्तियों के नए कानून को चुनौती देने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अहम फैसला सुनाया है।

कोर्ट ने नए कानून पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। जस्टिस संजीव खन्ना की दो सदस्यीय पीठ ने कहा कि इस कानून पर रोक नहीं लगा सकते, क्योंकि बिना कॉपी सर्विंग के (प्रतिपक्ष को सुने) कानून पर रोक नहीं लगाई जा सकती। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने ये भी कहा है कि नए कानून की न्यायिक समीक्षा की जाएगी। कोर्ट ने नए कानून को रोक लगाने संबंधी याचिका पर केंद्र सरकार और चुनाव आयोग को नोटिस भी जारी किया है। अगली सुनवाई अब अप्रैल में होगी। कोर्ट ने ये भी कहा कि हम सरकार से इस पर नोटिस जारी कर जवाब तलब कर रहे हैं।

# दिल्ली वाली सर्दी! 3.8 पर पारा



**आईजीआई की दृश्यता हुई जीरो**

*नई दिल्ली। कड़ाके की ठंड के बीच शुक्रवार को दिल्ली में सुबह के तापमान में खासी गिरावट दर्ज दर्ज की गई। सर्दियों के इस सीजन में पहली बार न्यूनतम तापमान 3.8 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। कोहरा भी इस सीजन का सबसे घना देखने को मिला। आईजीआई एयरपोर्ट पर दृश्यता जीरो तक पहुंच गई। रनवे विजुअल रेंज 125 से 200 मीटर रह गई। दिन में भी ठिठुरन वाली ठंड रही। इसी तरह देश के कई राज्यों में सर्दी और कोहरा से लोग हलाकान हैं।*

---

**'इंडिया' गठबंधन की अहम बैठक आज होगी**

# नीतीश संयोजक तो खड़गे को अध्यक्ष बनाने की चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा के खिलाफ एकजुट हुए विपक्षी गठबंधन इंडिया की शनिवार को बैठक होगी। इस ऑनलाइन बैठक में बिहार के सीएम और जेडीयू के अध्यक्ष नीतीश कुमार को संयोजक बनाने की चर्चा है।

कांग्रेस चीफ मल्लिकार्जुन खड़गे को इंडिया गठबंधन का अध्यक्ष बनाया जा सकता है। नीतीश को संयोजक बनाए जाने को लेकर विपक्षी गठबंधन इंडिया में शामिल ज्यादातर दल सहमत हैं, लेकिन बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने कुछ नहीं कहा। इसी तरह सीएम अरविंद केजरीवाल के अलग सुर सुनाई दे रहे हैं।



**अब सपा ने दिया झटका!**

### कांग्रेस के साथ बैठक की रद्द

इंडिया गठबंधन को शुक्रवार को फिर एक झटका लगा है। सीटों के बंटवारे को लेकर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी की बैठक शुक्रवार को रद्द हो गई है। सपा का कहना है कि सीटों के बंटवारे पर कांग्रेस ने अपना होमवर्क नहीं किया था, इसीलिए शुक्रवार की मीटिंग कैंसिल हो गई है। यूपी के पार्टी नेतृत्व की तैयारी नहीं थी।

**मायावती बनेंगी हिस्सा...**

### पत्रकार से ही कर डाले सवाल

अखिलेश ने लखनऊ में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए मीडिया के कई सवालों के जवाब दिए। एक मीडिया कर्मी ने जब अखिलेश से बसपा सुप्रीमो मायावती के साथ गठबंधन को लेकर सवाल किया तो सपा प्रमुख मीडिया कर्मी पर झल्ला गए। अखिलेश ने मीडिया कर्मी से कहा कि आप भाजपा के लिए काम कर रहे हैं?

**न्योते पर कांग्रेसाध्यक्ष खड़गे ने कहा**

### आस्था रखने वाले तो कभी भी अयोध्या चले जाएंगे

कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने कहा है कि आस्था रखने वाले तो कभी भी अयोध्या जा सकते हैं। उनकी तरफ से ये बयान राम मंदिर कार्यक्रम में न जाने को लेकर दिया गया है। असल में कांग्रेस को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का न्योता दिया गया था, लेकिन कुछ दिन पहले ही पार्टी ने उस कार्यक्रम में जाने से मना कर दिया। पार्टी का तर्क रहा कि यह भाजपा-संघ का इवेंट है।

### भगवान के दर्शन के लिए बिचौलिए नहीं चाहिए: पवन खेड़ा



कांग्रेस ने दावा किया कि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम धार्मिक नहीं बल्कि पूरी तरह से राजनीतिक है। मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने भाजपा पर पलटवार करते हुए कहा कि भगवान राम के दर्शन के लिए किसी बिचौलिए की जरूरत नहीं है।

**टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड**



# गुजरात में टाटा का दूसरा प्लांट रोल-आउट हुई पहली गाड़ी

**साणंद।** टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड ने गुजरात के साणंद में अपने नए कारखाने से यात्री वाहनों का उत्पादन शुरू करने की घोषणा की है। इस दौरान कंपनी ने इस नए प्लांट से अपने पहले वाहन को रोल-आउट भी किया। यह प्लांट कंपनी ने पिछली 10 जनवरी को फोर्ड इंडिया से खरीदा था। 460 एकड़ में फैला यह टाटा मोटर्स का आईसीई इंजन और इलेक्ट्रिक वाहन बनाने वाला दूसरा प्लांट है। इसमें चार मुख्य शॉप हैं -स्टैम्पिंग, बॉडी कंस्ट्रक्शन, पेंट और फाइनल असेंबली शॉप। नया प्लांट अत्याधुनिक तकनीक और मशीनरी से लैस है।

# एप्पल से बड़ी कंपनी बनी माइक्रोसॉफ्ट, एआई में मारी बाजी, दोनों में चल रही टक्कर

**माइक्रोसॉफ्ट का मार्केट कैप 2.888 और एप्पल का 2.887 ट्रिलियन डॉलर हुआ**


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दुनिया की दो दिग्गज कंपनियों एप्पल और माइक्रोसॉफ्ट में बाजार में बादशाहत की नजदीकी जंग जारी है। दोनों कंपनियों का मार्केट कैप इतना आसपास आ गया है कि रोजाना दुनिया की सबसे मूल्यवान कंपनी बनने की लड़ाई चल रही है।

रोचक बात यह है कि अब एप्पल को पछाड़कर मामूली अंतर से माइक्रोसॉफ्ट दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी बन गई है। सॉफ्टवेयर निर्माता कंपनी माइक्रोसॉफ्ट की मार्केट कैप 2.888 और आईफोन निर्माता एप्पल का बाजार मूल्य 2.887 ट्रिलियन डॉलर हो गई है।

### माइक्रोसॉफ्ट दुनिया की सबसे मूल्यवान कंपनी

जानकारी के मुताबिक, गुरुवार के यह आंकड़े दर्शाते हैं कि भले ही यह अंतर न के बराबर हो लेकिन, माइक्रोसॉफ्ट अब दुनिया की सबसे मूल्यवान कंपनी है। साल 2021 के बाद ऐसा पहली बार हुआ है कि उसकी मार्केट कैप माइक्रोसॉफ्ट से नीचे चली गई है।



### एआई की बढ़ती डिमांड से हुआ फायदा

एप्पल के लिए 2024 की शुरुआत पिछले कुछ सालों में सबसे खराब हुई है। कंपनी मांग में आई कमी से परेशान है। माइक्रोसॉफ्ट के शेयर 1.5 फीसदी बढ़े हैं। कंपनी को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की बढ़ती डिमांड से फायदा पहुंचा है। माइक्रोसॉफ्ट ने अन्य कंपनियों के मुकाबले एआई के मामले में बाजी मार ली है। निवेशकों की रुचि कंपनी में और ज्यादा बढ़ती जा रही है।

### ट्रेड वॉर और हुआवे से मिल रहा कॉम्पिटीशन

एप्पल के शेयर जनवरी में लगभग 3.3 फीसदी फिसल चुके हैं। उधर, माइक्रोसॉफ्ट के शेयरों में 1.8 फीसदी का उछाल आया है। चीन जैसे बड़े मार्केट में एप्पल के सबसे लोकप्रिय प्रोडक्ट आईफोन की मांग में कमी दर्ज की गई है। अमेरिका और चीन के बीच जारी ट्रेड वॉर और हुआवे से मिल रहा तगड़ा कॉम्पीटिशन इसके लिए जिम्मेदार माना जा रहा है। हालांकि, एप्पल के सर्विस बिजनेस के भविष्य में और आगे बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है।

## खबर संक्षेप



### एसबीआई ने पर्यावरण अनुकूल सावधि जमा योजना शुरू की

**मुंबई।** सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने पर्यावरण अनुकूल परियोजनाओं के वित्तपोषण के लिए शुक्रवार को हरित रुपया सावधि जमा योजना शुरू की। बैंक ने कहा कि यह योजना प्रवासी भारतीयों (एनआरआई) सहित सभी व्यक्तियों के लिए खुली है। निवेशकों को तीन अलग-अलग अवधियों- 1,111 दिन, 1,777 दिन और 2,222 दिन को चुनने की सुविधा प्रदान करती है।

### विप्रो का शुद्ध लाभ 11.7 फीसदी घटा

**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी विप्रो का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर, 2023) में एकीकृत शुद्ध लाभ 11.74 प्रतिशत घटकर 2,694.2 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 3,052.9 करोड़ रुपये रहा था। विप्रो की एकीकृत आय भी समीक्षाधीन तिमाही में 4.4 प्रतिशत घटकर 22,205.1 करोड़ रुपये हो गई, जो बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 23,229 करोड़ रुपये थी।

### फर्स्ट सोलर ने तमिलनाडु संयंत्र पर किया निवेश

**नई दिल्ली।** अमेरिका की फर्स्ट सोलर ने तमिलनाडु में भारत का पहला एकीकृत सौर विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने में 70 करोड़ अमेरिकी डॉलर का निवेश किया है। तमिलनाडु में स्थित इस संयंत्र का बृहस्पतिवार को उद्घाटन किया गया। इसकी वार्षिक क्षमता 3.3 गीगावाट (एक गीगावाट बराबर 1,000 मेगावाट) है।

## टीसीएस व इंफोसिस के परिणाम से निवेशक उत्साहित

# आईटी शेयरों में बहार से नई ऊंचाई पर बाजार, सेंसेक्स 850 अंक उछला

**सेंसेक्स उछलकर 72,568.45 के नए शिखर पर हुआ बंद**

एजेंसी ▶▶ मुंबई

दिग्गज सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों टीसीएस एवं इन्फोसिस के बेहतर तिमाही नतीजों से उत्साहित घरेलू शेयर बाजारों में जमकर लिवाली होने से शुक्रवार को मानक सूचकांक सेंसेक्स करीब 850 अंक की छलांग लगाकर अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। निफ्टी भी नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ।

विश्लेषकों ने कहा कि डॉलर के मुकाबले रुपए में मजबूती और प्रौद्योगिकी, रियल्टी एवं तेल खंडों में तगड़ी खरीदारी होने से भी घरेलू बाजार में निवेशक धारणा को बल मिला। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 847.27 अंक यानी 1.18 प्रतिशत उछलकर 72,568.45 के नए शिखर पर बंद हुआ। निफ्टी भी 247.35 अंक चढ़कर 21,894.55 के उच्चतम स्तर पर बंद हुआ।

### आईटी क्षेत्र में सुधार के संकेत

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'दिग्गज आईटी कंपनियों की अगुवाई में भारतीय बाजार नई ऊंचाइयों पर पहुंच गए। वित्त वर्ष 2024-25 में बैंक एवं वित्तीय सेवा क्षेत्र के लिए बेहतर दृष्टिकोण होने से आईटी क्षेत्र में सुधार के संकेतों ने निवेशकों की धारणा पर सकारात्मक असर डाला।'

### टीसीएस करीब चार फीसदी चढ़ा

बाजार में तेजी की अगुवाई आईटी दिग्गज इन्फोसिस ने की और करीब आठ प्रतिशत की जोरदार छलांग लगाई। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही के नतीजे बाजार की उम्मीदों से कहीं बेहतर रहने से इसके शेयरों को लेकर तगड़ा रुझान देखा गया। देश की सबसे बड़ी सॉफ्टवेयर निर्यातक कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का भी शेयर तेजी के इस दौर में करीब चार प्रतिशत चढ़ गया।



### टेक महिंद्रा व विप्रो भी अच्छे बढ़े

इनके अलावा आईटी क्षेत्र की टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज एवं विप्रो के शेयर भी अच्छी बढ़त लेने में सफल रहे। बढ़त दर्ज करने वाले अन्य शेयरों में भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और लार्सन एंड टुब्रो भी शामिल थे।

### *इन्फोसिस के शेयर में आठ प्रतिशत की तेजी*

*सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी इन्फोसिस के शेयर में शुक्रवार को आठ प्रतिशत का उछाल आया। इसके साथ कंपनी का बाजार मूल्यांकन 48,652.73 करोड़ रुपए बढ़ गया। कंपनी का तीसरी तिमाही का परिणाम बाजार की उम्मीद के अनुरूप होने से शेयर चढ़ा है। कंपनी का शेयर बीएसई पर मजबूत शुरुआत के बाद 7.84 प्रतिशत चढ़कर 1,612.20 रुपये प्रति शेयर पर बंद हुआ।*

### बजाज फिनसर्व में रही तेजी

दूसरी तरफ बजाज फिनसर्व, पावर ग्रिड, अल्ट्राटेक सीमेंट और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में गिरावट का रुख रहा। बीएसई का सूचना प्रौद्योगिकी सूचकांक 5.06 प्रतिशत उछला जो क्षेत्रवार सूचकांकों में सर्वाधिक है। प्रौद्योगिकी खंड में भी 4.40 प्रतिशत की तेजी आई।

### ब्रिटेन के नए आंकड़े से यूरोपीय बाजार में तेजी

एचडीएफसी सिक्योरिटीज में खुदरा अनुसंधान प्रमुख दीपक जसानी ने कहा, 'निफ्टी रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ और अपनी तेजी का सिलसिला जारी रखा। ब्रिटेन के नए आर्थिक आंकड़े आने के बाद यूरोपीय बाजार में बढ़त देखी गई। हालांकि पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच तेल की कीमतों में उछाल रही।'

### एशियाई बाजार में मिलाजुला रुख

एशिया के अन्य बाजारों में जापान का सूचकांक निक्की बढ़त में रहा जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग के हैंगसेंग निचले स्तर पर बंद हुए। यूरोपीय बाजार सकारात्मक दायरे में कारोबार कर रहे थे। अमेरिका में ज्यादातर बाजार बृहस्पतिवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे।

### रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का जयपुर दौरा

**नई दिल्ली।** जयपुर स्टेशन के पुनर्विकास कार्य एवं सांगानेर स्टेशन का किया निरीक्षण मांगानेर स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना में विकसित करने की घोषणा की अश्विनी वैष्णव, माननीय रेल, संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री, भारत सरकार एक दिवसीय दौरा कार्यक्रम में जयपुर पहुंचे। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार दौरा कार्यक्रम में माननीय मंत्री जी प्रातः 09.00 बजे 717 करोड़ रुपए की लागत से किए जा रहे जयपुर स्टेशन के पुनर्विकास कार्य कि प्रगति की समीक्षा की एवं कार्य पर संतोष व्यक्त किया तथा उपस्थित अधिकारियों को पुनर्विकास कार्य को समय सीमा में पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। जयपुर स्टेशन द्वितीय प्रवेश द्वार पर प्रेस एवं मीडिया प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए माननीय मंत्री जी ने बताया कि सरकार रेलवे एवं रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प करने के लिए कृतसंकल्प है। स्टेशनों को विश्व स्तरीय बनाने के क्रम में उत्तर पश्चिम रेलवे पर 09 स्टेशनों को विकसित किया जा रहा है। इन स्टेशनों पर अंडरग्राउंड पार्किंग, लिफ्ट, एस्केलेटर, आगमन प्रस्थान की अलग व्यवस्था, सभी यात्री सुविधाओं सहित स्थानीय लोक संस्कृति को ध्यान में रखते हुए हेरिटेज लुक दिया जाएगा।

### टाटा मेटालिक्स को मूल कंपनी में विलय की मंजूरी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने टाटा मेटालिक्स लिमिटेड को उसकी मूल कंपनी टाटा स्टील में विलय की मंजूरी दे दी है।

**PUBLIC NOTICE**

I, Gaurav S/o Sh. Ashok Goswami R/o 19, Madhavarpur, Jalalpur, Ambedkar Nagar, Uttar Pradesh - 224149, have purchased a property bearing unit no. R0200J22704/FLAT # 2704, Phase 2, Eco Village 2 Plot No. GH01, Sector 16B, Noida 201303. I have lost the original allotment letter of the above said property. I have requested, to issue the duplicate allotment letter of the said property, if anybody or financial Institutions have objection, he/she may contact to M/s Suprtech Limited office Plot no-C-2, Sector 96, Noida 201303 UP, Within Fifteen Day.

**सार्वजनिक सूचना**

**पहचान पत्र का खो जाना**

यह आम जनता के ध्यान में लाना है कि आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड द्वारा जारी मोहम्मद इमरान अंसारी का एक आईडी कार्ड। आईडी कार्ड नं. 2304565,12.01.2024 को लापता और/या खो गया पाया गया है। जो कोई भी उक्त आईडी कार्ड पाता है, उससे अनुरोध है कि उक्त आईडी कार्ड प्रबंधक ऋण सेवा एवं प्रबंधन समूह, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, को वापस कर दें।

इसलिए, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के सभी ग्राहकों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त आईडी कार्ड नंबर 2304565 धारण करने वाले किसी भी अनधिकृत व्यक्ति को कोई भुगतान न करें।

कृपया आगे ध्यान दें कि उक्त आईडी कार्ड रखने वाले किसी भी व्यक्ति को भुगतान करने वाला कोई भी व्यक्ति अपनी लागत, जोखिम और जोखिम पर ऐसा करेगा और आईसीआईसीआई बैंक किसी भी भुगतान के लिए बाध्य और/या जिम्मेदार नहीं होगा।

**आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के लिए**
**तारीख:12.01.2024**
**स्थान:- एसडी टावर रोहिणी**
**सेक्टर 8 दिल्ली 110085**

# प्रतियोगिता दर्पण का फरवरी अंक बाजार में उपलब्ध

आगरा। संघ व राज्य लोक सेवा आयोग एवं अन्य आगामी प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु प्रतियोगिता दर्पण का अत्यन्त महत्वपूर्ण 'फरवरी 2024' अंक आकर्षक, रंगीन कैलेण्डर के साथ आज बिक्री के लिए जारी किया गया। इस अवसर पर समूह के संपादक एवं प्रकाशक राहुल जैन ने बताया कि परीक्षोपयोगी सामग्री से परिपूर्ण इस अंक को सिविल सेवा परीक्षा के लिए विशेष अध्ययन सामग्री से परिपूर्ण किया गया है। जैन ने बताया कि इस अंक में सामयिक एवं महत्वपूर्ण विषयों पर उत्कृष्ट लेख के साथ-साथ अत्यन्त महत्वपूर्ण हल प्रश्न-पत्र जैसे उ.प्र. पी.सी.एस. (मुख्य), यूजीसी-नेट/जे.आर.एफ. आदि के साथ-साथ सिविल सेवा (प्रा.) परीक्षा, छत्तीसगढ़ पीएससी राज्य सेवा (प्रा.) एवं हरियाणा सिविल सेवा परीक्षा के मॉडल हल दिये गये हैं जिनके अध्ययन से परीक्षार्थियों को सफलता प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। साथ ही युवा प्रतिभाओं के अन्तर्गत विभिन्न परीक्षाओं के टॉपर्स से भेंटवार्ता द्वारा प्रतियोगियों को साक्षात्कार एवं परीक्षाओं की तैयारी के सम्बन्ध में उपयोगी मार्गदर्शन प्राप्त होगा। अन्त में जैन ने बताया कि सर्वश्रेष्ठ अध्ययन सामग्री से परिपूर्ण यह अंक परीक्षार्थियों में न केवल आत्मविश्वास जागरित करेगा अपितु परीक्षाओं में सफलता प्रदान कर कामयाबी के उच्च शिखर पर भी पहुंचाएगा।

# औद्योगिक उत्पादन नवंबर में आठ महीनों के निचले स्तर पर खिसका

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश का औद्योगिक उत्पादन नवंबर में विनिर्माण क्षेत्र के खराब प्रदर्शन की वजह से घटकर आठ महीनों के निचले स्तर 2.4 प्रतिशत पर आ गया। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के संदर्भ में मापी गई औद्योगिक उत्पादन वृद्धि नवंबर



2022 में 7.6 प्रतिशत रही थी। आईआईपी वृद्धि का पिछला निचला स्तर मार्च, 2023 में 1.9 प्रतिशत रहा था। इस तरह नवंबर में 2.4 प्रतिशत की वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष में औद्योगिक उत्पादन की अब तक की सबसे कम वृद्धि है। चालू वित्त वर्ष के पहले आठ महीनों (अप्रैल-नवंबर) में औद्योगिक उत्पादन की कुल वृद्धि दर 6.4 प्रतिशत रही है जो एक साल पहले की समान अवधि के 5.6 प्रतिशत से अधिक है। एनएसओ ने अक्टूबर महीने के लिए आईआईपी को संशोधित कर 11.6 प्रतिशत कर दिया है जो पिछले महीने जारी अस्थायी अनुमान में 11.7 प्रतिशत था।



**उत्तर रेलवे**

टेंडर नोटिस सं. Inj. Medicines दिनांक: 12.01.2024

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र.सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 82248838 | टेरिपैराटाइड इंजेक्शन 250 एमसीजी प्रति एमएल 3 एमएल कार्ट्रिज डिलीवरी पेन डिवाइस प्रति पीएफएस के साथ | 2802 Nos. | 08.02.2024 |

निविदा शर्तें:– 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी। 152/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr. P. C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **तरुण उर्फ सागर उर्फ पवन उर्फ सोनू पुत्र महेंद्र सिंह,** निवासी C-4/499, सुल्तानपुरी, दिल्ली ने **FIR No. 381/19 U/s 25 Arms Act.,** के अंतर्गत थानाः **नॉर्थ रोहिणी,** दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **तरुण उर्फ सागर उर्फ पवन उर्फ सोनू** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **तरुण उर्फ सागर उर्फ पवन उर्फ सोनू** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 381/19 U/s 25 Arms Act.,** थानाः **नॉर्थ रोहिणी,** दिल्ली के उक्त अभियुक्त **तरुण उर्फ सागर उर्फ पवन उर्फ सोनू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **16.02.2024** को या इससे पहले हाजिर हो। **आदेशानुसार**

दीपाली श्रीवास्तव, MM,
DP/419/RD/2024 कोर्ट नंबर 107, 1st फ्लोर रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

## राशिफल

**मेष** – वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में लाभ के अवसर बढ़ेंगे।

**वृष** – आशा–निराशा के भाव रहेंगे। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** – आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। खर्चों की अधिकता रहेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** – मन में उतार–चढ़ाव रहेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। सचेत रहें। कारोबार में परिश्रम भी अधिक रहेगा।

**सिंह** – आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कन्या** – पठन–पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों में मान–सम्मान की प्राप्ति होगी।

**तुला** – आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** – मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। शासन–सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग हैं।

**धनु** – व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। जीवनसाथी से मतभेद हो सकते हैं।

**मकर** – मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

**कुंभ** – स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। कुछ कठिनाइयां भी आ सकती है।

**मीन** – शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। खर्चों की अधिकता रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

## सूचना

**सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाइड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।**



*पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड ने टाटा मेमोरियल सेंटर होमी भाभा कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर (एचबीसीएचआरसी) के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए।*

### सोना 130 रुपये मजबूत, चांदी 300 रुपये फिसली




**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर बहुमूल्य धतुओं की कीमतों में उछाल आने के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोने का भाव 130 रुपये की तेजी के साथ 63,280 रुपये प्रति 10 ग्राम पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबार में सोना 63,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत 300 रुपये की गिरावट के साथ 76,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुआ। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने कहा, 'विदेशी बाजारों से संकेत लेते हुए दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमतें 130 रुपये बढ़कर 63,280 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गयी।'

**हरियाणा सरकार शुद्धिपत्र**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ / एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | 11/XEN/TS/SRS/2023-24 DATED 08.12.2023 ONLINE TENDER ID 2023_HBC_334807_1 | ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 19.01.2024 (13.00 बजे) तक बढ़ा दी गई, खुलने की तिथि 08.12.2023 (16.00 बजे)। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.–13/2024/40/24164/I/88/7 दि. 12.01.24

## शब्द पहेली - 5393



**बाएँ से दाएँ**
1.उपासना करना–6
5.अलमस्त, उत्साही–4
8. हरे रंग का–2
9.चाह,इच्छा–3
10.अधिकार,आरोप–2
11.निर्दय, हिंसक–4
12.आंदोलन–2
14.सज्जन,सभ्य–4
15.स्मृति,अविस्मरण–2
17.रूखा, रसहीन–3
19.गुप्तचर–4
21.संकट मोचक,नाविक–5
24.चुगली करना–5
27.नेता पथ प्रदर्शक–4
29.प्रेम,चाहत–3
31.एक ग्रह–2
32.अनर्गल प्रलाप–4
33.नौकर,सेवक–2
35.उद्विग्न,आतुर–4
36.श्रवणेंद्रिय–2
38.दीपक,दिया–3
39.बोलने के लिये कहना–2
40.एक मुस्लिम महीना–4
41.सहायता करना–3,3

**ऊपर से नीचे**
1.सहिष्णुता,उदारता–6
2.थोड़ा,कम–2
3.कपड़ों के टुकड़े–4
4.असफल–5
5.राजी करना–3
6.वजन,वायदा–2
7.अनाथ,बेवारिस–4
11.वैधव्य–4
13.राजा की पत्नी–2
16.टूटना–4
18.धावक (अंग्रेजी–3)
19.खबरी,खबर देने वाला–4
20.हमारा पड़ोसी देश–2
22.घूमना–3
23.पराजय–2
25.खतरनाक, खौफनाक–4
26.पसंद नहीं होना, अस्वीकृत–4,2
28.अशोक कुमार, मीना कुमारी, प्रदीप कुमार की फिल्म–5
29.हमले का जवाब देना,प्रतिशोध–4
30.कभी–2
32.जब्त,प्राप्त होना–4
34.मास्टर ब्लास्टर–3
37.भीगा हुआ–2
39.टैक्स,हाथ–2

**शब्द पहेली- 5392 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5403

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | 1 | 9 | | |
| | | | | | | 8 | 5 | |
| | | | 7 | 3 | | | | |
| | | | 3 | | | | 4 | 7 |
| 9 | | | | | | | | 2 |
| 8 | 5 | | | | 6 | | | |
| | | | | 5 | 8 | | | |
| | 7 | 4 | | | | | | |
| | | 6 | 2 | | | | | 5 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5402 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

## खबर संक्षेप

### हनुमा ने छोड़ी रणजी में आंध्र की कप्तानी



**मुंबई।** भारतीय खिलाड़ी हनुमा विहारी मौजूदा रणजी ट्राफी में आंध्र टीम की अगुआई नहीं करेंगे क्योंकि गुरुवार को वह कप्तानी से हट गए। शुक्रवार को आंध्र के ग्रुप बी मैच में मुंबई के खिलाफ रिकी भुई टीम की अगुआई कर रहे थे। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार विहारी का यह निजी फैसला थी और वह अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान लगाना चाहते थे। विहारी ने बंगाल के खिलाफ ड्रा रहे पहले मैच में 51 रन बनाए थे। विहारी ने 16 टेस्ट में भारत का प्रतिनिधित्व किया है जिसमें उन्होंने एक शतक और पांच अर्धशतक से 33.56 के औसत से 839 रन बनाए हैं।

### सेंटनर पहले टी20 मैच से बाहर

**ऑकलैंड।** न्यूजीलैंड के बाएं हाथ के स्पिनर मिचेल सेंटनर कोविड-19 जांच में पॉजिटिव पाए जाने के बाद शुक्रवार को यहां पाकिस्तान के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला के शुरुआती टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में नहीं खेल पाए। यह 31 साल का खिलाड़ी शुक्रवार सुबह जांच में वायरस से संक्रमित पाया गया।

## मलेशिया ओपन : लगातार दूसरे सेमीफाइनल में बनाई जगह

# सात्विक-चिराग की जोड़ी अंतिम-4 में पहुंची, अश्विनी और तनीषा बाहर

एजेंसी ▶▶| कुआलालंपुर

विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की अनुभवी भारतीय जोड़ी शुक्रवार को यहां मलेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट में चीन के रेन जियांग यू और हे जी टिंग की जोड़ी को सीधे गेम में हराकर लगातार दूसरे सेमीफाइनल में पहुंची। पिछले साल एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय जोड़ी ने मैच के दौरान शानदार तालमेल और नियंत्रण दिखाते हुए विश्व रैंकिंग में 32वें स्थान पर काबिज यू और टिंग की जोड़ी को महज 35 मिनट तक चले एकतरफा मुकाबले में 21-11, 21-8 से पराजित किया।

दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी को फाइनल में पहुंचने के लिए कोरिया के कांग मिन ह्युक तथा सियो सेउंग जे और मलेशिया की तीसरी वरीयता प्राप्त आरोन चिया तथा सोह



वूई यिक की जोड़ी के विजेता से भिड़ना होगा। अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो की जोड़ी को महिला युगल क्वार्टर फाइनल में जापान की रिन इवानागा और की नाकानिशी से सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। विश्व रैंकिंग में 24वें स्थान पर काबिज भारतीय जोड़ी हालांकि उस प्रदर्शन को जारी नहीं रख सकी और इवानागा तथा नाकानिशी की जोड़ी से 39 मिनट तक चले मैच को 15-21, 13-21 से हार गयी।

### तेज रैली से जीता मैच

सात्विक और चिराग के लिए बीता साल (2023) छह खिताबों के साथ शानदार रहा था उन्होंने उस लय को इस टूर्नामेंट में जारी रखा है। चीन की इस जोड़ी ने पिछले साल चाइना मास्टर्स में भारतीय जोड़ी को कड़ी टक्कर दी थी लेकिन सात्विक और चिराग की तेज रैली का उनके पास कोई जवाब नहीं था।

**सेट 1**

भारतीयों ने अपने नियंत्रण और खेल से चीन की जोड़ी को संभालने का कोई मौका नहीं दिया और शुरुआती गेम में 7-0 की बड़ी बढ़त बना ली। ब्रेक के समय सात्विक और चिराग 11-2 से आगे थे और पहला गेम जल्दी ही ख़त्म कर दिया। ब्रेक के समय भारतीय जोड़ी 11-2 से आगे थी। ब्रेक के बाद चीन की जोड़ी ने वापसी की कोशिश लेकिन चिराग और सात्विक के सामने उनकी एक ना चली।

**सेट 2**

भारतीयों ने छोर बदलने के बाद भी अपनी गति जारी रखी और ब्रेक तक 11-4 से आगे रहे। ब्रेक के बाद भारतीय जोड़ी को 2 मैच प्वाइंट मिले और उन्होंने दूसरे मौके पर ही इसे भुनाकर अंतिम चार में जगह पक्की की।

## ओलंपिक क्वालीफायर

# हॉकीः भारत का पहला मैच आज, अमेरिका देगा चुनौती



**रांची।** एशियाई खेलों में तीसरे स्थान पर रहने की निराशा से उबरते हुए भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच ओलंपिक क्वालीफायर में शनिवार को अमेरिका के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेगी। टीम की नजरें अपने मैदान पर खेलने का फायदा उठाते हुए पेरिस का टिकट कटाने पर लगी होंगी। मेजबान भारत, जर्मनी, चेक गणराज्य, इटली, जापान, अमेरिका, चिली और न्यूजीलैंड यहां पेरिस ओलंपिक क्वालीफायर में खेलेंगे। पेरिस ओलंपिक 26 जुलाई से 11 अगस्त के बीच खेले जाएंगे । दुनिया की पांचवें नंबर की टीम जर्मनी को सर्वोच्च रैंकिंग मिली है जबकि भारत छठे स्थान पर है।न्यूजीलैंड रैंकिंग में नौवे स्थान पर है जबकि जापान 11वें, चिली 14वें, अमेरिका 15वें, इटली 19वें और चेक गणराज्य 25वें स्थान पर है।

### ग्रुपवार टीमें

**पूल ए :** जर्मनी, जापान, चिली, चेक गणराज्य

**पूल बी :** भारत, न्यूजीलैंड, इटली, अमेरिका

### न्यूजीलैंड से मैच कल

अमेरिका के बाद भारत को 14 जनवरी को न्यूजीलैंड और 16 जनवरी को इटली से खेलना है। सेमीफाइनल 18 जनवरी को और फाइनल 19 जनवरी को होगा।

### 15 मैच मैच में 9 हारे

भारत और अमेरिका ने 1983 के बाद से एक दूसरे के खिलाफ 15 बार खेला है जिसमें से नौ बार अमेरिका ने जीत दर्ज की जबकि भारत चार ही बार जीत सका और दो मैच ड्रॉ रहे। रैंकिंग में नीचे होने के बावजूद अमेरिकी टीम खतरनाक साबित हो सकती है।



# एशियन गेम्स मेडलिस्ट शिवांश ने जीता 80 किलो भारवर्ग में स्वर्ण

■ ऑल इंडिया इंटर ताइक्वांडो चैंपियनशिप

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली/झुंझुनू

श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी झुंझुनू में अखिल भारतीय विश्वविद्यालय संघ द्वारा आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी ताइक्वांडो चैंपियनशिप के तीसरे दिन छह भारवर्गों में मुकाबले हुए। एशियन गेम्स के मेडलिस्ट शिवांश त्यागी ने 80 किलोग्राम भारवर्ग में पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ के सचिन को हराकर स्वर्ण पदक जीता। शुक्रवार को महिला व पुरूष श्रेणी में छह भारवर्ग में मुकाबले हुए। खेल आयोजन सचिव डॉ अरुण कुमार ने बताया कि 80 किलोग्राम भारवर्ग में श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी के खिलाड़ी एशियन गेम्स मेडलिस्ट शिवांश त्यागी ने स्वर्ण पदक, पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ के सचिन ने रजत पदक, एमएसजीयू बीकानेर के भानु प्रताप पुनिया व एसआरटीएमयू नांदेड़ ने कांस्य पदक जीता। इस भारवर्ग में स्वर्ण पदक जीतने वाले शिवांश त्यागी ने अपने पहले मुकाबले में एलपीयू फगवाड़ा के निहाल को, दूसरे मुकाबले में यूनिवर्सिटी ऑफ मुम्बई के आकाश जाधव को, तीसरे मुकाबले में कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी कुरुक्षेत्र के अभिषेक को, चौथे मुकाबले में एमएसजीयू बीकानेर के भानु प्रताप पुनिया को हराकर फाइनल में प्रवेश किया और फाइनल में पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ के सचिन को हराकर स्वर्ण पदक जीता। 87 किलोग्राम भारवर्ग में एमडीयू रोहतक के दुष्यंत ने स्वर्ण पदक व श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी झुंझुनू के रोबिन ने रजत पदक जीता। महिला श्रेणी के 73 किलोग्राम से कम भारवर्ग में एमडीयू रोहतक की ज्योति यादव ने स्वर्ण पदक, श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी झुंझुनू की प्रांजल माली ने रजत पदक, यूनिवर्सिटी ऑफ दिल्ली की अक्षिता बिष्ट व केबीसीएनएमयू यूनिवर्सिटी जलगांव की जगताप प्रेरणा ने कांस्य पदक जीता। 73 किलोग्राम से अधिक भारवर्ग में एसएनडीटी यूनिवर्सिटी मुम्बई की नम्रता तायड़े ने स्वर्ण पदक, एमडीयू रोहतक की अनीता ने रजत पदक, सम्बलपुर यूनिवर्सिटी की प्रियदर्शिनी व एसयू यूनिवर्सिटी कोल्हापुर की राठौड़ रेशमा रूपीसंग ने कांस्य पदक जीता। पुनसे टीम इवेंट में श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी ने स्वर्ण पदक, चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी मोहाली ने रजत पदक, सनराइज यूनिवर्सिटी अलवर व सुरेश ज्ञान विहार यूनिवर्सिटी जयपुर ने कांस्य पदक जीता।

# श्योराण को ओलंपिक क्वालीफायर में स्वर्ण, तोमर ने जीता रजत पदक


एजेंसी ▶▶| जकार्ता

भारतीय निशानेबाजों अखिल श्योराण और ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस में शुक्रवार को क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीते।

श्योराण ने 460.2 स्कोर करके आठ निशानेबाजों का फाइनल जीता। वहीं टोक्यो ओलंपिक खेल चुके तोमर 459.0 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहे। थाईलैंड के टी वोंगसुकदी ने कांस्य पदक मिला। श्योराण, तोमर और स्वप्निल कुसाले ने मिलकर टीम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। भारतीय टीम ने 1758 अंक हासिल किए। चीन 18 अंक पीछे दूसरे ओर दक्षिण कोरिया तीसरे स्थान पर रहा। व्यक्तिगत क्वालिफिकेशन में तोमर 588 अंक लेकर तीसरे और श्योराण 586 अंक के साथ छठे स्थान पर रहे। भारत के अब दस स्वर्ण, आठ रजत और छह कांस्य पदक हो गए हैं।



## अवनि को आस्ट्रेलियन गोल्फ में दूसरा स्थान



**मेलबर्न।** भारत की अवनि प्रशांत आस्ट्रेलियाई मास्टर्स आफ अमैच्योर्स गोल्फ चैंपियनशिप के चौथे और आखिरी दौर में तीन अंडर 70 के कार्ड के साथ दूसरे स्थान पर रही। फिलीपींस की रियाने मिखाएला मालिक्सी उनसे एक शॉट आगे रही। अवनि ने कुल छह अंडर 286 स्कोर किया जबकि मालिक्सी का स्कोर सात अंडर 285 रहा। जापान की निका इतो तीसरे और आस्ट्रेलिया की लियोन हिगो चौथे स्थान पर रही। अवनि पिछले साल इसी टूर्नामेंट में छठे स्थान पर रही थी।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

**ई-टेंडरिंग द्वारा निविदा आमंत्रण (ई-प्रोक्योरमेंट प्रणाली)**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | सहायक अधिशाषी अभियंता पुल लाइन/मुरादाबाद के क्षेत्राधिकार में सहारनपुर -मुरादाबाद खंड के पुल संख्या 1252 UP (10x22.40m) & DN (10x23.20M) व पुल संख्या 1259 UP (16X21.65m) & DN (16X21.65) पर साइड पाथवे का कार्य |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत | रु. 3,39,11,072.05 |
| 3 | धरोहर राशि | रु. 3,19,600.00 |
| 4 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 (छह) महीने |
| 5 | निविदा जमा करने व खुलने का समय | 05.02.2024 को 15:00 बजे तक। उसी दिन 15:00 बजे के बाद निविदा खोलना |
| 6 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा व्याख्या का देख व डाउनलोड किया जा सकता है | उपरोक्त निविदा आईआरईपीएस साइट अर्थात् www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। |

निविदा सूचना संख्या 32-W-BR-1252-1259-MB दिनांक 12.01.2024 161/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## शरत और साथियान पेश करेंगे चुनौती



**मापुसा।** अनुभवी टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंत शरत कमल और साथियान ज्ञानशेखरन देश के 39 अन्य टेनिस खिलाड़ियों के साथ आगामी डब्लूटीटी स्टार कंटेंडर के एकल क्वालीफायर में चुनौती पेश करेंगे। इस टूर्नामेंट का दूसरा सत्र 23 से 28 जनवरी तक यहां पेड्डेम इंडोर स्टेडियम में खेला जाएगा। भारत की शीर्ष विश्व रैंकिंग वाली खिलाड़ी मनिका बत्रा और हरमीत देसाई सहित देश के नौ खिलाड़ियों को सीधे मुख्य ड्रॉ में प्रवेश मिला है। क्वालीफाइंग दौर में भारत के 32 खिलाड़ियों को जगह मिली है जिससे कुल खिलाड़ियों की संख्या 41 हो गई है जो पिछले साल से एक अधिक है।

## हेलिकॉप्टर से एससीजी पर उतरे डेविड वॉर्नर



**सिडनी।** टेस्ट क्रिकेट से डेविड वॉर्नर के संन्यास का जश्न जारी है और यह आक्रामक बल्लेबाज बिग बैश लीग में सिडनी थंडर्स के लिए मैच खेलने हेलिकॉप्टर से एससीजी पर उतरे। हंटर वैली में अपने भाई की शादी से वॉर्नर सीधे हेलिकॉप्टर से आए जिस पर 'थैंक्स डेव' लिखा था। थंडर के तेज गेंदबाज गुरिंदर संधू ने ईएसपीएन क्रिकइन्फो से कहा, 'वह हमारे लिए खेलने के लिए काफी मेहनत कर रहा है।' वॉर्नर ने पिछले सप्ताह अपने घरेलू मैदान एससीजी पर आखिरी टेस्ट खेला जिसमें आस्ट्रेलिया ने जीत दर्ज की।


**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

निविदा संख्याः 43-क.वि.-नई दिल्ली-2023-24 दिनांक : 11.01.2024

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क.वि., डी.आर.एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | भाग-एः सीनियर डीईएन तृतीय के तहत एडीईएन/डीएलआई के खंड में शालीमार बाग से प्रवेश के लिए आदर्श नगर (किमी. 8907) में एफओबी के निर्माण के संबंध में 25 केवी एसी ओएचई संशोधन कार्य का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग। भाग-बीः एचएनजेडएम स्टेशन पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॅकिंग के साथ सिग्नलिंग गियर के प्रतिस्थापन के संबंध में 25 केवी/230 वी, 25 केवीए, सहायक ट्रांसफार्मर का प्रावधान। |
| 2 | अनुमानित लागत | रु. 65,04,213.11/- |
| 3 | बयाना राशि | रु. 1,30,100/- |
| 4 | ई-निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि | 29.01.2024 (00:00 बजे) से 12.02.2024 (15:00 बजे तक) |
| 5 | ई-निविदा समापन की अंतिम तथा ई-निविदा खुलने की तारीख और समय | 12.02.2024 (15:00 बजे) |
| 6 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |


ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 150/24


# आस्ट्रेलिया से होगा भारत का पहला फुटबॉल मैच

■ एशियन कप : भारतीय टीम 2011 और 2019 में ग्रुप चरण में हो गई थी बाहर

एजेंसी ▶▶| अल रेयान

भारत के लिए एएफसी एशियाई कप के नॉकआउट दौर में जगह बनाना मुश्किल लग रहा है लेकिन असंभव नहीं है और टीम यहां शुरुआती ग्रुप मैच में खिताब की दावेदारों में शुमार आस्ट्रेलिया से भिड़ेगी। भारतीय टीम पिछली दो बार 2011 और 2019 में भी ग्रुप चरण में बाहर हो गई थी। इस बार भी उसके सामने कठिन चुनौती होगी क्योंकि उसे ग्रुप बी में आस्ट्रेलिया, उज्बेकिस्तान और सीरिया के साथ रखा गया है। भारत की इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट के राउंड 16 में जगह बनाने की उम्मीद 23 जनवरी को सीरिया के खिलाफ मैच पर निर्भर करेगी क्योंकि आस्ट्रेलिया और उज्बेकिस्तान (18 जनवरी) कौशल के मामले से उससे काफी ऊपर हैं। सीरिया के खिलाफ जीत भारत को ग्रुप में तीसरे स्थान पर पहुंचा सकती है जिससे उसके पास नॉकआउट दौर में जगह बनाने का मौका बन सकता है क्योंकि प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें अगले दौर में पहुंचेंगी और साथ ही छह ग्रुप में से सर्वश्रेष्ठ तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम भी राउंड 16 नॉकआउट दौर में जगह बनायेंगी। मुख्य कोच इगोर स्टिमक और कप्तान सुनील छेत्री पहले ही संकेत दे चुके हैं कि आस्ट्रेलिया (25वीं रैंकिंग) और उज्बेकिस्तान (68वीं रैंकिंग) को हराना मुश्किल है, ये दोनों ग्रुप में शीर्ष दो स्थान हासिल करने की दावेदार हैं।



### नॉकआउट में जगह बनाना बड़ी उपलब्धि

भारत ने 2007 और 2009 नेहरू कप टूर्नामेंट में सीरिया को हराया हुआ है जिससे छेत्री की अगुआई वाली 102वीं रैंकिंग टीम को उम्मीद की किरण दिखती है। अगर भारत नॉकआउट में जगह बना लेता है तो यह देश के लिए और छेत्री के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि होगी जो अंतिम दफा इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में खेल रहे हैं। पांचवीं बार एशियाई कप में खेल रहा भारत 2019 में पिछले चरण में ऐसा करने के काफी करीब पहुंच गया था। छेत्री का यह तीसरा एशियाई कप है। 39 वर्ष का यह करिश्माई स्ट्राइकर 2011 और 2019 में इस टूर्नामेंट में खेला था और उन्होंने छह मैच में चार गोल दागे थे जो किसी भारतीय के इसमें सर्वाधिक गोल थे।


**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचायती राज फतेहाबाद | जल्लोपुर - गांव जल्लोपुर, ब्लॉक नागपुर, जिला फतेहाबाद में (जल्लोपुर बस स्टैंड (प्रवेश स्थल) पर खाड खाडा का निर्माण) + 8 कार्य। | 10.01.2024 19.01.2024 | 52.41 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1667230855 prexeeng.ftb@hry.nic.in |
| 2 | पंचायती राज कुरुक्षेत्र | कुरुक्षेत्र जिले के विभिन्न गांवों में मौजूदा इलैक्ट्रिक पोल पर एलईडी स्ट्रीट लाइट की स्थापना। | 10.01.2024 31.01.2024 | 164 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896224357 prexeeng.krk@hry.nic.in |
| 3 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | दो वर्ष की त्रुटि जिम्मेवारी अवधि सहित 55 मी. (वर्किंग हाईट) के टर्न टेबल लैडर प्लेटफॉर्म की आपूर्ति, डिलीवरी, माउंटिंग, परीक्षण और प्रचालन। | 12.01.2024 29.01.2024 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 supplies@hry.nic.in |
| 4 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | दो वर्ष की त्रुटि जिम्मेवारी अवधि सहित रेस्क्यू लैडर सहित 70 मीटर हाईट के एरियल लैडर प्लेटफॉर्म की आपूर्ति, डिलीवरी, माउंटिंग, परीक्षण और प्रचालन। | 12.01.2024 29.01.2024 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 supplies@hry.nic.in |
| 5 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | दो वर्ष की त्रुटि जिम्मेवारी अवधि सहित रेस्क्यू लैडर सहित 55 मीटर हाईट के एरियल लैडर प्लेटफॉर्म की आपूर्ति, डिलीवरी, माउंटिंग, परीक्षण और प्रचालन। | 12.01.2024 29.01.2024 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 supplies@hry.nic.in |
| 6 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | दो वर्ष की त्रुटि जिम्मेवारी अवधि सहित रेस्क्यू लैडर सहित 42 मीटर हाईट के एरियल लैडर प्लेटफॉर्म की आपूर्ति, डिलीवरी, माउंटिंग, परीक्षण और प्रचालन। | 12.01.2024 29.01.2024 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 supplies@hry.nic.in |
| 7 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | 151 स्पलिट एयर कंडीशनर की खरीद हेतु निविदा। | 12.01.2024 29.01.2024 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 supplies@hry.nic.in |
| 8 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | दो वर्ष की त्रुटि जिम्मेवारी अवधि सहित 90 मीटर हाईट के एरियल लैडर प्लेटफॉर्म की आपूर्ति, डिलीवरी, माउंटिंग, परीक्षण और प्रचालन। | 12.01.2024 29.01.2024 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 supplies@hry.nic.in |
| 9 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव रावलधी, ब्लॉक व जिला चरखी दादरी (जैडपी) में एससी (धानक) चौपाल का पुनरोद्धार (डी-प्लान) + 2 कार्य। | 09.01.2024 16.01.2024 | 10.15 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416479223 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 10 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव साहुवास, ब्लॉक व जिला चरखी दादरी (जैडपी) में बस क्यू शैल्टर का निर्माण + 4 कार्य। | 09.01.2024 16.01.2024 | 31.32 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416479223 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 11 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | जल सेवाएं यांत्रिकी मंडल, गोहाना में नांदल पम्प हाउस के लिए बाढ़ सुरक्षा कार्यों हेतु नये पम्प की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन + 10 अन्य कार्य। | बंद होने की तिथि 30.01.2024 | 934.07 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8901388296 rohtakxenmech@yahoo.com |
| 12 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रेवाड़ी | पम्प हाउस जेएफ-1 पर 2 अदद 125 सीएस पम्प (पी-10 और पी-14) की मरम्मत + 1 अन्य। | बंद होने की तिथि 22.01.2024 | ईएमडी 7000/- | https://etenders.hry.nic.in | 1274298963 xenmech@yahoo.com |
| 13 | पंचायती राज गोहाना, सोनीपत | 8. कथुरा ब्लॉक (ब्लॉक समिति) के सभी गांवों हेतु ओपन जिम उपकरण के प्रावधान व फिक्सिंग हेतु आकलन + 3 कार्य। | 10.01.2024 22.01.2024 | 46.98 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416051838 jitendersingh838@gmail.com |
| 14 | पंचायती राज मुंडलाना, सोनीपत | गांव मुंडलाना में प्रफुल्ल चक्की से अनाज मंडी तक नाला का निर्माण + 8 कार्य। | 11.01.2024 19.01.2024 | 79.39 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416050239 Kram8175@gmail.com |
| 15 | पंचायती राज पंचकूला | गांव नानकपुर में जसबीर के मकान से मंदीप के मकान तक / मेन रोड की तरफ द्रव कचरे हेतु ड्रेन / भूमिगत पाइप लाइन का निर्माण, गांव रामनगर में चारदिवारी और आर/वॉल का निर्माण, गांव रामनगर में खेल के मैदान की पेयजल टंकी का निर्माण और गांव शाहपुर ग्राम पंचायत शाहपुर, ब्लॉक पिंजौर, जिला पंचकूला में द्रव कचरे / ग्रे वाटर हेतु आरसीसी ह्यूम पाइप लाइन को बिछाना + 3 कार्य। | 09.01.2024 16.01.2024 | 37.80 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467807024 prexeeng.pkl@hry.nic.in |
| 16 | पंचायती राज ढांड, कैथल | गांव रावणहेरा में सामान्य (ब्रह्मानंद चौपाल) में हॉल का निर्माण + 2 कार्य। | 10.01.2024 17.01.2024 | 21.65 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416043370 sdoprdhand@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2024/320/24178/I/88/7 दि. 12.01.24


हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109




## 'आकाश मिसाइल' से आकाश में निशाना



### ओडिशा तट से आकाश मिसाइल का सफल परीक्षण

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की मिशन की सराहना

**चांदीपुर।** चांदीपुर से रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन ने शुक्रवार सुबह 10 बजकर 30 मिनट पर ओडिशा के तट पर एकीकृत परीक्षण रेंज से नई पीढ़ी की आकाश मिसाइल का सफल उड़ान परीक्षण किया। यह परीक्षण बहुत कम ऊंचाई पर किया गया।

आकाश-एनजी प्रणाली एक अत्याधुनिक मिसाइल प्रणाली है, जो उच्च गति, फुर्तीले हवाई खतरों से निपटने में सक्षम है। इस उड़ान-परीक्षण को डीआरडीओ, भारतीय वायु सेना, भारत डायनेमिक्स लिमिटेड और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी देखा है।

## विदेश मंत्री जयशंकर और अमेरिकी मंत्री ब्लिंकन से फोन पर चर्चा

# दोनों देश मिलकर लाल सागर में हूती विद्रोहियों की कोशिशें करेंगे नाकाम

एजेंसी ▶▶ न्यूयार्क

अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर के बीच लाल सागर में व्यापारिक जहाजों पर हूती विद्रोहियों के हमले, गाजा व यूक्रेन संघर्ष समेत कई मुद्दों पर सहयोग बढ़ाने को लेकर गुरुवार को चर्चा हुई है।

दोनों नेताओं ने टेलीफोन पर हुई चर्चा में दक्षिणी लाल सागर और अदन की खाड़ी में हूती के हमले पर चिंता जताई, जो क्षेत्र में जहाजों के स्वतंत्र संचालन के लिए खतरा बन गए हैं। इन हमलों के चलते इस मार्ग से अंतरराष्ट्रीय व्यापार में कमी आई है।

अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि लाल सागर दुनिया का एक प्रमुख जल मार्ग है जो अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए एक सुगम मार्ग रहा है। लेकिन हूती विद्रोहियों के हमले से इस मार्ग पर संकट आ गया है।

*अमेरिका ने लाल सागर में हुती विद्रोहियों के हमलों को लेकर भारत के साथ साझा चिंताओं पर चर्चा की।*



### हूती विद्रोही के निशाने पर जहाज

मिलर ने कहा कि ब्लिंकन और जयशंकर के बीच जहाजों की बेरोकटोक आवाजाही को सुरक्षित करने को लेकर एक उत्पादक चर्चा हुई है। दरअसल, गाजा युद्ध में इजराइल की कार्रवाई का बदला लेने के लिए हूती विद्रोही लाल सागर में व्यापारिक जहाजों को निशाना बना रहे हैं। वहीं, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि अमेरिकी विदेश मंत्री ब्लिंकन से चर्चा का केंद्र बिंदु समुद्री सुरक्षा की चुनौतियां थीं, खासतौर से लाल सागर में हाल के हमले को लेकर। उन्होंने गाजा समेत पश्चिम एशिया की स्थिति पर ब्लिंकन के विचारों की सराहना की।

### निर्यातकों के मार्जिन पर असर

*भारत दीर्घकालिक शिपिंग व्यवधानों के लिए तैयार रहना चाहिए। व्यापारी जहाजों पर ड्रोन और मिसाइलों के हमले से शिपिंग लागत और माल पहुंचाने में लगने वाले समय में बढ़ोत्तरी होती है। इससे निर्यातकों के मार्जिन पर असर पड़ता है। पश्चिम अफ्रीका, अमेरिका और भूमध्यसागरीय क्षेत्रों से कच्चे तेल के आयात में विविधता लाना आवश्यक है। भारत अपने समुद्री हितों की रक्षा के लिए कदम उठा सकता। हमलों के कारण, शिपर्स केप ऑफ गुड होप के माध्यम से खेप ले जा रहे हैं, जिस वजह से 20 दिनों की देरी हो रही है।*

### समुद्री लुटेरों की फिर बढ़ी सक्रियता

पिछले सप्ताह ही, लाल सागर में हूती विद्रोहियों के मालवाहक जहाजों हमले को लेकर विदेश मंत्रालय ने चिंता जाहिर की थी। समुद्री लुटेरों का फिर से सक्रिय होना एक चिंता का विषय बन गया है। गौरतलब है कि 2017 में अंतरराष्ट्रीय साझेदारी में कई देशों की नौसेना के विशेष अभियान ने इन लुटेरों का लगभग सफाया कर दिया था।

## 2040 तक होगा अपना स्वयं का स्पेस स्टेशन

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद



इंटरनेशनल स्पेस कॉन्फ्रेंस में इसरो के चेयरमैन एस. सोमनाथ ने कहा कि अंतरिक्ष क्षेत्र में प्रगति का उद्देश्य राष्ट्र की दीर्घकालिक समृद्धि है। हम मानव युक्त यान के जरिए मनुष्य को अंतरिक्ष में भेजने और वर्ष 2040 तक अपना स्वयं का स्पेस स्टेशन बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने आगे कहा कि हम प्रत्येक क्षेत्र में अंतरिक्ष विज्ञान को अपनाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। हम देश के विकास के लिए वैज्ञानिक पुल बनाने के लिए काम कर रहे हैं। इस अवसर पर गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल ने कहा कि गुजरात स्पेस सेक्टर (अंतरिक्ष क्षेत्र) के देश और दुनिया के हितधारकों के लिए मौके की जगह बन गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन और प्राधिकरण केंद्र (इन-स्पेस) के मुख्यालय की भेंट अहमदाबाद को दी है। यह संस्थान सिंगल विंडो, स्वतंत्र और स्वायत्त नोडल एजेंसी के रूप में काम कर रहा है, जिससे प्राइवेट स्पेस सेक्टर इकोनॉमी को बड़ा बल मिल रहा है। वहीं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि पहली 'मेड इन इंडिया' मेमोरी चिप का उत्पादन जल्द आने की उम्मीद है।







*नियम व शर्तें लागू। तस्वीर में दिखाया गया उत्पाद बाज़ार में उपलब्ध वास्तविक उत्पाद से भिन्न हो सकता है। उत्पाद में दिखाई गई एक्सेसरीज़ सामान्य उपकरण का हिस्सा नहीं हैं।

डाउन पेमेंट 5999* | न्यूनतम ब्याज दर @ 9.99%* | 100 पे 100* | बिना हाइपोथिकेशन* | 10% कैशबैक ₹5000* तक

डीलर की जानकारी के लिए 7230032200 पर WhatsApp या मिस्ड कॉल करें या QR Code को स्कैन करें
1. इयरफ़ोन कनेक्ट करें 2. QR Code स्कैन करें 3. वीडियो का आनंद लें
CLICK BOOK RELAX Honda 2Wheelers

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) – 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda2wheelersindia.com

**Honda Exclusive Authorized Dealerships: DELHI: SOUTH DELHI:** Malwa Honda (Lajpat Nagar) - 011-29840621/22, 9266802219; (Adchini) - 011-43073681, 8527996772/73; (Khanpur) - 011-29963627/28, 9266802221; (Saheen Bagh Jamia) - 011-26950016/17, 9266802220; (Dakshinpuri) - 9266802215; Pragnya Honda (Okhla) - 011-40581600, 9818856993; (Pul Pehladpur Badarpur) - 011-26366952, 9650028777; (Jaitpur) - 9818556993; Absolute Honda (Mahipalpur, NH-8) - 07947216270, 011-40470000, 9871600730, 9811625338, 9152462887; (RK Puram Sector 1) - 9871600734, 9871500735, 9069145268; Uday Honda (Adchini) - 9212355514, 9212355515; (Aya Nagar) - 9266135550; **WEST DELHI:** One Honda (Meenakshi Garden) - 9120100400, 8448071888; Punjabi Bagh - 8448080272; Excel Honda (Raja Garden) - 9811096676, 01145528400 / 8500; Shuban Sai Honda (Najafgarh) - 011-69651212, 9212385581/82; (Vikaspuri) - 8447527677, 8506999938/39, 8130988396; (Kakrola Mod) - 9212385537, 9212389007, 8506999936/37; (Vikas Nagar) - 9818826775; Dhingra Honda - (Peeragarhi) - 011-41400000, 9871200045, 9717455880; (Uttam Nagar) - 9717455884/85, 9717394588; (Nangloi) - 9871400045, 9717455883; (Kirari) - 9870200152; Excel Honda (Moti Nagar) - 011-47025801/02, 9999903295; (Mayapuri) - 011-49093930, 9811025879; (Raja Garden) - 011- 45528400/500, 9811096676; V.D. Honda (Mahavir Enclave) - 9650415522, 7042294777, 7042294776, 9212670292, 7291998261; (Dabri) - 9212670291; (Bijwasan) - 9599442118, 7290068240; (Rajapuri) 9212670215, 9910364903, 7290068239; (Kapashera) 7290068238, 9910014183; **CENTRAL DELHI:** Smooth Honda (Daryaganj) - 011-48119999, 8010209992, 9873069992; J.B. Honda (Jhande Walan) - 01143724442, 955500730; (Shastri Nagar) - 8882719494, 9999786767; **EAST DELHI:** Rajindra Honda (Shahdara) - 9310457400, 9310008240; (Dilshad Garden) - 011-22131205/06, 9818372386; (Bhajanpura) - 7042024650; (Ill Pusta) - 9560734814; Johripur (Shiv Vihar Metro Station) - 7840080191; Swarup Honda (Vikas Marg) - 011-41015710/11/12, 9810806600, 9810268204; (Mayur Vihar Ph-III) - 9717099729; (Pandav Nagar) - 9717099723; Celebrate Honda (Jagatpuri) - 011-45644444, 9821398522; (Jheel) - 9821398526, 8448131114; (Khichripur) - 9871481114; **NORTH DELHI:** Globus Honda (Azadpur) - 011-45561871, 8826993152, 8826993150; (Rani Bagh) - 8130093649, 8826993157; (Pitampura) - 8130093651, 8826993162; (Zakira) - 8130093650; (Burari) - 8130093648, 8826993156; (Jahangirpuri) - 8130093655; Rohini Honda (Sector 3) - 8882201000; (Rithala) - 8527479000; (Budh Vihar) - 8527724000; Santoshi Honda (Narela) - 8467085731/2/7, 8882493100/2; **BALLABGARH:** Kabir Honda - 9312655454; **GAUNCHI BALLABGARH:** Kabir Honda - 9599396896; **FARIDABAD:** Pick Up Honda - 9873875500; Regent Honda - 0129-4006142, 9899913146; Faridabad Honda - 9953547023, 8130515558; **GREATER FARIDABAD:** Pick up Honda - 9873820000; **GURUGRAM:** Big Swing Honda - 9212168811, 9355990083, 9773548811; Ganpati Honda - 0124-4630500, 9910894235; Yume Honda - 0124-4577444, 9818250011, 9560380444; Malwa Gurugram Honda - 8595521151, 9311980996; **KHANDSA ROAD GURUGRAM:** Malwa Gurugram Honda - 9289223507, 9289223502; **BADSHAHPUR GURUGRAM:** 9773548811; **PALAM VIHAR GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9910894234; **GURUGRAM RAILWAY ROAD:** Ganpati Honda - 0124-4423500, 9910894233; Yume Honda - 0124-4566999, 9650186777; **SEC- 52 GURUGRAM:** Yume Honda - 8130364222, 9266668820; **MANESAR:** Ganpati Honda - 9910894239; **PATAUDI:** Yume Honda - 8222840011; **GAUTAM BUDDHA NAGAR:** Parkash Honda - 0120-4796600, 9999806883; Pioneer One Honda - 4313333, 8130788666; Pioneer One Honda (Sec-58) - 8130968666; Pioneer One Honda (Noida City Center) - 0120-2480666, 8178506905; Parkash Honda (Bhangel) - 9971713314; P.S. Honda (Dadri) - 9811669969; Bhagat Honda (Jewar) - 9711716890; National Honda (Chapraula) - 9899828711; The Rainbow Honda (Shyam Nagar Mandi) - 8178274694; **GHAZIABAD:** JKM Leela Honda - 9999767614, 9311322400; Hindon Honda - 9910110017, 9910030484; Sangam Honda (Sahibabad) - 9311051166, 9911591166; Om Honda (Loni) - 9312254126; Hindon Honda (Modinagar) - 08449790925; Chauhan Honda (Muradnagar) - 9897088340; Sangam Honda (Khoda Colony) - 9540651166; **GREATER NOIDA:** Parkash Honda - 9971992604; Shanti Honda (Kulesra) - 8510000845; Khanna Honda (Surajpur) - 9810203519, 9717207234; **HODAL:** Mukund Honda - 8814003484; **PALWAL:** Parashar Honda - 7056573100, 7056574100; **SOHNA:** Sohna Honda - 9812872333, 9813156539; **BULANDSHAHR:** Shri Masha Honda - 281455, 09568519999; Shri Masha Honda (Sikandrabad) - 8477004028; Sri Ganga Honda (Anoopshahr) - 9719524751; KLA Honda (Khurja) - 9837098515, 9720088882; Agarwal Honda (Dibai) - 9412563721; Veer Honda (Shikarpur) - 7536810266; Shri Bhagirathi Honda (Jahagirabad) - 9927544326; Al Uzair Honda (Gulaothi) - 9997729105; **BAHADURGARH:** Shri Balaji Honda - 9896297567, 7404533495; **JHAJJAR:** Shree Shyam Honda - 9466511837, 8607200651; **ROHTAK:** Lohchab Honda - 8684888803, 8684888804; Shri Krishna Honda - 8930303243, 9896655630; **KALANAUR:** Kamakshi Honda - 9034655187; **SAMPLA:** Rama Honda - 8684840808, 8684840505; **GOHANA:** Shirin Honda - 8222999406, 8222999408; **SONEPAT:** Triumph Honda - 0130-2237002, 9254015907; **CHOTU RAM CHOWK(SONEPAT):** Triumph Honda - 9254015901; **GANNAUR:** Triumph Honda - 9254015908; **KHARKHODA:** Ashirwad Honda - 9017190979; **KUNDLI:** Triumph Honda - 9254015904; **BAHALGARH:** Triumph Honda - 9034015921.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda2wheelersindia.com**